KATI PATANG
LiFESTYLE

Date: 24th January 2025

To,

BSE Ltd
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
Dalal Street,
Mumbai -400001
Through: BSE Listing centre
Script Code: 531126

**Sub: Newspaper Publication – Notice in respect of information regarding the 02nd Extra Ordinary General Meeting of the Company to be held through Video Conferencing (VC) / Other Audio-Visual Means (OAVM)**

Dear Sir/Madam,

Pursuant to Regulation 30 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, and in compliance with Ministry of Corporate Affairs (MCA) General Circular No. 20/2020 dated 05th May, 2020, we hereby submit Newspaper Advertisement published on 21st January, 2025, inter- alia informing to Members w.r.t 02nd Extra-Ordinary General Meeting of the Members of the Company is scheduled to be held on Tuesday, 11th February, 2025 at 11.00 A.M. (1ST) through VC/OAVM.

Thanking You,

Yours Faithfully,

**For Kati Patang Lifestyle Limited**
**(formerly Known as VirtualSoft Systems Limited)**

MUKTA AHUJA Digitally signed by MUKTA AHUJA Date: 2025.01.24 13:26:59 +05'30'

**(Mukta Ahuja)**
**Company Secretary & Compliance Officer**



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक कार्यक्रम को रिबन काटकर उद्घाटन करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 19 अंक: 21 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

# ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर के दोषी को उम्रकैद

## ● घटना के 164वें दिन सजा; कोर्ट ने कहा- यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला नहीं

**फैसला**

**▶▶ ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के दोषी संजय रॉय को उम्रकैद (मरते दम तक जेल) की सजा सुनाई गई**



**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज-अस्पताल में 8-9 अगस्त की रात ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर के दोषी संजय रॉय को उम्रकैद (मरते दम तक जेल) की सजा सुनाई गई है। सियालदह कोर्ट के जज अनिर्बान दास ने सोमवार, दोपहर 2:45 बजे सजा सुनाते हुए कहा, 'यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर मामला नहीं है। मौत की सजा नहीं दी सकती।' कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार को निर्देश दिया कि वह पीड़ित परिवार को 17 लाख रुपए मुआवजा दे। हालांकि परिवार ने इसे लेने से इनकार कर दिया। फैसला सुनाने से पहले दोपहर 12:30 बजे कोर्ट ने दोषी संजय, सीबीआई और पीड़ित परिवार की बातें सुनीं। संजय से कहा- यह बताया जा चुका है कि तुम किन अपराधों के दोषी हो। कोर्ट ने 18 जनवरी को संजय को दोषी ठहराया था। घटना के 164वें दिन (20 जनवरी) सजा पर 160 पेज का फैसला सुनाया। सीबीआई और पीड़ित परिवार ने मौत की सजा मांगी थी।

संजय का परिवार बोला- भले ही फांसी हो। हम फैसले के खिलाफ अपील नहीं करेंगे। संजय की मां ने कहा कि मैं उस लड़की के मां-बाप का दुख समझती हूं, मेरी भी बेटियां हैं। उधर, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा, 'केस कोलकाता पुलिस से जबरन छीन लिया गया। अगर मामला उनके पास होता तो मौत की सजा तय होती।'

**कोर्ट रूम, सजा पर 3 पक्षों की दलील...**

**पीड़ित की फैमिली हाथ जोड़कर बोली-** मुआवजा नहीं चाहिए जज ने कहा कि पीड़ित की मौत ड्यूटी के दौरान अस्पताल में हुई थी। राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वो पीड़ित की फैमिली को मुआवजा दे। कोर्ट ने डॉक्टर की मौत के लिए 10 लाख और रेप के लिए 7 लाख मुआवजा तय किया। कोर्ट में मौजूद ट्रेनी डॉक्टर के माता-पिता ने हाथ जोड़कर कहा कि हमें मुआवजा नहीं, न्याय चाहिए। इस पर जज ने कहा- मैंने कानून के मुताबिक यह मुआवजा तय किया है। आप इसका इस्तेमाल चाहे जैसे कर सकते हैं। इस रकम को अपनी बेटी के रेप और मर्डर के मुआवजे के तौर पर मत देखिए।

**पीड़ित के पेरेंट्स बोले- फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट जाएंगे**

ट्रेनी डॉक्टर के माता-पिता ने कहा है कि वे दोषी संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के सेशन कोर्ट के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं।

### फैसले का आधार फोरेंसिक रिपोर्ट

**अदालत** ने घटनास्थल की फोरेंसिक रिपोर्ट को सजा का आधार बनाया, जिससे संजय रॉय के इस मामले में शामिल होने के सबूत मिले। घटनास्थल और पीड़ित डॉक्टर की बॉडी पर संजय का डीएनए मिला था। सियालदह कोर्ट में केस का ट्रायल 12 नवंबर 2024 को शुरू हुआ था, इसके 57 दिन बाद संजय को दोषी करार दिया गया। सियालदह कोर्ट में केस का ट्रायल 12 नवंबर 2024 को शुरू हुआ था, इसके 57 दिन बाद संजय को दोषी करार दिया गया।

# दिल्ली में भाजपा सरकार बनना तय: नायब सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली की जनता ने भाजपा के पक्ष में मन बना लिया है और आगामी 5 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने झूठ व सब्जबाग दिखाकर केवल अपने सपनों को पूरा करने वाली आप सरकार को बाहर का रास्ता दिखाने का निर्णय ले लिया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को पंचकूला में आयोजित बजट 2025-26 के लिए महिलाओं के साथ छठा पूर्व बजट परामर्श के उपरांत मीडिया से बातचीत कर रहे थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि उन्हें पूर्ण विश्वास है कि दिल्ली में पूर्ण बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने भ्रष्टाचार के मामले में कांग्रेस को भी पीछे छोड दिया। उन्होंने भ्रष्टाचार की सभी सीमाएं लांघ दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली की आप सरकार झूठ की बुनियाद पर खड़ी है जिसने पिछले 10 वर्षों में केवल अपने सपने पूरे करने का काम किया है।

**दावा**

**▶▶ आप सरकार झूठ की बुनियाद पर खड़ी है जिसने पिछले 10 वर्षों में केवल अपने सपने पूरे करने का काम किया**

# लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में एसपी से जवाब तलब

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने लखीमपुर खीरी के एसपी से पूछा है कि वो ये बताएं कि क्या लखीमपुर-खीरी हिंसा मामले के आरोपित आशीष मिश्रा ने गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने लखीमपुर खीरी के एसपी को चार हफ्ते में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। सुनवाई के दौरान आशीष मिश्रा की ओर से पेश वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ दवे ने पीड़ित पक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि याचिका केवल पब्लिसिटी के लिए दायर की गई है। उन्होंने कहा कि जिस दिन के आरोप लगाए गए हैं उस दिन आशीष मिश्रा लोकसभा सचिवालय में थे। उन्होंने कहा कि पीड़ित पक्ष ऐसे आरोप लगाने का आदि हो गया है तब पीड़ित पक्ष की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि गवाह का नाम सार्वजनिक होने की वजह से नहीं बताया जा रहा है। प्रशांत भूषण ने कहा कि वो गवाह की उस ऑडियो रिकॉर्डिंग को कोर्ट के सामने रखेंगे जिसमें उसे गवाही नहीं देने पर लालच देने की बात कही गई है। आशीष मिश्रा पर पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि आशीष गवाहों को धमका रहा है। कोर्ट ने 27 नवंबर 2024 को आशीष मिश्रा को उस पर लगे आरोप को लेकर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था।

# एनसीसी कैडेट विकसित भारत के सपने को साकार करें: रक्षा मंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एनसीसी कैडेटों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया और उन्हें भारत की संपत्ति बताया। सोमवार को दिल्ली कैंट में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर के अपने दौरे के दौरान कैडेटों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि कैडेट, चाहे वे किसी भी क्षेत्र में काम करते हों, एनसीसी द्वारा उनमें विकसित किए गए नेतृत्व, अनुशासन, महत्वाकांक्षा और देशभक्ति के गुणों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का संकल्प लिया है। वह स्वयं एक एनसीसी कैडेट रहे हैं। इसलिए, यदि किसी पूर्व एनसीसी कैडेट ने कोई सपना देखा है, तो उसे पूरा करना अन्य सभी कैडेटों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी बन जाती है। इसका अर्थ है 140 करोड़ भारतीयों की प्रगति, जो सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता के बावजूद एकता में रहते हैं। हमें अपने साथ-साथ समाज के लिए भी कुछ अच्छा करना चाहिए और जल्द ही भारत एक विकसित राष्ट्र बन जाएगा।उन्होंने कैडेटों की प्रतिबद्धता, अनुशासन और राष्ट्र के प्रति प्रेम की सराहना की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एक देश के रूप में भारत जो कुछ भी हासिल करने में सक्षम है, वह सभी की कड़ी मेहनत, खासकर युवाओं की बदौलत है। जब भी मैं एनसीसी कैडेटों से मिलता हूं, तो मुझे उनमें सिर्फ एक कैडेट नहीं दिखता।



भारतीय जनता पार्टी की सोमवार को मुख्यमंत्री आवास चंडीगढ़ में संगठनात्मक विषयों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया और संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा की उपस्थिति में पार्टी की आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई।

# उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता को मिली मंजूरी



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून।** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए धामी मंत्रिमंडल ने सोमवार को इसकी नियमावली को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह फैसला 2022 के विधानसभा चुनाव में जनता से किए गए वादों को पूरा करने की दिशा में उठाया गया बड़ा कदम है। सोमवार को सचिवालय में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में यूसीसी का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। हालांकि, निकाय चुनावों के चलते मंत्रिमंडल की ब्रीफिंग आयोजित नहीं हो सकी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारी सरकार ने जनता से जो भी वादा किया उसे पूरा किया है। हमने 2022 के विधानसभा चुनाव से पूर्व वादा किया था कि हम प्रदेश में समान नागरिक संहिता लेकर आएंगे।






**गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण हो, इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए: सीएम**

# प्रोजेक्ट्स में मैनपावर बढ़ाएं, काम में तेजी लाएं: मुख्यमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स में मैनपावर बढ़ाकर काम में तेजी लाई जाए। किसी भी परियोजना की गति सुस्त नहीं होनी चाहिए। हर परियोजना समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण हो, इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए। इसके साथ यह भी जरूरी है कि हर प्रोजेक्ट के लिए एक नोडल अधिकारी तय करते हुए उनसे साप्ताहिक प्रगति की ली जाए। हर प्रोजेक्ट की जिलाधिकारी या वरिष्ठ अधिकारी पंद्रह दिन पर समीक्षा करें, साथ ही परियोजनाओं की प्रगति को लेकर एक निश्चित अवधि पर जनप्रतिनिधियों के साथ भी बैठक की जाए। सीएम योगी को गोरखपुर के एनेक्सी भवन सभागार में जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। जीडीए, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, जल निगम, गीडा समेत विभिन्न विभागों की परियोजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा निर्माण कार्य को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के लिए एक नोडल अधिकारी को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी सौंपी जाए। नोडल अधिकारी हर सप्ताह की प्रगति की जानकारी जिलाधिकारीको उपलब्ध कराए। सभी परियोजनाओं की मॉनिटरिंग करने के लिए जनप्रतिनिधियों की भागीदारी भी होनी चाहिए। अधिकारी समय समय पर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उन्हें विकास कार्यों की प्रगति से अवगत कराएं, उनसे मिलने वाले सुझावों पर भी ध्यान दें।

जन समस्याओं के निस्तारण में लाएं तेजी मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारी नियमित और संवेदनशील ढंग से सुनवाई करे

**दिशा-निर्देश**

**▶▶ हर प्रोजेक्ट के लिए तय हों नोडल अधिकारी, सप्ताह में मिले प्रोग्रेस रिपोर्ट : मुख्यमंत्री**

# मरीजों की समस्याओं को लेकर राहुल ने नड्डा-आतिशी को लिखा पत्र



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर एम्स के बाहर कड़ाके की ठंड में फुटपाथ पर बैठे मरीजों व उनके परिवार वालों की दुर्दशा को उजागर किया है। उन्होंने इस समस्या के समाधान को लेकर नड्डा और आतिशी से तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। राहुल गांधी ने अभी हाल में एम्स का दौरा किया था। नड्डा को लिखे पत्र में राहुल ने एम्स में दिल्ली के बाहर से आए मरीजों और तीमारदारों की चिंताजनक स्थिति की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि एम्स के दौरे के दौरान सैकड़ों रोगियों और उनके परिवार वालों को कड़ाके की ठंड में फुटपाथ और मेट्रो में बैठे देखकर दुख हुआ।

# 12 साल की लड़की को ले गया होटल, 33 साल के दरिंदे ने लूटी अस्मत; मां बोली- वो बातों में...

**टीम एक्शन इंडिया**

**फरीदाबाद:** हरियाणा के फरीदाबाद स्थित सूरजकुंड थाना एरिया से 12 साल की नाबालिग को बहला-फुसला कर एक युवक अपने साथ गेस्ट हाउस ले गया और दुष्कर्म किया। आरोपी ने गेस्ट हाउस कर्मचारी से मिलीभगत कर वहां के रजिस्टर में एंट्री भी नहीं कराई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए दुष्कर्म के आरोपी प्रेमपाल के साथ ही गेस्ट हाउस कर्मचारी नेपाल के मूल निवासी धनबहादुर गुरुंग को गिरफ्तार कर लिया है।

**33 साल का आरोपी, 12 वर्ष की है पीड़िता:** पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 18 जनवरी को 12 साल की नाबालिग लड़की की मां ने सूरजकुंड थाना में शिकायत दी। जिसमें बताया गया कि 17 जनवरी को 33 साल का आरोपी प्रेमपाल उनकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसला कर सेक्टर-46 के गेस्ट हाउस में ले गया। वहां पर आरोपी प्रेमपाल ने रूम बुक कर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया। आरोप लगाया कि गेस्ट हाउस में नेपाली व्यक्ति था और उसने बगैर रजिस्टर में एंट्री किए ही होटल में उन्हें रूम दिया। सूरजकुंड थाना में पोक्सो एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की गई।

**सब्जी बेचता है प्रेमपाल:** मामले में कार्रवाई करते हुए सूरजकुंड थाना पुलिस ने आरोपी प्रेमपाल के अलावा गेस्ट हाउस के कर्मचारी 40 साल के धनबहादुर गुरुंग को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी प्रेमपाल यूपी बरेली का मूल निवासी है और यहां सेक्टर-46 एरिया में रहता है। आरोपी धनबहादुर गुरुंग नेपाल का मूल निवासी है और ये भी अब सेक्टर-46 एरिया में रहता है। प्रेमपाल से पूछताछ में पता चला कि वो सब्जी बेचता है। नाबालिग को वो बहला-फुसला कर स्कूटी पर बैठाकर अपने साथ गेस्ट हाउस ले गया था।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि आरोपी गेस्ट हाउस कर्मचारी को दुष्कर्म के आरोपी का सहयोग करने पर पोक्सो एक्ट की धारा 17 के तहत गिरफ्तार किया गया है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुहैल खान** पुत्र जफरुद्दीन निवासी 127, कटरा जमीन नगर, बस्ती, हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 332/20 धारा 392/411 भा.द.स., थाना हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सुहैल खान** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सुहैल खान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr.P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 332/20 धारा 392/411 भा.द.स., थाना हजरत निजामुद्दीन, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सुहैल खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **22.02.2025** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः श्री कार्तिक तापड़िया,
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03, (दक्षिण–पूर्व)
कमरा नं. 512,
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/876/SE/2025

## कार से घर के बाहर सो रहे पिल्ले को चार बार रौंदा



**बुलंदशहर :** बुलंदशहर में सोशल मीडिया पर एक वीडियो रविवार रात से वायरल हो रहा है। जिसमें कार चालक अपनी कार को एक पिल्ले पर चढ़ाता हुआ नजर आ रहा है। वीडियो वायरल होने पर अधिकारियों ने संज्ञान लिया। वीडियो देहात कोतवाली की गंगानगर कालोनी का है और आरोपी चालक एक सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी है। वीडियो देखकर लग रहा है कि कार को जानबूझ कर पिल्ले पर चार बार चढ़ाया गया है। हालांकि, पूछताछ में कार चालक ने अनभिज्ञता में ऐसा होने की बात कही है। सोशल मीडिया पर करीब 1.19 मिनट के वायरल वीडियो को कोतवाली देहात की गंगानगर कालोनी में रहने वाले सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी का बताया जा रहा है। सादा कपड़ों में दिखाई दे रहे पुलिसकर्मी ने अपनी कार से एक घर के सामने सड़क पर सो रहे एक-दो माह के पिल्ले को कुचल दिया। पुलिसकर्मी अपनी कार को दो बार आगे-पीछे करता है और दोनों ही बार पिल्ले के ऊपर कार का पहिया चढ़ता है। घायल पिल्ला कुछ सेकेंड तक तड़पने के बाद दम तोड़ देता है। इसके बाद पुलिसकर्मी आराम से कार को एक साइड में खड़ी करता है और अपने घर की तरफ चला जाता है। पुलिसकर्मी की यह करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो जाती है। कैमरे की यही फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म एक्स, व्हाट्सएप आदि सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद लोगों में गुस्सा नजर आ रहा है। एक्स पर लोगों के पुलिसकर्मी की करतूत पर गुस्सा जाहिर करते उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **प्रदीप,** पुत्र श्री मुनि राम निवासी- मकान नंबर 884, वार्ड नंबर 01, देवी नगर, गोहाना, जिला सोनीपत, हरियाणा ने **केस एफ आई आर नंबर 117/2020 धारा 406/420/120-बी भा.द.स थाना इकनोमिक ओफ्फेंस विंग** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप, केस एफ आई आर नंबर 117/2020 धारा 406/420/120-बी भा.द.स थाना इकनोमिक ओफ्फेंस विंग** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 05.03.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री दीपक कुमार-1**
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
पूर्वी जिला, कोर्ट नं 29
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/730/EOW/2025

## 'चारों का धुएं से घुटा दम...फिर आग में जिंदा जले'; बच्चों के शव फर्श तो यहां मिली महिला की लाश

**लोनी/गाजियाबाद:** गाजियाबाद के लोनी कोतवाली इलाके के कंचन पार्क कॉलोनी में रविवार सुबह करीब छह बजे चार मंजिला मकान के तीसरे और चौथे तल पर शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। हादसे में जीशान (8), अयान (5), शान (11) और गुलबहार (30) की मौत हो गई।
वहीं, चार लागों ने पड़ोसी की छत से कूदकर अपनी जान बचाई। दमकलकर्मियों ने एक घंटे में आग पर काबू पाया और चारों शवों को बाहर निकाला।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **साजन,** पुत्र गोरख शाह, निवासी- मकान नं. एस-502 स्कूल ब्लॉक, शकरपुर, दिल्ली ने **सी टी नंबर 1131/20 धारा 138/142 एनआई अधिनियम थाना शकरपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साजन** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **साजन** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **साजन, सी टी नंबर 1131/20 धारा 138/142 एनआई अधिनियम थाना शकरपुर, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 26.02.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**श्री पी. भार्गव राव**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-05
पूर्व, जिला, कोर्ट नं 03
कड़कड़डूमा न्यायालय, दिल्ली

DP/15615/ED/2024

## नशीला पदार्थ रखने का आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी पर शिकंजा कसते हुए नशीला प्रदार्थ रखने के आरोपी को किया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला के कुशल मार्ग-दर्शन में एंटी नारकोटिक्स सैल की टीम ने नशीला पदार्थ रखने के आरोप में तेजपाल पाल पुत्र होरी लाल वासी अंजलि जिला बरेली यूपी को गिरफ्तार करके उसके कब्जा से 3 किलो 100 ग्राम अफीम बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि दिनाक 16 जनवरी को एंटी नारकोटिक्स सैल कुरुक्षेत्र के उप निरीक्षक राज पाल, मुख्य सिपाही सुनील कुमार, सिपाही दिनेश कुमार, एसपीओ संजय कुमार व गाड़ी चालक प्रदीप कुमार की टीम अपराध की तलाश मे पैराकिट रिसोर्ट मैरिज पैलेस गेट के पास मौजूद थी।

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सागर**, **पुत्र :** स्व. श्री चंद्र शेखर, **पताः** मकान नं. बी–41, जे.जे. कॉलोनी, इन्दरपुरी, दिल्ली ने मुकदमा **FIR No. 52/2016 U/S 379/411/34 IPC, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सागर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सागर** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि मुकदमा **FIR No. 52/2016 U/S 379/411/34 IPC, थानाः कश्मीरी गेट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सागर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री वैभव गर्ग
न्यायिक दंडाधिकारी, प्रथम श्रेणी–11
सेंट्रल, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/401/N/2025
(Court Matter)

## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि समय | अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि रूपये | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओटी-21/ 24-25 | दा वर्क फॉर काम्प्रीहेन्सिव ऐन्यूअल मेनटनन्स कान्ट्रैक्ट ऑफ0 आई0 पी एस ऑफ एम/एस एच0बी0एल0 मैक ओवर अंबाला डिविजन फॉर थ्री एयर्स | 10.02.2025 at 15.00 hrs | Rs. 10813205.52/- | Rs. 204100/- | 36 माह |

नोट :–
वरि0 मंडल सिग0 एवं टेली0 इंजी0/उ0रे0, डी0आर0एम0 ऑफिस, रेल बिहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारो से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दशार्यी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्केन प्रतिलिपि अपलोड करें।
3 टैन्डर डाकूमेंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लॉग ऑन करें।
4 निविदाकारों को ई–टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास-III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हे उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारो से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टेन्डर डाकूमेन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तो इत्यादि को टेन्डर डालने से पहले भली भांति पढ लें।
संख्याः– एस.डब्ल्यू./सिग/अंबाला/एन0आई0टी0–08/2024–25 दिनांकः 10.01.2025 207/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2024/आरएस (ई)/टीएम/1 नई दिल्ली, दिनांक : 16.01.2025

**शुद्धिपत्र संख्या 1**

विषयः 23 अदद 'मल्टी परपज टैम्पर (एम पी टी)' के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, परीक्षण और कमीशनिंग, भारतीय रेलवे कर्मचारियों के प्रशिक्षण और 3 साल की वारंटी एएमसी के साथ, के लिए दिनांक 24.01.2025 को बंद होने वाली ई–खुली वैश्विक निविदा सं. 2024-TM-1A
1. विषय निविदा बंद होने की नियत तिथि 24.01.2025 (शुक्रवार) से **17.03.2025 (सोमवार)** बदल दी गई है।
2. निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें समान रहेंगी।

निदेशक, रेल भंडार (एफ)
(रेलवे बोर्ड)

217/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्री भगवान पुत्रः** सीता राम **पताः** गांव डिडवारी, तहसील इसराना, पानीपत हरियाणा, ने **CT No. 6411/2019, U/s 138 NI ACT, थानाः के एन काटजू मार्ग दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री भगवान,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्री भगवान,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT No. 6411/2019 U/s 138 NI ACT, थानाः के एन काटजू मार्ग दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **श्री भगवान,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रूबी नीरज कुमार
एल.डी. सीजेएम नॉर्थ, कमरा नंबर 115
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/779/RD/2025
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी/84 भा.न.स.स.देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अंग्रेज,** पुत्र श्री जय करण, निवासी मकान नंबर 90, वीपीओ-नांगल खुर्द, हरिजन चौपाल के पास, सोनीपत, हरियाणा ने **सी टी नंबर 510/2020 धारा 138 एनआई अधिनियम थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है की किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह कह कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंग्रेज** मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **अंग्रेज** फ़रार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इस लिए इस के द्वारा उद्घोषणा कि जाती है कि उक्त अभियुक्त **अंग्रेज, सी टी नंबर 510/2020 धारा 138 एनआई अधिनियम थाना केएनके मार्ग, दिल्ली** न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 26.05.2025 को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
**सुश्री रूबी नीरज कुमार**
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
उत्तर, कोर्ट नंबर 115, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/778/RD/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **देशराज पुत्र धननाराम निवास मकान नं. 2278, द्वितीय तल, घंटा घर, सब्जी मंडी, दिल्ली, दूसरा पता वार्ड नं. 16, गली प्रजापथ, धर्मशाला, मंडी डबवाल, जिला सरसा, हरियाणा** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 74/2016, भा.द.सं. की धारा 279/338 के तहत, थाना मौरिस नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **देशराज** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **देशराज** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 74/2016, भा.द.सं. की धारा 279/338 के तहत, थाना मौरिस नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **देशराज** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.02.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री करणबीर सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-02, केंद्रीय जिला
कमरा नं. 26, तीस हजारी कोर्ट्स, दिल्ली

वि.पु./720/उत्तर/2025

## KATI PATANG LIFESTYLE LIMITED
(FORMERLY KNOWN AS
## VIRTUALSOFT SYSTEMS LTD.
Regd. Off. : S-101, Panchsheel Park, New Delhi-17

### NOTICE

Notice is hereby given that the 2ndEGM (Extra Ordinary General Meeting) financial year 2024-25 of the Company Kati Patang Lifestyle Limited (formerly known as VirtualSoft Systems Limited) is scheduled to be held on 11th February, 2025, Tuesday at 11.00 a.m. through Video Conference or Other Audio-Visual Means (OAVM). In compliance with general circular dated January, 13 2021 read with circulars dated April 8, 2020, April, 13 2020 andMay 5, 2020 and all other applicable laws and circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs (MCA), Government of India and Securities and Exchange Board of India (SEBI), to transact the businesses as set out in the Notice.
As per aforesaid circulars, the Notice of EGM along with the Notes has to be sent only by electronic mode to those Members whose E-mail Id are already registered with the Company/ Depositaries. The Company is also providing e-voting and remote e-voting facility to all its members similar to earlier practices.
If your email ID is already registered with the Company/ Depositary, Notice of EGM along with notes and login details for e-voting shall be sent to your registered email address. In case you have not registered your email ID with the Company/ Depositary, please follow below instructions to register your email ID

| | |
|---|---|
| **Physical Holding** | Send a request to Registrar and Share Transfer Agent of the Company, MAS Services Limited at info@masserv.com providing Folio number, Name of the shareholder, scanned copy of the share certificate (Front and Back), PAN (self-attested scanned copy of PAN Card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) for registering email address. |
| **Demat Holding** | Please contact your Depositary Participant (DP) and register your email address as per the process advised by DP. |

The Notice of EGM and notes will also be available on Company's website at **http://virtsoft.com/** and also on the Stock Exchanges websites at **www.bseindia.com** Members attending the meeting through VC/ OAVM shall be counted for the purpose of Quorum under Section 103 of the Companies Act, 2013.

Place: Delhi
Date: 20.01.2025

For Kati Patang Lifestyle Limited
Sd/-
(Mukta Ahuja)
Company Secretary& Compliance Officer

## आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई निविदा सूचना : एमसीएफ/आरबीएल /टेण्डर/शैल में सीबीसी का फिटमेंट/2024– 25 और 2025–26/ सी333डी दिनांक : 13.01.2025. आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है **कार्य का नाम** कार्य के दायरे के अनुसार शैल में सीबीसी का फिटमेंट । **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** 47,22,360.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹)** शून्य **अमानत राशि** ₹94,500.00 (₹चौरानबे हजार पांच सौ) मात्र । **कार्य की मात्रा**– 2900 शैल **कार्य समापन की अवधि** – 15 माह । **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय** – 05.02.2025 को 11:00 बजे । ● निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट- www.ireps.gov.in पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शैल

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर बोगी & व्हील, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई–निविदा– एमसीएफ/आरबीएल/स्ट्रैस रिलीविंग ऑफ इन–हाउस फेब्रिकेटेड बोगी फ्रेम कॉम्पोनेन्ट /2024–25/सी 654 दिनांक 16.01.2025. आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है – **कार्य का नाम** कार्यक्षेत्र के अनुसार बाहरी एजेंसी के माध्यम से इन– हाउस फेब्रिकेटेड बोगी फ्रेम कॉम्पोनेन्ट का स्ट्रैस रिलिविंग करने का कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत (₹)** 1,27,09,312.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹)** शून्य **अमानत राशि ₹** 2,13,600.00 (₹ दो लाख तेरह हजार छः सौ) मात्र। **कार्य की मात्रा**–400 बोगी फ्रेम i.e. 800 साइड फ्रेम और 800 ब्रेक बीम । **कार्य समापन की अवधि**– 12 माह । **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय**– दिनांक 07.02.2025 को 11:00 बजे ● निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट- www.ireps.gov.in पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर बोगी & व्हील

ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 74/ईटी/2024–25 दिनांकः 15.01.2025

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 12241169 | इमरजेंसी ब्रेक केवल बाक्स एनपीजेड 1–एस ओआर पैसेजर इमरजेंसी पाइलट वाल्व एंड कवरिंग | 14145 नग | 04/02/2025 |
| 02 | 04241370 | फेल्ट पैकेगिंग इन साइज 6X600X1800 एमएम | 10320 सेट | 05/02/2025 |
| 03 | 11251030 | किट ऑफ साइड वाल ऑफ एलडब्लूएस (इओजी) कोच | 340 सेट | 25/02/2025 |
| 04 | 11241271 | वन कोच सेट ऑफ साइड वाल असेम्बली एंड डोर कट आउट असेम्बली फॉर ट्रेन सेट एनडीटीसी / इसी3 कोचेज | 7 सेट | 06/02/2025 |
| 05 | 12241019बी | पिन ब्राकेट फॉर बोगी बॉडी कनेक्शन | 2147 नग | 06/02/2025 |
| 06 | 06241141 | सप्लाई ऑफ अधेशिव प्रोमोटिग पराइमर (इटीसीएच पराइमर) फॉर इन्टेरीयर एन्ड एक्सटेरियर ऑफ एलएचबी कोचेज | 150 सेट | 04/02/2025 |
| 07 | 12241531 | बोगी बोस्टर असेम्बली फॉर एअर स्प्रिंग टाइप फीएट बोगी | 2533 नग | 07/02/2025 |
| 08 | 01251014 | ऑस्टिनिटिक स्टील सीट साइज = 1.25 एमएम X1250एमएम X3520 एमएम | 170001 किग्रा | 12/02/2025 |
| 09 | 04241369 | फायर बेरिअर क्लोथ इन विड्थ ऑफ 1000 एमएम | 54960 मीटर | 05/02/2025 |
| 10 | 11251031 | किट ऑफ रूफ फॉर एलडब्लूएस (ए/डी) कोच इक्सेप्ट रूफ आर्च एंड रूफ सेटिंग आइटमस | 326 सेट | 25/02/2025 |

शुद्धि पत्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 68/ईटी/2024–25 दिनांक 18.12.2024 | टेंन्डर न. 12241063बी | निविदा खुलने की तिथि 16/01/2025 स्थान पर तिथि 28/01/2025 पढ़े। |

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in

उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/शैल

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े–लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जोकि ओमपति पत्नी सुरेंद्र निवासी गली नंबर 14, इंडियन कॉलोनी, बाला जी पेट्रोल पंप के सामने सोनीपत तहसील व जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरा पुत्र दीपक व उसकी पत्नी रीना मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते हैं। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करती हुँ। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# धीरपुर गांव: मुकेश गोयल की पदयात्रा में जनसैलाब देखकर हर कोई हैरान

## • पदयात्रा में मिल रहा अपार जनसमर्थन • अपनी ही पार्टी के विधायक और पार्षद को लिया आड़े हाथों







**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने अपने चुनाव प्रचार अभियान को और तेज कर दिया है। नुक्कड़ सभा, डोर-टू-डोर मीटिंग्स के अलावा जनसंपर्क अभियान के साथ ही व्यक्तिगत रूप से भी मुकेश गोयल लोगों का जनसमर्थन जुटा रहे हैं। इसी कड़ी में मुकेश गोयल ने धीरपुर गांव में पदयात्रा निकालकर लोगों से संपर्क किया और वोट की अपील की। अपने जनसंपर्क अभियान के तहत मुकेश गोयल ने धीरपुर गांववासियों को आम आदमी पार्टी की नीतियों से अवगत कराया और कहा कि जो भी वादे आपसे करूंगा, उनको चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद जरूर पूरा करवाऊँगा। मैंने आजतक जो कहा, वो हमेशा करके दिखाया है।

**विधायक और पार्षद को लिया आड़े हाथों:** मुकेश गोयल ने क्षेत्रीय विधायक पवन शर्मा और स्थानीय पार्षद नेहा अग्रवाल को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने बाकायदा नाम लेकर अपनी ही पार्टी के दोनों नेताओं पर कटाक्ष किया। मुकेश ने कहा कि इन दोनों की लापरवाही के कारण ही आज धीरपुर का ये हाल हुआ है। धीरपुर का बुरा हाल करने का श्रेय सिर्फ विधायक और उनके चेले को जाता है। पार्टी ने विधायक की टिकट सिर्फ इसलिए ही काटी है क्योंकि उनसे कोई काम नहीं करवाये थे। इलाके का बुरा हाल कर दिया था।

**मुकेश गोयल का हुआ भव्य अभिनंदन:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल जब पार्टी की नीतियों को लेकर धीरपुर गांव पहुंचे तो उनका क्षेत्रवासियों ने फूलमालाओं से उनका जोरदार स्वागत और अभिनंदन किया। आपको बता दें कि मुकेश गोयल पहले भी धीरपुर वार्ड में निगम पार्षद के तौर पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। यहीं कारण है कि धीरपुर गांव के लोगों ने जब अपने बीच मुकेश गोयल को देखा तो अपनी खुशी का इजहार किया। इस मौके पर मुकेश गोयल जिंदाबाद के गगनचुंबी नारे हर ओर सुनाई दे रहे थे। पूरा इलाका आम आदमी पार्टी के रंग में रंगा नजर आ रहा था।

**धीरपुर गांव के लोगों ने मुकेश गोयल के समक्ष रखी क्षेत्र की समस्याएं:** इस मौके पर मुकेश गोयल के समक्ष धीरपुर गांव के लोगों ने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। लोगों ने कहा कि क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, जिसका निवारण जरूरी है। मुकेश गोयल ने भी सभी की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद सभी समस्याओं का निवारण होगा।

**भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी की लिया आड़े हाथों :** सभा के दौरान मुकेश गोयल ने भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी को एक-एक करके आड़े हाथों लिया। इस दौरान मुकेश ने गोयल ने कहा कि भाजपाई सिर्फ वोटों की राजनीति करते हैं। जमीन धरातल पर इनके नेता बात नहीं करते। भाजपा पार्टी के नेता और पार्षद दिल्ली के किसी भी वार्ड और क्षेत्र में विकास कार्य नहीं किए। इस मौके पर मुकेश गोयल ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के पास न नेता है, न नीति। कांग्रेस के पास एक सही उम्मीदवार नहीं है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी जो भी वादे करती है उसे पूरा करती है। बिजली-पानी-महिलाओं को बस फ्री का वादा पूरा किया। आज दिल्ली में 24 घंटे बिजली निर्बाध रूप से आती है, ये सिर्फ केजरीवाल सरकार के कार्यकाल में हुआ है।






# जहांगीरपुरी जी ब्लॉक में कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल ने किया जनसंपर्क

## • अब खुलकर विरोधियों पर निशाना साधने लगे हैं शिवांक सिंघल • 'आप' प्रत्याशी मुकेश गोयल पर हमलावर हुए मंगत राम सिंघल





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: दिल्ली विधानसभा** चुनाव में विभिन्न पार्टियों के प्रत्याशी जनता के बीच अपनी मौजूदगी दर्ज करा रहे हैं। डोर-टू-डोर कैंपन, जनसंपर्क अभियान के साथ बैठकों का दौर चल रहा है। इसी कड़ी में आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी शिवांक सिंघल ने क्षेत्र में अपनी चुनावी गतिविधियां तेज कर दी हैं। कड़कड़ाती ठंड में दादा और कांग्रेस के दिग्गज नेता मंगत राम सिंघल के अनुभवों से लोगों के बीच जाकर अपनी बात रख रहे हैं। इस दौरान शिवांक सिंघल को जनता का भरपूर प्यार और आशीर्वाद मिल रहा है। क्षेत्रीय लोग फूल-मालाओं से शिवांक सिंघल का अभिनंदन कर रहे हैं।

**लोगों से घर-घर जाकर जनसंपर्क कर रहे शिवांक सिंघल :** कांग्रेस उम्मीदवार शिवांक सिंघल ने जी ब्लॉक में डोर-टू-डोर प्रचार के दौरान कहा कि कांग्रेस ही दिल्ली का विकास कर सकती है और कांग्रेस जो कहती है वो करके दिखाती है। क्षेत्र की जनता कांग्रेस की कार्यशैली से भली-भांति वाकिफ है। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन

### वादे पूरे करूंगा

**मैं आपसे वादा करता हूं कि आपके समक्ष मैं जो भी वादा करूंगा, उसको चुनाव जीतने के बाद उन्हें पूरा कराऊँगा: शिवांक**

से लेकर दिल्ली जल बोर्ड में भारी घोटाला हो रहा। शिवांक ने कहा कि कांग्रेस ने ही दिल्ली में विकास कार्य किए है। मैं आपसे वादा करता हूं कि आपके समक्ष मैं जो भी वादा करूंगा, उसको चुनाव जीतने के बाद उन्हें पूरा कराऊँगा। शिवांक सिंघल जनसंपर्क के दौरान लोगों की समस्याओं से वाकिफ हुए और आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं का निवारण जल्द ही किया जाएगा।

**केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में किए कई घोटाले, केजरीवाल जेल की खा चुके हैं हवा:** जनसंपर्क के दौरान पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने आम आदमी पार्टी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि दिल्ली की वर्तमान सरकार ने पिछले 12 वर्षों से दिल्ली में विकास कार्य के नाम पर सिर्फ जुमले दिए। आज दिल्ली की सभी व्यवस्थाएं चरमरा गई है। मंगत ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में दिल्ली में केजरीवाल सरकार ने सिर्फ घोटाले किए। घोटाले के नए लाईन लगा दी। शराब से लेकर शिक्षा क्रांति की दुहाई देने वाले केजरीवाल सरकार ने क्लासरूम बनवाने में घोटाला किया। आबकारी नीति घोटाला, स्कूल घोटला, दिल्ली जल बोर्ड में घोटाला और तो और अपने लिए 53 करोड़ का शीशमहल बनवाया। मंगत राम सिंघल ने कहा कि कांग्रेस ने शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री रहे और आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल को जेल भेजवाया। कांग्रेस ने आबकारी नीति पर सवाल उठाए था। दिल्लीवासियों को पीने का पानी नहीं मिल रहा। लोग खरीदकर पानी पीने को मजबूर हैं। केजरीवाल सिर्फ और सिर्फ भ्रामक बाते करते हैं। अब केजरीवाल घरों में नलों से पानी पहुंचाने के लिए और पांच साल मांग रहे हैं। पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने कहा कि दिल्ली की जनता इस बार दिल्ली की सत्ता से केजरीवाल एंड कंपनी को बेदखल करने के ठान लिया




# नारायणगढ़ में खोला जायेगा बागवानी महाविद्यालय: नायब सैनी

## मुख्यमंत्री ने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 43.28 करोड़ रुपये की लागत से किया 10 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला/नारायणगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा और खेल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए एक बागवानी कॉलेज की स्थापना और स्थानीय स्टेडियम में हॉकी एस्ट्रोटर्फ लगाने की घोषणा की। यह बागवानी कॉलेज महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल से संबद्ध होगा जिससे इस क्षेत्र के युवाओं को बागवानी के क्षेत्र में विश्व स्तरीय शिक्षा और शोध के अवसर मिलेंगे। उन्होंने बड़ागढ़ स्टेडियम में हॉकी एस्ट्रोटर्फ लगाने की घोषणा करते हुए कहा कि स्टेडियम में हॉकी खिलाडियों के लिए हाई-मास्ट लाइटें भी लगाई जाएंगी ताकि सांयकाल के बाद भी हमारे खिलाड़ी अभ्यास जारी रख सकें। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मंच पर पहुंचकर धरती को नमन किया और हलका वासियों का हाथ जोडकर अभिन्नदन किया। मुख्यमंत्री ने आज नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए ये घोषणाएं कीं। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा ह्यनारायण तालाबह्व की भौतिक रिपोर्ट जाँच कर इसे हरियाणा तालाब प्राधिकरण को देकर तालाब का जीर्णोद्धार और पुनरुद्धार सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने पतरहेड़ी से शहजादपुर-नारायणगढ़ तक सडक को चार लेन का बनाने की भी घोषणा की। स्थानीय बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए मुख्यमंत्री ने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी सडकों की मरम्मत और जीर्णोद्धार के लिए 10 करोड़ रुपये देने की भी घोषणा की। साथ ही, मार्केटिंग बोर्ड के तहत सडकों की मरम्मत के लिए अतिरिक्त 5 करोड़ रुपये की घोषणा की। इसके अलावा, उन्होंने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांवों के विकास के लिए 5 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि लगभग 45 गांवों में सामुदायिक केंद्रों का निर्माण पहले ही किया जा चुका है और आश्वासन दिया कि शेष गांवों में भी धीरे-धीरे इसी प्रकार सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

**किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए नारायणगढ़ में जल्द स्थापित होगी सहकारी चीनी मिल**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नारायणगढ़ में सहकारी चीनी मिल स्थापित करने की घोषणा पहले ही कर चुकी है।
किसानों की समस्याओं के मद्देनजर राज्य सरकार इस मामले पर सक्रियता से चर्चा कर रही है और मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक समिति गठित की है। मुख्य सचिव इस मामले पर व्यक्तिगत रूप से गंभीरता से नजर रख रहे हैं और इस सम्बन्ध में तीन बैठकें आयोजित हो चुकी हैं।
मुख्यमंत्री ने कहा कि या तो इसी वर्तमान मिल को सहकारी चीनी मिल के रूप में स्थापित किया जाएगा या फिर दूसरी सहकारी मिल स्थापित की जाएगी।





### नायब सिंह सैनी ने इन परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

नायब सिंह सैनी ने नारायणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 10 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया, जिनकी कुल लागत 43.28 करोड़ रुपये है। इनमें 22.23 करोड़ रुपये की 7 परियोजनाओं का उद्घाटन तथा 21.05 करोड़ रुपये की 3 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। उद्घाटन की गई परियोजनाओं में कई नई संपर्क सडकों के निर्माण के साथ-साथ मौजूदा सडकों का चौड़ाकरण व नवीनीकरण शामिल है। इसके अलावा, महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय, करनाल के अंतर्गत चांदसोली में क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान केंद्र का भी उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री ने नए बस स्टैंड के निर्माण, वर्कशॉप के नवीनीकरण, नारायणगढ़ की नई कॉलोनियों में पेयजल पाइपलाइन बिछाने तथा पेयजल वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण कार्यों की आधारशिला भी रखी।

**एक लाख पात्र लाभार्थियों को जल्द ही 100-100 गज के प्लॉट का कब्जा/कागजात दिए जाएंगे:** इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में वे जल्द ही एक लाख पात्र लाभार्थियों को 100-100 वर्ग गज के प्लॉट का कब्जा/कागजात सौंपेंगे। इसके अलावा, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत सरकार इस वर्ष के भीतर लगभग 77,000 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे धनराशि हस्तांतरित करेगी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे बचे हुए पात्र लोगों की पहचान करने के लिए सर्वेक्षण करें ताकि सभी पात्र परिवारों को योजना के तहत उनके घर मिलना सुनिश्चित किया जा सके।

### पिछले 10 वर्षों में नारायणगढ़ हलके के विकास के लिए 770 करोड़ रुपये खर्च

**नारायणगढ़** विधानसभा क्षेत्र में पिछले एक दशक में किए गए विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास के विजन तथा हरियाणा एक-हरियाणवी एक की भावना के अनुरूप राज्य का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने बताया कि नारायणगढ़ में पिछले 10 वर्षों में सडक अवसंरचना के विस्तार, शैक्षणिक संस्थानों, खेल सुविधाओं, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना, नागरिक अस्पताल के उन्नयन, बिजली सबस्टेशनों के निर्माण तथा नदियों पर पुलों के निर्माण एवं नवीनीकरण पर लगभग 770 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य में अब सभी 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि अब तक फसल खरीद के लिए 12 लाख किसानों के बैंक खातों में 1,25,000 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए जा चुके हैं। किसानों को होने वाली कठिनाइयों को देखते हुए, राज्य सरकार ने 2,000 रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से लगभग 1,000 करोड़ रुपये की राशि बोनस के रूप में किसानों को दी है। इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का स्वागत करते हुए कहा कि जब वे परिवहन राज्यमंत्री थे तब उन्हें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उन्हें नारायणगढ़ के बस अड्डे का निरीक्षण करने और इसे एक आधुनिक बस अड्डा बनाने के लिए कहा था।

# अंबाला जिला के गांव बड़ागढ में 14 करोड़ रुपए से बनेगा हॉकी का एस्ट्रो ट्रफ

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अम्बाला जिला के गांव बड़ागढ़ में आयोजित हरियाणा कबड्डी खेल महाकुम्भ कार्यक्रम में आज घोषणा करते हुए खेल स्टेडियम बड़ागढ में 14 करोड़ रूपए की लागत से हॉकी का एस्ट्रो ट्रफ बनाया जाएगा तथा खेल के मैदान में फलड लाईटें लगाई जाएंगी। इसके अलावा, गांव लाहा तथा गांव बिचपड़ी में स्थित खेल स्टेडियमों के नवीनीकरण के लिए 5 करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कबड्डी महाकुंभ में पुरुष एवं महिला वर्ग में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रही विजेता टीमों को पुरस्कृत भी किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए कहा कि कबड्डी केवल ताकत का खेल नहीं, बल्कि दिमाग का खेल भी है। खिलाड़ियों के दमखम पर भारत आज ओलम्पिक व अन्य अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में बड़ी शक्ति के रूप में उभर रहा है। इसमें हरियाणा के खिलाड़ियों का सर्वाधिक योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हरियाणा के ऐसे 11 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा सम्मानित भी किया गया है। इनमें से एक खिलाड़ी को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवार्ड, 10 खिलाड़ियों को अर्जुन अवार्ड तथा 1 कोच को द्रोणाचार्य अवार्ड से सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा कबड्डी, कुश्ती और मुक्केबाजी जैसे परम्परागत खेलों का गढ़ रहा है। विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में प्रदेश के खिलाड़ियों ने पदक जीत कर न केवल हरियाणा का, बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। अब तो हरियाणा खेलों के दम पर बॉलीवुड की भी पसंद बन गया है। दंगल और सुलतान जैसी फिल्में हरियाणा के पुरुष और महिला खिलाड़ियों का गौरव गान करती हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने सदा ही खेल के क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। पेरिस ओलंपिक 2024 में देश द्वारा जीते गये 6 पदकों में से 5 पदक हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते। इससे पहले, टोक्यो ओलंपिक 2020 में हरियाणा के 30 खिलाड़ियों ने भाग लिया।



# मुख्य सचिव ने विशेष स्वच्छता अभियान और प्रशासनिक सुधारों के प्रभावी क्रियान्वयन पर दिया बल

**टीम एक्शन इंडिया**-हरियाणा के मुख्य सचिव डॉ. विवेक जोशी ने सफाई और स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेशभर में 1 जनवरी से 31 जनवरी, 2025 तक चलने वाले विशेष स्वच्छता अभियान के प्रभावी कार्यान्वयन आह्वान किया है। साथ ही, उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र सरकार की योजनाओं की गहन समीक्षा की जाए ताकि विकास और कल्याण के लिए धनराशि का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।
मुख्य सचिव आज यहां प्रशासनिक सचिवों के साथ विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।
बैठक के दौरान, डॉ. जोशी ने प्रदेश में स्वच्छता पहलों की समीक्षा की तथा कार्यालय की दक्षता बढ़ाने और रिकॉर्ड के समुचित रखरखाव में स्वच्छता अभियान के महत्व को रेखांकित किया। मुख्य सचिव ने कहा कि यह अभियान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण पहल है और यह स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता विजन के अनुरूप है।
सरकारी विभागों के कामकाज को सुव्यवस्थित करने के उद्देश्य से मुख्य सचिव ने ई-ऑफिस का उपयोग बढ़ाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने संचार को सुव्यवस्थित करने, विलम्ब को कम करने और समग्र उत्पादकता को बढ़ाने के लिए सरकारी विभागों के कामकाज को सुव्यवस्थित करने और इसमें तेजी लाने के लिए प्रशासनिक सचिवों को प्राथमिकता आधार पर रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण करने के भी निर्देश दिए। डॉ. विवेक जोशी ने जन शिकायत निवारण को और अधिक कारगर बनाने के लिए, संबंधित अधिकारियों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशों के तहत विकसित समाधान पोर्टल के कुशल कार्यान्वयन पर ध्यान केंद्रित करने के निर्देश दिए।

**समीक्षा**
**सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि केंद्र सरकार की योजनाओं की गहन समीक्षा की जाए**

# गुरुग्राम: शतप्रतिशत पेड़ पौधों से बनी इलेक्ट्रोपैथी की होगी कार्यशाला

**टीम एक्शन इंडिया**

गुरुग्राम: इलेक्ट्रोपैथी प्रैक्टिशनर काउंसिल की यहां एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता काउंसिल के हरियाणा के चेयरमैन डॉ. धर्मेंद्र मानेसर ने की। यह बैठक सोमवार को अमर कॉलोनी स्थित आयुष्मान मेडिकल इंस्टिट्यूट ऑफ इलेक्ट्रोपैथी एंड हॉस्पिटल में हुई। मीडिया प्रभारी पंडित अमरचंद भारद्वाज ने बताया कि हरियाणा में 25 और 26 जनवरी 2025 को गुरुग्राम इंडस्ट्रियल एसोसिएशन सेक्टर-14 के प्रांगण में होने वाले इलेक्ट्रोपैथी एजुकेशन कार्यक्रम पर चर्चा की गई। हरियाणा के सभी जिलों से इलेक्ट्रोपैथी में शिक्षित डॉक्टर इस कार्यक्रम में भाग लेंगे। एनईएचएमऑफ इंडिया के डिप्टी प्रमुख सचिव डॉ. आकाश अवस्थी और इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा परिषद राजस्थान के अध्यक्ष डॉ .हेमंत सेठिया दो दिवसीय एजुकेशन प्रोग्राम में पूर्णता पेड़ पौधों पर आधारित चिकित्सा पद्धति (इलैक्टोपैथी) पर प्रकाश डालेंगे। पेट से संबंधित रोगों और उपचार के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देंगे। इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रोपैथिक चिकित्सक अपना अनुभव सांझा करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से काउंसिल के अध्यक्ष डॉ. ललित गोला, उपाध्यक्ष डॉ. रमेश वर्मा मानेसर, कानूनी सलाहकार एडवोकेट रोहित मदान, डॉ. मंजू गोला, डॉ. आरके पुंडीर, डॉ. राकेश, आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# हरियाणा में पुराने वाहनों की होगी स्क्रैपिंग व रि-साइक्लिंग-राव

**टीम एक्शन इंडिया:** हरियाणा सरकार ने राज्य में पंजीकृत वाहन स्क्रैपेज एवं रि-साइक्लिंग सुविधा प्रोत्साहन नीति 2024 अधिसूचित की है। इससे राज्य में पुराने वाहनों के स्क्रैपिंग व रि-साइकिलिंग सुविधा उपलब्ध होगी और जगह-जगह कबाड़ में तब्दील हो चुके वाहनों के पुर्जों का दोबारा उपयोग हो सकेगा। इससे राज्य में ईको पर्यावरण में भी सुधार होगा।
उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एनजीटी द्वारा पुराने डीजल वाहनों की 10 व पेट्रोल वाहनों की 15 वर्ष तक पासिंग सीमा अवधि तय करने बाद कंडम वाहनों की संख्या निरंतर बढ़ रही है और इसको देखते हुए हरियाणा सरकार ने यह निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि सरकार की इस पहल से वाहनों के पुर्जों की रि-साइक्लिंग होने से दोबारा से इस्तेमाल संभव हो सकेगा। इससे पर्यावरण प्रदूषित होने से बचाव होगा और अर्थ व्यवस्था भी मजबूत होगी। इसके अलावा वाहन मालिकों को भी आर्थिक लाभ होगा और जनता को सड़कों, गलियों व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर कंडम वाहनों की पार्किंग से निजात मिलेगी।उन्होंने बताया कि नीति को हरियाणा सरकार उद्योग का दर्जा देगी। हरियाणा में स्थापित की जाने वाली नई उद्योग इकाइयों को पूंजी अनुदान या राज्य जीएसटी में प्रतिपूर्ति दी जाएगी। उन्होंने बताया कि नीति के तहत उद्योग एवं वाणिज्य विभाग हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंचरणा विभाग के माध्यम से 10 वर्ष की लीज पर देने का माड्यूल तैयार करेगा। मंत्री राव नरबीर सिंह ने बताया कि राज्य सरकार स्टार्ट अप्स, महिला उद्यमी, तथा अनुसूचित जाति श्रेणी के उम्मीदवारों को उद्यम पूंजी निधि स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाएगी।
अवसंचरण विकसित करने के लिए 20 करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें भूमि को छोड़कर संपूर्ण परियोजना की 10 प्रतिशत लागत तथा औद्योगिक श्रेणी के डी ब्लाक में शत प्रतिशत तथा बी व सी श्रेणी के ब्लाक में 75 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी की प्रतिपूर्ति की जाएगी। उन्होंने बताया कि उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के लिए परियोजना लागत का 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा, जो अधिकतम 5 करोड़ रुपये तक का होगा। इसके अलावा राज्य के युवाओं के कौशल एवं रोजगार उपलब्ध कराने वाले 10 ऐसे उद्योगों को 50 लाख रुपये का अनुदान भी दिया जाएगा।

**प्रोत्साहन नीति**
**जगह-जगह कबाड़ में तब्दील हो चुके वाहनों के पुर्जों का दोबारा उपयोग हो सकेगा: राव**

# नहीं रहे पूर्व मंत्री कृपाराम पूनिया, जेजेपी नेताओं ने जताया शोक

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं जननायक जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कृपाराम पूनिया का निधन हो गया है। रविवार शाम पंचकुला में उन्होंने अंतिम सांस ली और सोमवार दोपहर को चंडीगढ़ में उनका अंतिम संस्कार हुआ। 89 वर्षीय कृपाराम पूनिया जेजेपी के उपाध्यक्ष थे और चौधरी देवीलाल सरकार में वे उद्योग मंत्री रहे। कृपाराम पुनिया के निधन से जेजेपी में शोक की लहर है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने उनके निधन पर शोक संवेदनाएं प्रकट करते हुए श्रद्धांजलि प्रकट की। जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला ने कहा कि कृपाराम पूनिया के निधन से हम सभी को गहरा दुख पहुंचा है। उन्होंने कहा प्रदेश ने एक जमीन से जुड़े, कर्मठ नेता को खो दिया है, ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। डॉ चौटाला ने कहा कि कृपाराम पूनिया ने ताउम्र गरीब, किसान, कमेरे वर्ग के हित में काम किया था। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि उनके निधन से राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति हुई है, उनका योगदान सदैव हम सभी को प्रेरित करता रहेगा।

# सरकार भी हर मोर्चे पर विफल साबित हुई : हुड्डा

**टीम एक्शन इंडिया:**

**चंडीगढ़। पूर्व** मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बीजेपी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर कहा कि पिछली 2 पारियों की तरह ये सरकार भी हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। जो हरियाणा 2014 से पहले प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश और रोजगार देने में नंबर वन था, उसे बीजेपी ने बेरोजगारी, महंगाई और अपराध में नंबर वन बना दिया है। आज प्रदेश में कोई भी व्यक्ति खुद को सुरक्षित महसूस नहीं करता। हुड्डा अपने आवास पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बीजेपी 2 लाख पक्की नौकरियां देने का वादा करके सत्ता में आई थी। लेकिन सरकार बनने के बाद कोई नई भर्ती नहीं की गई। उल्टा कौशल रोजगार निगम के तहत लगे कर्मचारियों की छटनी शुरू कर दी गई है। सरकार रोजगार देने की बजाए, रोजगार छीनने में लगी है। किसान आंदोलन पर पूछे गए सवाल के जवाब में हुड्डा ने कहा कि किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत बहुत नाजुक बनी हुई है। इसलिए सरकार को तुरंत उनकी मांगों का समाधान कर अनशन खत्म करवाना चाहिए। उनका हम जीवन सभी के लिए अनमोल है। किसानों की मांग पूरी तरह जायज और कई साल पुरानी है। खुद बीजेपी ने एमएसपी का वादा करके किसान आंदोलन को खत्म करवाया था। किसान सरकार को वही वादा याद दिला रहे हैं।
भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि हरियाणा सरकार एमएसपी को लेकर लगातार झूठ बोल रही है। उसके द्वारा दावा किया जा रहा है कि हरियाणा में 24 फसलों पर एमएसपी दी जा रही है। जबकि ना तो हरियाणा में 24 फैसलें होती है और ना ही एमएसपी देने का काम राज्य सरकार का होता है।




# भाजपा की विधानसभा चुनाव के बागियों की घर वापसी की योजना

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024 में बागी होकर चुनाव लड़ने वाले भाजपा के जिन नेताओ को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया था उन नेताओं की घर वापसी के आसार बढ़ गए है।

पार्टी नेतृत्व इन नेताओं को शहरी निकाय चुनाव लड़ाने के लिए रास्ता खोल सकता है। विधानसभा चुनाव में टिकट कटने पर ये नेता बागी हो गए थे और अधिकृत उम्मीदवारों के खिलाफ चुनाव मैदान में उतर गए थे।साथ ही पार्टी नेतृत्व ने उन नेताओं और कार्यकताओं को अभी इंतजार करने को कहा है जो कि बोर्ड एवं निगमों के चेयरमैन पद की दावेदारी कर रहे है।नेतृत्व शहरी निकाय चुनाव के बाद ही राजनीतिक नियुक्तियों को अंजाम देना चाहता है। जिन बोर्ड एवं निगमों के चेयरमैनों का कार्यकाल पूरा हो चुका है, उन्हें फिलहाल अस्थायी रूप से उनके अपने पदों पर बने रहने को कहा गया है। इनके पुनः नियुक्ति आदेश शहरी निकाय चुनाव के बाद ही होंगे।

बोर्ड एवं निगमों में कुछ चेयरमैनों को बदला जा सकता है, तो कुछ निगमों में नए चेयरमैन नियुक्त किए जा सकते हैं। शहरी निकाय चुनाव में की गई मेहनत कार्यकताओं व नेताओं को बोर्ड एवं निगमों में चेयरमैनी हासिल करने का बड़ा आधार बनेगी।
हरियाणा भाजपा फिलहाल संगठनात्मक चुनाव और दिल्ली विधानसभा चुनाव में व्यस्त है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के तुरंत बाद राज्य में शहरी निकाय चुनाव होंगे। राज्य में 11 नगर निगमों में चुनाव होने हैं। केंद्र व राज्य में भाजपा की सरकार है। पार्टी की कोशिश है कि राज्य के जितने भी शहरी निकाय हैं, वहां पर भाजपा उम्मीदवारों को जीत हासिल हो। इसके लिए अंदरूनी तौर पर पार्टी उम्मीदवारों के नाम लगभग तय किए जा चुके हैं।

# हरियाणा गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा का पत्नी हिमानी मोर के स्वागत के लिए बेताब

## पानीपत के रहने वाले गोल्डन बॉय ओलिंपियन नीरज चोपड़ा ने सोनीपत की टेनिस प्लेयर हिमानी मोर से शादी की

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणावीं गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा का पत्नी हिमानी मोर से स्वागत के लिए बेताब है।
पानीपत के रहने वाले गोल्डन बॉय ओलिंपियन नीरज चोपड़ा ने सोनीपत की टेनिस प्लेयर हिमानी मोर से शादी कर ली। नीरज ने रविवार रात सोशल मीडिया पर इस बात का खुलासा किया। इस खबर के वायरल होते ही हरियाणवी ओलिंपिक चैंपियन जेवलिन थ्रोअर नीरज का स्वागत जोड़े के साथ करने को बेताब हो गए।

शादी के बारे में नीरज के गांव में पड़ोसियों को भी पता नहीं था। शादी में शामिल मेहमानों को भी नीरज ने शर्त रखी थी कि कोई फोटो-वीडियो कहीं जारी नहीं करेगा। शादी के बाद नीरज हिमानी के साथ सोनीपत गए और वहां से अमेरिका रवाना हो गए। नीरज के चाचा सुरेंद्र चोपड़ा ने कहा कि शादी में सिर्फ लड़का और लड़की के परिवार के सदस्य शामिल हुए। गांव और रिश्तेदारी में भी किसी को शादी के बारे में नहीं पता था। गुजरे 16 जनवरी को दोनों के फेरे हुए। नीरज की दुल्हन बनीं हिमानी मोर की मां मीना मोर ने बताया कि हिमाचल के सोलन के रिजॉर्ट में शादी की सारी रस्में हुईं। इसमें सिर्फ परिवार के ही लोगों को बुलाया गया था। दोनों परिवार 7-8 साल से एक-दूसरे को जानते हैं। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद की शपथग्रहण से पहले सभी विदेशी स्टूडेंट्स को वापस पहुंचना था, इसलिए हिमानी अमेरिका लौट गईं। मीना मोर ने कहा शादी गुपचुप नहीं बल्कि शॉर्ट नोटिस पर की गई। मई में नीरज की चैंपियनशिप है। वहीं हिमानी भी पढ़ाई के साथ जॉब कर रही है। उसे देखते हुए टाइमिंग ऐसी रखी गई। पिछले 7-8 साल से हम एक-दूसरे को जानते हैं। परिवार का मिलना-जुलना भी था।
अब दोनों को जैसे ही समय मिलेगा तो स्वागत समारोह होगा। उन्होंने कहा कि हिमानी अमेरिका में रहेगी। उसे विदेश स्टूडेंट होने की वजह से अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प के शपथग्रहण से पहले अमेरिका लौटना जरूरी था।



**मुबारकबाद**
**शादी के बाद नीरज हिमानी के साथ सोनीपत गए और वहां से अमेरिका रवाना हो गए**

# विधायक जगमोहन आनंद ने सीएम नायब सैनी से की मुलाकात

## करनाल के विकास कार्यों पर की चर्चा, सीएम ने कहा करनाल मेरे दिल में है

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने सोमवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से चंडीगढ़ में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विकास परियोजनाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने करनाल से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखा। उन्होंने जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। विधायक जगमोहन आनंद ने मुलाकात के बाद बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से करनाल विधानसभा में चल रहे विकास कार्यों एवं करनाल के विकास को लेकर योजनाओं बारे विस्तार से चर्चा हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि करनाल आज भी मेरे दिल में है। करनाल की जनता से जुड़ी समस्याओं को



प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। विकास कार्यों में पहले की ही तरह किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी, बल्कि और तेज गति से विकास कार्य आगे बढ़ाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि करनाल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं। दोनों का जब भी करनाल का दौरा होता है, करनाल को विकास परियोजनाओं की सौगात मिलती रहती है। पिछले दिनों भी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल अपने करनाल दौरे के दौरान स्मार्ट सिटी के अंतर्गत 59 करोड़ की तीन परियोजनाओं की सौगात देकर गए थे।

# अपनी प्रतिभा साबित करते हैं दिव्यांग बच्चे : डॉ. गुरनाम मंढ़ाण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में स्थानीय पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्थित खंड स्तरीय समावेशी शिक्षा केन्द्र में दो दिवसीय समावेशी शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम की शुरूआत बीईओ डॉ. गुरनाम सिंह मंढ़ाण ने की। जागरूकता कार्यक्रम में खंड के विभिन्न स्कूलों के सामान्य शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्कूल प्रबंधन समितियों के सदस्य और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के माता-पिता भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कार्यकारी प्रधानाचार्य रामिन्द्र कुमार ने आए अतिथियों का स्वागत किया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेष शिक्षा विशेषज्ञ के रूप में हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा, राजनीति विज्ञान प्राध्यापक डॉ.राजेश कुमार, प्राथमिक शिक्षक महिन्द्र कुमार व स्पेशल एजूकेटर अमित कुमार ने स्रोत व्यक्ति के रूप में अपने विचार व्यक्त किए।

मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. गुरनाम मंढ़ाण ने अपने शिक्षण व सामाजिक जीवन के अनुभव सांझा करते हुए कहा कि समुचित अवसर मिलने पर दिव्यांग व्यक्ति अपने आप को साबित करते हैं।

# ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता में महिलाओं ने दिखाई प्रतिभा



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर ।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सोमवार को गन्नौर खेल स्टेडियम गन्नौर में सीडीपीओ निर्मला देवी की अध्यक्षता में महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजिन किया गया। प्रतियोगिता का शुरूआत बतौर मुख्यातिथि तहसीलदार सुमनलता द्वारा की गई। इस मौके पर परियोजना अधिकारी प्रवीण कुमारी विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रही। परियोजना अधिकारी प्रवीण कुमारी ने बताया कि प्रतियोगिता में गन्नौर खंड ग्रामीणों क्षेत्रों की 18 वर्ष से ऊपर की लड़कियों व महिलाओं ने भाग लिया। इस दौरान म्युजिकल चेयर प्रतियोगिता में वंदना बजाना खुर्द ने प्रथम, हसनपुर गांव की मीनाक्षी ने द्वितीय व गन्नौर गांव की कोमल ने तृतीय स्थान हासिल किया। 30 वर्ष से अधिक आयु की डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में रानू दातोली ने प्रथम स्थान, कविता ने दूसरा तथा मीनू तेवड़ी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा

**प्रतियोगिता**

**प्रतियोगिता में गन्नौर खंड ग्रामीणों क्षेत्रों की 18 वर्ष से ऊपर की लड़कियों व महिलाओं ने भाग लिया**

100 मीटर दौड़ में अन्नु शेखपुरा ने प्रथम, सीमा बजाना खुर्द ने द्वितीय व कामी गांव की ज्योति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार 18 से 30 वर्ष की आयु की महिलाओं की 300 मीटर दौड़ मे बबीता दतौली ने प्रथम, प्रियंका शेखपुरा ने दूसरा व काफी सरढाना ने तीसरा हासिल किया। 400 मीटर दौड़ में काजल दातौली प्रथम, पूजा कुराड़ द्वितीय व तन्नु उदेशीपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

5 किलोमीटर साईकिल रेस में कोमल दातौली ने प्रथम, अक्षिता अगवानपुर ने दूसरा व हिमांशी गढ़ी केसरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# ओवरब्रिज के निर्माण का कार्य शुरू होने के एक सप्ताह बाद ही करीब 20 दिन से बंद पड़ा

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर ।** अगवानपुर रेलवे फाटक रोड पर रेलवे की सीमा में ओवरब्रिज के निर्माण का कार्य शुरू होने के एक सप्ताह बाद ही करीब 20 दिन से बंद पड़ा है। इसका कारण एचपीसीएल की गैस पाइपलाइन जो रेलवे अंडरग्राउंड क्रॉसिंग करके अगवानपुर की तरफ निकाली गई है। रेलवे की हद में ओवर ब्रिज निर्माण के लिए बनाए जा रहे पिलर का काम थोड़ी सी खुदाई करने के बाद बंद कर दिया है। निर्माण कार्य बंद होने से वाहन चालकों में रोष है। वाहन चालकों का कहना है कि अगवानपुर रेलवे फाटक को बंद कर दिया है जिससे वाहन चालक बहुत परेशान है वाहन चालकों को गुमड़ रोड फ्लाईओवर से घूम कर शहर में आना पड़ता है। वाहन चालक सुरेंद्र सतबीर महेंद्र ने बताया कि रेलवे द्वारा निर्माण कार्य रेलवे की हद में शुरू करने से पहले ही एचपीसीएल की गैस पाइपलाइन का रेलवे के अधिकारियों को पहले ही पता था लेकिन उन्होंने जल्दबाजी में काम शुरू करवाने के चक्कर में खुदाई करके रेलवे फाटक को भी बंद करवा दिया है । अब करीब दो सप्ताह से काम भी बंद पड़ा है । वाहन चालकों ने रेलवे के संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि जब तक एचपीसीएल की पाइपलाइन को शिफ्ट नहीं किया जाता तब तक रेलवे फाटक को खोलकर चालू किया जाए। इससे दो पहिया वाहन चालकों की तो परेशानी दूर हो जाएगी । गैस पाइपलाइन को शिफ्ट करके रेलवे फाटक को वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया



जाएगा : राजेंद्र अग्रवाल

-- इस बारे में रेलवे के निर्माण कार्य करवा रहे संबंधित जे ई राजेंद्र अग्रवाल ने बताया कि एक सप्ताह में गैस पाइपलाइन को शिफ्ट करके 15- 20 दिन में अगवानपुर रेलवे फाटक को वाहनों के आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा । जहां तक एचपीसीएल की गैस पाइपलाइन की बात है, पिलर की खुदाई करने के बाद ही पता चला है कि गैस पाइपलाइन कहा से गुजर रही है और उसे किस साइड शिफ्ट करके निर्माण कार्य आसानी से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनका प्रयास है कि निर्माण कार्य के दौरान आवागमन करने वाले लोगों को कोई परेशानी ना हो ।

**रेलवे की हद में फ्लाईओवर निर्माण पर खर्च किए जाएंगे 11 करोड़ रुपये खर्च**

उत्तर रेलवे द्वारा ओवरब्रिज के निर्माण पर 11 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके लिए शहर की तरफ रेलवे की जमीन में खोदाई का काम शुरू हो गया है। जिसके बाद इसमें पिलर खड़ेकर फाटक के उपर ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। रेलवे की सीमा में करीब 58 मीटर तक रेलवे निर्माण करवाएगी। उत्तर रेलवे के साथ-साथ रेलवे की हद को छोड़कर दोनों तरफ हरियाणा राज्य सड़क एवं पुल विकास निगम (एचएसआरडीसी) भी इस कार्य में सक्रिय है।

रेलवे की सीमा से बाहर एचएसआरडीसी द्वारा दोनों तरफ ओवरब्रिज का काम किया जा रहा है। रेलवे की सीमा से बाहर एचएसआरडीसी विभाग 18 करोड़ 36 लाख से ओवरब्रिज के निर्माण पूरा करेगी। एजेंसी द्वारा 75 प्रतिशत काम पूरा भी कर दिया गया है। निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज की चौड़ाई 27 फूट रखी गई है, जबकि दोनों तरफ ओवरब्रिज के नीचे 16-16 फुट चौड़े सर्विस रोड बनाए जा रहे हैं।

**मई 2025 का समय निर्धारित**

एचआरडीसी एसडीओ रविंद्र कादियान ने बताया कि ओवरब्रिज के निर्माण कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। ओवरब्रिज के निर्माण को पूरा करने के लिए मई 2025 का समय निर्धारित किया गया है, लेकिन एजेंसी निर्धारित समय से पहले यह काम पूरा कर लेगी।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

# कुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

कुम्भ मेला–2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः–

**दिनांक 21.01.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सालारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ागांव, रुदौली, रौजागांव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ जं., उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहां, श्रीराजनगर, बछरावां, कुनिनगंज, हरचंदपुर, गंगागंज, रायबरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, मां चन्दिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा, सेवाइत और फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04527 | फाफामऊ जं. | 22:30 | अम्ब अन्दौरा | 17:50 | रायबरेली जं., लखनऊ, शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., रुड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला छावनी जं., चंडीगढ़, मोरिंडा, रूप नगर, आनन्दपुर साहिब, नंगल डैम, ऊना हिमाचल स्टेशन |
| 04316 | देहरादून | 08:10 | फाफामऊ जं. | 23:50 | हरिद्वार, नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04661 | फाफामऊ जं. | 06:30 | अमृतसर | 04:15 | राय बरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहानपुर, बरेली जं., रामपुर जं., मुरादाबाद जं., अमरोहा, गजरौला जं., गढ़मुक्तेश्वर, हापुड जं., मेरठ शहर, मुजफ्फर नगर, देवबन्द जं., सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला कैंट जं., राजपुरा जं., सरिहंद जं., ढंढारी कलां, जलंधर शहर और ब्यास स्टेशन |
| 06020 | वाराणसी जं. | 18:20 | मंगलूरू सेन्ट्रल | 02:30 | चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., नागपुर जं., चन्द्रपुर, बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, रामगुंडम, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लूर, गुडुर जं., पेरांबूर, अरक्कोणम जं, कटपडी जं., जोलारपेटै जं., सेलम जं., इरोड जं., तिरुप्पूर, कोयंबटूर जं., पालक्काड जंक्शन, ओट्टापल्लम, शोरानूर जं., तिरुर, फेरोक, कोषिक्कोड, वडकरा, तलश्शेरी, कण्णुर, पय्यानूर, नीलेश्वर और कसारगोड स्टेशन |
| 06072 | गोमती नगर | 03:45 | सेन्ट्रल चेन्नै | 23:55 | अयोध्या धाम जं, वाराणसी जं., चुनार, मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदियां जं., बल्हारशाह, सिरपुर कागजनगर, वारंगल, खम्मम, विजयवाड़ा जं., न्यू गुंटूर, तेनाली जं., चिराला, ओंगोल, नेल्लूर और गुडुर जं. स्टेशन |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आणंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, बयाना जं., आगरा फोर्ट, टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर और प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 04603 | श्रीमाता वैष्णो देवी कटड़ा | 23:50 | फाफामऊ जं. | 21:50 | जम्मू तवी, पठानकोट कैंट, जलंधर कैंट, लुधियाना जं., अम्बाला कैंट, सहारनपुर जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., लखनऊ जं. एवं ऊँचाहार जं. स्टेशन |

**दिनांक 22.01.2025 (बुधवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 09802 | बनारस | 14:45 | सोगरिया | 15:45 | चुनर जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., मझगवां, जैतवार, सतना, मैहर, जुकेही, कटनी जं., रिती, बंदकपुर, दमोह, पथरिया, गणेशगंज, गिरवर, सागर, नारिओली, खुरे, बीना मालखेड़ी, मुन्गोली, अशोक नगर, गुना, रुठियाई, छाबरा गुगोर, अतरु, बारन एवं अन्ता स्टेशन |
| 01033 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 11:30 | मऊ जं. | 22:00 | दादर सेंट्रल, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बनापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर जं., कटनी जं., मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनर जं., वाराणसी जं., शाहगंज जं. एवं आजमगढ़ स्टेशन |
| 09371 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 13:45 | बलिया | 19:45 | इंदौर जं., उज्जैन जंक्शन, शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बसोडा, बीना जं., ललितपुर, विरांगना लक्ष्मीबाई, उरई, गोविन्दपुरी, फतेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्जापुर, चुनर जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं. औंरिहर जं. एवं गाजीपुर सिटी |
| 08561 | गोरखपुर जं. | 14:20 | विशाखपट्टणम | 12:15 | देवरिया सदर, मऊ जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनर जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी जं., उमरिया, शहडोल, अनुपपुर जं., पेंड्रा रोड, बिलासपुर जं., चंपा जं., रायगढ़, झारसुगुडा रोड, संबलपुर सिटी, रैराखोल, बोंदा, अंगुल, धेनकनाल, नाराज मर्थापुर, भुबनेश्वर, खुर्दा रोड जं., बालूगांव, छत्रपुर, ब्रह्मपुर, प्लासा, श्रीकाकुलम रोड एवं विजयनगरम जं. स्टेशन |
| 06001 | चेन्नै सेन्ट्रल | 14:20 | गोमती नगर | 14:15 | गुडूर जं., नेल्लोर, ओंगोल, चिराला, तेनाली, न्यू गुंटूर, विजयवाड़ा जं., खम्मम, वारंगल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी जं., मैहर, सतना जं. मानिकपुर जं.. प्रयागराज छिवकी जं, मिर्जापुर, चुनार जं., वाराणसी जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04526 | बठिण्डा जं. | 04:30 | फाफामऊ जं. | 23:55 | रामपुरा, बरनाला, धुरी जं., पटियाला, राजपुरा जं., अम्बाला कैंट जं., यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर जं., रूड़की, लक्सर जं., नजीबाबाद जं., मुरादाबाद जं., बरेली जं., शाहजहांपुर जं., हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |
| 04315 | फाफामऊ जं. | 06:30 | देहरादून | 21:30 | रायबरेली जं., लखनऊ, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद एवं हरिद्वार स्टेशन |
| 04066 | दिल्ली जं. | 23:25 | फाफामऊ जं. | 14:15 | गाजियाबाद जं., हापुर जं., गढ़मुक्तेसर, गजरौला जं., अमरोहा, मुरादाबाद जं., रामपुर, बरेली जं., शाहजहांपुर जं., हरदोई, लखनऊ जं. एवं रायबरेली जं. स्टेशन |

**दिनांक 23.01.2025 (गुरूवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04145 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 09:30 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 09404 | जंघई जं. | 08:30 | अहमदाबाद जं. | 18:00 | प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं., आगरा फोर्ट, बयाना जं., गंगापुर सिटी, सवाई माधोपुर जं., कोटा जं., रामगंज मंडी, भवानी मंडी, नागदा जं., रतलाम जं., दाहोद, गोधरा जं.,छायापुरी एवं आणंद जं. |
| 01661 | रानी कमलापत्ति | 11:10 | बनारस | 10:15 | मंडी दीप, ओबैदुल्ला गंज, बुदनी, नर्मदा पुरम, इटारसी जं., सोहागपुर, पिपरिया, गडरवारा, करेली, नरसिंहपुर, श्रीधाम, मदन महल, जबलपुर जं.देवरी, सिहोरा रोड, कटनी जं., जुकेही, मैहर,, सतना, जैतवार, मझगवां, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनर जं. स्टेशन |
| 01034 | मऊ जं. | 23:50 | छत्रपति शिवाजी महाराज (ट.) | 14:30 | आजमगढ़, शाहगंज जं., वाराणसी जं., चुनर जं. मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना., मैहर, कटनी जं., जबलपुर जं., नरसिंहपुर, पिपरिया, इटारसी जं., बनापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, खंडवा जं., भुसावल जं., तलवड़िया, जलगांव जं., मनमाड जं., नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण जं., ठाणे एवं दादर सेंट्रल, स्टेशन |
| 09372 | बलिया | 23:45 | डॉ. अम्बेडकर नगर | 05:30 | गाजीपुर सिटी, औंरिहर जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनर जं., मिर्जापुर,, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविन्दपुरी, उरई, विरांगना लक्ष्मीबाई, ललितपुर, बीना जं., गंज बसोडा, विदिशा, संत हिरदाराम नगर, शुजालपुर, उज्जैन जं. एवं इंदौर जं. स्टेशन |
| 03409 | मालदा टाउन | 20:45 | प्रयागराज रामबाग | 17:15 | न्यू फरक्का जं., बरहरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगांव, भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., मोकामा, बाढ़, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर,, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.,वाराणसी एवं बनारस स्टेशन |
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04525 | फाफामऊ जं. | 06:30 | बठिण्डा जं. | 01:10 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद, नजीबाबाद, लक्सर, रूड़की, सहारनपुर, यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, राजपुरा, पटियाला, धूरी, बरनाला एवं रामपुरा स्टेशन |
| 04065 | फाफामऊ जं. | 23:30 | दिल्ली जं. | 13:40 | रायबरेली जं., लखनऊ, हरदोई, शाहजहाँपुर, बरेली जं., रामपुर, मुरादाबाद, अमरोहा, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, हापुड़ एवं गाजियाबाद स्टेशन। |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

भारतीय रेल • INDIAN RAILWAYS

**उत्तर रेलवे**

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

## संपादकीय

# कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव

**महाकुंभ** का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर पहला स्नान विगत 13 जनवरी को हुआ। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज पहुंच रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में संगम में डुबकी लगा रहे हैं। क्या आप भी महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे? अगर आप जा रहे हैं, तो आप अपने को भाग्यशाली मान सकते हैं। आपको यहां कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होते हुए दिखाई देंगे। जैसे कि यज्ञ, हवन, और कीर्तन। ये अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है जो लोगों को भगवान के करीब लाता है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने पापों से मुक्ति पा सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह आत्म-अनुशासन और त्याग के महत्व को दशार्ता है। यह एक ऐसा उत्सव है जो लाखों लोगों को एक साथ आने और अपनी आस्था को मजबूत करने का अवसर देता है। कुंभ मेले की शुरूआत समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी है। इस कथा के अनुसार, देवताओं और असुरों ने मिलकर अमृत (अमरता का दिव्य पेय) पाने के लिए समुद्र मंथन किया था। जब अमृत का कुंभ निकला, तो देवताओं और असुरों के बीच इसे पाने के लिए युद्ध हुआ। इस दौरान, अमृत की कुछ बूंदें इन चार स्थानों पर गिरीं, जिन्हें पवित्र माना जाता है। इसलिए, इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है। कुंभ मेले का आयोजन उन स्थानों पर होता है जहां पवित्र नदियों का संगम होता है, जैसे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में। इन नदियों में स्नान करना हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दौरान नदियों में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। अब बात प्रयागराज और कुंभ के संबंधों की भी। प्रयाग (बहु-यज्ञ स्थल) को कहा जाता है। प्राचीन काल से ही तीर्थराज के रूप में प्रसिद्ध हुआ यह संगम स्थल पर हुए अनेक यज्ञों की वजह से, जिनमें पहला यज्ञ किया सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के तत्काल बाद। यज्ञवेदी है गंगा, यमुना और गुप्त रूप से बहने वाली सरस्वती की धारा, जो इस क्षेत्र को तीन भागों में विभाजित करती है। ह्यपद्म पुराणह्न में इसकी तुलना साक्षात सूर्य से करते हुए कहा गया है कि जहां सरस्वती, यमुना और गंगा का संगम होता है, वहां स्नान करने वाले ब्रह्मपद को प्राप्त करते हैं। यह यज्ञ की महिमा ही है, जिसके कारण मान लिया गया है, कि जो प्रयाग की धरती पर पैर भी धर लेता है, उसे हर कदम पर अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। प्रयाग में लगभग 70 हजार तीर्थ उपस्थित हैं। पद्म पुराण के अनुसार अपने घर में मृत्युशय्या पर पड़ा व्यक्ति भी, यदि दूर भी रहते प्रयाग का नाम स्मरण कर ले तो ब्रह्मलोक का भागी होता है। ह्यमत्स्य पुराणह्न में कहा गया है कि युग चक्र पूर्ण होने पर जब रुद्र (शिव) पृथ्वी का विनाश करते हैं, प्रयाग तब भी नष्ट नहीं होता है, क्योंकि विष्णु वेणीमाधव, शिव अक्षय वटवृक्ष के रूप में और स्वयं ब्रह्मा छत्र में उपस्थित रहते हैं। शूलपाणि स्वयं वट की रक्षा करते हैं और यहां मृत्यु प्राप्त करने वाले को सीधे शिवलोक की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति संगम की मिट्टी का भी अपने शरीर पर स्पर्श करा लेता है।

# बीते जमाने की बात होती सोशियोट्रॉपी

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

> "चे जितना ही प्यार और दुलार देते थे। दुख-दर्द में पूरा मोहल्ला साथ हो जाता था। मोहल्ले में किसी घर में मौत हो जाती थी तो पड़ोसी उस परिवार को संभालने और देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं अपने हाथ में ले लेते थे। शादी-विवाह में काम बंट जाता था, आज तो कैटरिंग का जमाना आ गया नहीं तो सैकड़ों लोगों को परिवार और मोहल्ले के युवा ही भोजन कराने की जिम्मेदारी निभा लेते थे। हलवाई के काम शुरू करते ही मोहल्ले के लोग बारी-बारी से देखरेख व सहयोग के लिए तैयार रहते थे। आज यह सब बदल गया है। गगनचुंबी इमारतों में कई परिवार रहते हैं और हालात यहां तक हो गए हैं कि एक ही कॉम्पलेक्स या अपार्टमेंट में रहने वाले एक-दूसरे को पहचानते नहीं। ऐसे में आपसी सहयोग और मेल-मिलाप की बात करना बेमानी होगा"

**सामाजिक** ताने-बाने में बदलाव को इस तरह से आसानी से समझा जा सकता है कि सोशियोट्रॉपी आज बीते जमाने की बात होती जा रही है। कोरोना के बाद तो हालात में और भी अधिक बदलाव आया है। आज की पीढ़ी में सामाजिकता का स्थान वैयक्तिकता लेती जा रही है। एक समय था जब सामाजिकता को वैयक्तिकता के स्थान पर अधिक तरजीह दी जाती थी। परिवार, मोहल्लों और आसपास कोई ना कोई ऐसे अवश्य मिल जाते थे जो जगत मामा तो कोई जगत काका तो कोई जगत दादा होते थे। छोटा हो या बड़ा, दादी हो या पोती, सास हो या बहू सब उन्हें प्रसिद्ध नाम से ही पुकारते थे। यह था एक तरह का अपनत्व। इस तरह के व्यक्तित्व वाले व्यक्ति सभी के चहेते होते थे तो जान-पहचान हो या ना हो, वे जरूरत के समय पहुंच जाते थे। सुख-दुख खासतौर से मुसीबत के समय ऐसे व्यक्ति आगे रहते थे। हालांकि आज इस तरह के व्यक्तित्व को ढूंढ़ना लगभग असंभव सा है। दरअसल, हमारी परंपरा व्यष्टि का ना होकर समष्टि की रही है। बच्चों को पहले सामाजिकता का पाठ पढ़ाया जाता था। बच्चे मोहल्ले के सभी घरों को अपना ही घर मानकर चलते थे तो मोहल्ले में रहने वाले किसी का भी बच्चा हो उसे अपने बच्चे जितना ही प्यार और दुलार देते थे। दुख-दर्द में पूरा मोहल्ला साथ हो जाता था। मोहल्ले में किसी घर में मौत हो जाती थी तो पड़ोसी उस परिवार को संभालने और देखभाल की जिम्मेदारी स्वयं अपने हाथ में ले लेते थे। शादी-विवाह में काम बंट जाता था, आज तो कैटरिंग का जमाना आ गया नहीं तो सैकड़ों लोगों को परिवार और मोहल्ले के युवा ही भोजन कराने की जिम्मेदारी निभा लेते थे। हलवाई के काम शुरू करते ही मोहल्ले के लोग बारी-बारी से देखरेख व सहयोग के लिए तैयार रहते थे। आज यह सब बदल गया है। गगनचुंबी इमारतों में कई परिवार रहते हैं और हालात यहां तक हो गए हैं कि एक ही कॉम्पलेक्स या अपार्टमेंट में रहने वाले एक-दूसरे को पहचानते नहीं। ऐसे में आपसी सहयोग और मेल-मिलाप की बात करना बेमानी होगा। सोशियोट्रापी मनोविज्ञान में प्रयोग होता है। इसे सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही अर्थों में लिया जाता है। दूसरों को खुश रखने की खुशी में अपने खुशी को भूल जाना वाली मनोस्थिति को भी सोशियोट्रापी के रूप में देखा जाता है। यही कारण है कि इस एकांगिग अर्थ को लेने के चक्कर में सोशियोट्रोपी मानसिकता वाले लोगों के अवसादग्रस्त, तनाव पीड़ित और हमेशा चिंतित रहने की मनोदशा को साइड इफेक्ट के रूप में देखा जाता है। जबकि सोशियोट्रापी यहीं तक सीमित नहीं है। दूसरे के दुख-दर्द में भागीदार होना, आवश्यकता के समय निःस्वार्थ सहयोग व सहायता करना, दूसरे की परेशानी को समझना और उसे दूर करने में यथासंभव सहयोग करना यह सोशियोट्रापी का ही एक रूप है। हमारी परंपरा में जो व्यक्ति केवल अपने आप के बारे में सोचता है उसे एकलखोर या स्वार्थी कहा जाता रहा है।



**हमारी परंपरा वसुधैव कुटुम्बकम की रही है। हमारी परंपरा में दूसरे की उन्नति देखकर प्रसन्न होने की भावना रही है। खुशी के मौके पर मिठाई बांटना खुशी में सभी को भागीदार बनाना है। इसी तरह से जरूरत के समय खड़े हो जाना जरूरतमंद के लिए संबल होता है।**

**देखा जाए तो बदलते सामाजिक ताना-बाना से सबकुछ बदल कर रख दिया है। एकल परिवार की संस्कृति समाज में अपना प्रभुत्व जमा चुकी है**

हमारी परंपरा वसुधैव कुटुम्बकम की रही है। हमारी परंपरा में दूसरे की उन्नति देखकर प्रसन्न होने की भावना रही है। खुशी के मौके पर मिठाई बांटना खुशी में सभी को भागीदार बनाना है। इसी तरह से जरूरत के समय खड़े हो जाना जरूरतमंद के लिए संबल होता है।

देखा जाए तो बदलते सामाजिक ताना-बाना से सबकुछ बदल कर रख दिया है। एकल परिवार की संस्कृति समाज में अपना प्रभुत्व जमा चुकी है। परिवार पति-पत्नी और बच्चों तक सीमित होता जा रहा है। जो भावनात्मकता संबंधों को तरोताजा रखती थी वह भावनात्मकता कहीं खो गई है। अवकाश के दिनों का उपयोग दादा-दादी या नाना-नानी के पास गुजारने के स्थान पर कहीं घूमने में जाया होने लगा है। एक समय था जब गांव से यात्रा पर भी जाते थे तो गांव के कई परिवार के लोग उस भ्रमण दल में होते थे। हालात तो यहां तक होने लगे हैं कि घर के बुजुर्ग सदस्य को जिसे साथ की अधिक आवश्यकता है, घर की देखभाल के लिए छोड़ना आज आम होता जा रहा है। खुशी के पल को साझा करने का तरीका भी बदल गया है। जिस तरह की प्राथमिकताएं बदली हैं वह पीपल प्लीजर के स्थान पर सेल्फ प्लेजर होती जा रही है। दरअसल सामाजिकता के जो मायने एक समय होते थे उसमें कोई क्या कहेगा महत्वपूर्ण होता था, सामाजिक प्रतिक्रिया का बड़ा भय होता था, आज हालात यह है कि मां-बाप क्या कहेंगे इसकी भी परवाह नहीं रही है। दरअसल न्यूक्लियर फैमेली के यह साइड इफैक्ट है जो लोगों को सोशियोट्रापी से दूर ले जाते हैं। पाश्चात्य देशों द्वारा अब इसकी अहमियत सामने आने लगी है। ब्रिटेन में पिछले दिनों एक अध्ययन में सामने आया है कि अब बच्चों का जब भी मौका मिलता है परिवार यानी दादा-दादी या नाना-नानी का साथ जरूरी माना जाने लगा है। क्योंकि सामाजिक ताना-बाना में बिखराव के कारण ही आज की पीढ़ी रिश्तों की अहमियत भूलती जा रही है। दादा-दादी या नाना-नानी में से एक तो पराया होता जा रहा है। जब खास रिश्तों के ही यह हालात होते जा रहे हैं, परिवार के मायने ही बदलते जा रहे हैं तो फिर अड़ोस-पड़ोस, मोहल्ले या शहर-गांव के रिश्तों की बात करना ही बेमानी होगा। आज की पीढ़ी के सामाजिकता से दूर होने के नकारात्मक प्रभाव समाज के सामने आने लगे हैं। पाश्चात्य देश अब रिश्तों की अहमियत को समझने की दिशा में आगे बढ़ने लगे हैं वहीं हम रिश्तों की अहमियत और सामाजिकता खोते जा रहे हैं। यह अपने आप में गंभीर चिंता का विषय है। समाज और समाज विज्ञानियों व मनो विज्ञानियों को हालात की गंभीरता को समझते हुए समय रहते हालात को सुधारने के प्रयास करने होंगे।

## कविता

### पुस्तकों को नमन करें।।

पुस्तकों का स्वरूप  
विराट सास्वत होता है,  
वह कभी बूढ़ी नहीं होती,  
उन्हें लाठी लेकर चलने की  
आवश्यकता नहीं होती,  
कालांतर में  
उनके बाल नहीं सफेद होते,  
दांत नहीं टूटते और  
वे वृद्ध मां बाप  
की तरह वृद्धा आश्रम में  
एक अलग घर से दूर  
नहीं भेजी जा सकतीं,  
पुस्तकें बात करती हैं,  
हंसती हैं,  
खिलखिलाती हैं,  
पुस्तकें परंपरा है,  
श्रृंखला है,  
कल, आज और कल की  
साक्षी होती हैं,  
शिशुओं की तरह  
मुस्कुराती  
बाल सखा की तरह  
बतियाती,  
कभी मां की तरह  
लोरी सुनाती है  
तो कभी पितामह की  
तरह हिदायत भी देती है,  
पुस्तकें ही चंद्रमा है

संजीव

---------

# डॉक्टर और कंपनियों का कपट जाल

**प्रियंका सौरभ**

देश में दवाओं की कीमत सरकार नहीं बल्कि डॉक्टर खुद तय कर रहे हैं। डॉक्टर अपने मुताबिक ब्रांड बनवाते हैं। कीमत फिक्स करते हैं। 38 रुपए की दवा की एमआरपी 1200 रुपए कर दी जा रही है। यह महज एक एग्जाम्पल है, ऐसा तमाम दवाओं में किया जा रहा है। एक्सपर्ट मानते हैं, 20 साल में 40 हजार करोड़ से दवा का कारोबार 2 लाख करोड़ के पास पहुँच गया है। इसका बड़ा कारण वह एमआरपी में बड़े खेल को मानते हैं। 2005 से 2009 तक 50 प्रतिशत एमआरपी पर दवाएँ बिक रही थी। अगर 1200 रुपए की एमआरपी है तो डीलर को 600 रुपए में दी जाती थी। अब डॉक्टर अपने हिसाब से ही एमआरपी तय करवा रहे हैं। जबकि नियमों के अनुसार डॉक्टर दवाओं के रेट तय नहीं करते। दवाओं के रेट, दवा बनाने वाली कंपनियाँ तय करती हैं। दवाओं के रेट तय करने में कई कारक शामिल होते हैं। दवाओं पर व्यापारियों को अच्छा मुनाफा होता है। ब्रांडेड दवाओं पर रिटेलर ज्यादा से ज्यादा 20-25 प्रतिशत तक की छूट देते हैं। जेनेरिक दवाओं पर 50-70 प्रतिशत तक की छूट मिलती है। जेनेरिक दवाएँ सस्ती होती हैं क्योंकि उन्हें महंगी जांचों से नहीं गुजरना पड़ता। दवा खरीदते समय, दवा के रैपर पर क्यूआर कोड होना चाहिए. दवा के रैपर पर क्यूआर कोड से दवा का नाम, ब्रैंड का नाम, मैन्युफैक्चरर की जानकारी, मैन्युफैक्चरिंग की तारीख और एक्सपायरी की तारीख मिलती है। दवाओं या उनके अवयवों के बारे में जानकारी के लिए, डॉक्टर या फार्मासिस्ट से पूछा जा सकता है। मगर जो दवाएँ सरकार के कंट्रोल से बाहर, उनमें मनमानी दवा की क्वालिटी और एमआरपी की निगरानी के लिए भारत सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय के अधीन नेशनल फार्मास्युटिकल प्राइस अथॉरिटी काम करती है। सरकार ड्रग्स प्राइस कंट्रोल ऑर्डर के माध्यम से दवा की एमआरपी पर नियंत्रण रखती है। आवश्यक और जीवन रक्षक दवाओं के लिए अधिकतम मूल्य निर्धारित करने के साथ डीपीसीओ की जिम्मेदारी मरीजों के लिए दवाएँ सस्ती और सुलभ कराने की भी है। सरकार जिन दवा को डीपीसीओ के अंडर में लाती है, उनकी एमआरपी तो कंट्रोल में होती है, लेकिन सैकड़ों फॉमूर्ले की दवाएँ आज भी सरकार के कंट्रोल से बाहर हैं, जिसकी एमआर पी में मनमानी चल रही है। दवाओं की कीमतों में इजाफे को लेकर सरकार की गाइडलाइन है कि एक साल में 10 प्रतिशत ही एमआरपी बढ़ाई जा सकती है। लेकिन कंपनियाँ प्रोडक्ट्स का नाम बदलकर हर साल डॉक्टरों की डिमांड वाली एमआरपी बना रही हैं। कंपनियाँ अलग डिवीजन और ब्रांड बदलकर एमआरपी अपने हिसाब से फिक्स कर देती हैं। फार्मा फैक्ट्रियों से ही देश में दवाएँ सप्लाई की जाती हैं। कंपनियों और डॉक्टरों के इस खेल में कंपनियाँ अपने मुनाफे के लिए नियमों को ताक पर रखकर डॉक्टरों के हिसाब से न सिर्फ.दवाएँ बनाने को तैयार हो जाती है।

## विचार

# क्यों करोड़ों श्रद्धालु जुड़ते हैं कुंभ से ?

**आर.के. सिन्हा**

महाकुंभ का शुभारंभ हो चुका है। पौष पूर्णिमा पर पहला स्नान विगत 13 जनवरी को हुआ। देश के कोने-कोने से भक्त प्रयागराज पहुंच रहे हैं। विदेशी श्रद्धालु भी बड़ी तादाद में संगम में डुबकी लगा रहे हैं। क्या आप भी महाकुंभ में स्नान करने जाएंगे? अगर आप जा रहे हैं, तो आप अपने को भाग्यशाली मान सकते हैं। आपको यहां कई तरह के धार्मिक अनुष्ठान होते हुए दिखाई देंगे। जैसे कि यज्ञ, हवन, और कीर्तन। ये अनुष्ठान वातावरण को शुद्ध करते हैं और श्रद्धालुओं को भगवान के प्रति अपनी भक्ति व्यक्त करने का अवसर देते हैं। कुंभ मेला एक धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव है जो लोगों को भगवान के करीब लाता है। यह एक ऐसा समय है जब लोग अपने पापों से मुक्ति पा सकते हैं और मोक्ष की प्राप्ति कर सकते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। यह आत्म-अनुशासन और त्याग के महत्व को दशार्ता है। यह एक ऐसा उत्सव है जो लाखों लोगों को एक साथ आने और अपनी आस्था को मजबूत करने का अवसर देता है। कुंभ मेले की शुरूआत समुद्र मंथन की पौराणिक कथा से जुड़ी है। इस कथा के अनुसार, देवताओं और असुरों ने मिलकर अमृत (अमरता का दिव्य पेय) पाने के लिए समुद्र मंथन किया था। जब अमृत का कुंभ निकला, तो देवताओं और असुरों के बीच इसे पाने के लिए युद्ध हुआ। इस दौरान, अमृत की कुछ बूंदें इन चार स्थानों पर गिरीं, जिन्हें पवित्र माना जाता है। इसलिए, इन स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है। कुंभ मेले का आयोजन उन स्थानों पर होता है जहां पवित्र नदियों का संगम होता है, जैसे गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम प्रयाग में। इन नदियों में स्नान करना हिन्दू धर्म में बहुत शुभ माना जाता है। मान्यता है कि इस दौरान नदियों में स्नान करने से पापों से मुक्ति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

अब बात प्रयागराज और कुंभ के संबंधों की भी। प्रयाग (बहु-यज्ञ स्थल) को कहा जाता है। प्राचीन काल से ही ह्यतीर्थराजह्न के रूप में प्रसिद्ध हुआ यह संगम स्थल पर हुए अनेक यज्ञों की वजह से, जिनमें पहला यज्ञ किया सृष्टिकर्ता प्रजापति ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना के तत्काल बाद। यज्ञवेदी है गंगा, यमुना और गुप्त रूप से बहने वाली सरस्वती की धारा, जो इस क्षेत्र को तीन भागों में विभाजित करती है। ह्यपद्म पुराणह्न में इसकी तुलना साक्षात सूर्य से करते हुए कहा गया है कि जहां सरस्वती, यमुना और गंगा का संगम होता है, वहां स्नान करने वाले ब्रह्मपद को प्राप्त करते हैं। यह यज्ञ की महिमा ही है, जिसके कारण मान लिया गया है, कि जो प्रयाग की धरती पर पैर भी धर लेता है, उसे हर कदम पर अश्वमेध यज्ञ का फल मिलता है। प्रयाग में लगभग 70 हजार तीर्थ उपस्थित हैं। पद्म पुराण के अनुसार अपने घर में मृत्युशय्या पर पड़ा व्यक्ति भी, यदि दूर भी रहते प्रयाग का नाम स्मरण कर ले तो ब्रह्मलोक का भागी होता है। ह्यमत्स्य पुराणह्न में कहा गया है कि युग चक्र पूर्ण होने पर जब रुद्र (शिव) पृथ्वी का विनाश करते हैं, प्रयाग तब भी नष्ट नहीं होता है, क्योंकि विष्णु वेणीमाधव, शिव अक्षय वटवृक्ष के रूप में और स्वयं ब्रह्मा छत्र में उपस्थित रहते हैं। शूलपाणि स्वयं वट की रक्षा करते हैं और यहां मृत्यु प्राप्त करने वाले को सीधे शिवलोक की प्राप्ति होती है। पुराणों के अनुसार यदि कोई व्यक्ति संगम की मिट्टी का भी अपने शरीर पर स्पर्श करा लेता है, तो समस्त पापों से मुक्त हो जाता है और गंगा स्नान के बाद स्वर्ग के पुण्य का भागीदार बन जाता है। यहां यदि किसी को मृत्यु प्राप्त होती है, तो वह जन्म और मृत्यु के सांसारिक चक्र के बंधनों से मुक्त हो जाता है। कुंभ मेला लाखों- करोड़ों लोगों को एक साथ आने का अवसर देता है। यहां विभिन्न साधु-संत, नागा साधु और अन्य धार्मिक गुरुओं के दर्शन होते हैं, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा मिलती है। यह एक ऐसा समय है जब लोग सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर भगवान की भक्ति में लीन होते हैं। यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का एक अद्भुत उदाहरण है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**  
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**  
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**  
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो'

महात्मा गांधी ने कहा है कि पुराने वस्त्र पहनों पर नई पुस्तकें खरीदो,उन्होंने यह भी कहा कि पुस्तकों का महत्व रत्नों से कहीं अधिक है, क्योंकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्जवल करती हैं।मनुष्य के जीवन में अध्ययन जितना आवश्यक है उतना ही आवश्यक मनन और चिंतन भी है।पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे कलाम साहब ने कहा है कि एक पुस्तक कई मित्रों के बराबर होती है और पुस्तकें सर्वश्रेष्ठ मित्र होती हैं। शिक्षाविद चार्ल्स विलियम इलियट ने कहा कि पुस्तके मित्रों में सबसे शांत व स्थिर हैं, वे सलाहकारों में सबसे सुलभ और बुद्धिमान होती हैं और शिक्षकों में सबसे धैर्यवान तथा श्रेष्ठ होती हैं। केवल पुस्तक पढ़ना ही संपूर्ण मानवीय उद्देश्य ना होकर उससे प्राप्त ज्ञानामृत का मनन एवं चिंतन भी अत्यंत आवश्यक है। किसी भी पुस्तक का अध्ययन मनन एवं उस पर चिंतन मनुष्य के संस्कारों को परिष्कृत करता है एवं जीवन के उच्च आदर्शों को प्राप्त करने में सदैव सहायक सिद्ध होता है। अतः मनुष्य को सदैव निरंतर ज्ञानवर्धक पुस्तकों से न सिर्फ ज्ञान प्राप्त करना चाहिए अपितु उसका निरंतर मनन तथा चिंतन भी करना होगा तब जाकर हमारे संस्कार,संस्कृति एवं जीवन के उद्देश्य सफल होंगे। सच्चाई भी यही है कि पुस्तकें ज्ञान के अंतःकरण और सच्चाईयों का भंडार होती है। आत्मभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम भी होती हैं। जिन्होंने पुस्तके नहीं पढी हैं या जिन्हें पुस्तक पढ़ने में रूचि नहीं है वे जीवन की कई सच्चाईयों से अनभिज्ञ रह जाते हैं। पुस्तकें पढ़ने का सबसे बड़ा फायदा यह होता है कि हम जीवन की कठिन परिस्थितियों से जूझने की शक्ति से परिचित हो जाते हैं,और समस्या कितनी भी बड़ी हो हम उससे जीतकर निजात पा जाते हैं। कठिन से कठिन समय पर पुस्तकें हमारा मार्गदर्शन एवं दिग्दर्शन करती है। जिन मनीषियों ने पुस्तक लिखी है और जिन्हें पुस्तकें पढ़ने का शौक है उन्हें ज्ञानार्जन के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं होतीहैं। हैं। निसंदेह

# औषधीय पौधा है आक

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**कुछ पेड़-पौधे** ऐसे हैं जिनसे हम कई चमत्कारिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इन पेड़ों-पौधों में आक का पौधा भी शामिल है। आक एक औषधीय पौधा है। इसको मदार, आक, अर्क और अकौआ भी कहते हैं। इसे जानवर भी नहीं खाते है। यह बंजर भूमि में भी आसानी से उग आता है। इसके फल से गर्म तासीर की कोमल चिकनी रूई निकलती है। इसमें विषाक्त दूध भरा होता है। इसका वृक्ष छोटा और छत्तादार होता है। पत्ते बरगद के पत्तों समान मोटे होते हैं। हरे सफेदी लिये पत्ते पकने पर पीले रंग के हो जाते हैं। इसका फूल सफेद छोटा छत्तादार होता है। फूल पर रंगीन चित्तियां होती हैं। फल आम की तरह होते हैं जिनमें रूई निकलती है। आक की शाखाओं में दूध निकलता है। वह दूध विष का काम देता है। आक गर्मी के दिनों में रेतिली भूमि पर होता है। चैमासे में पानी बरसने पर सूख जाता है। दुर्गम रेतीले टीलों में जहां मीलों दूर तक पेड़ की छांव नसीब नहीं होती हैं। उन जगहों पर आक का पौधा खूब फलता फूलता हैं। राजस्थान के थार मरूस्थल के अलावा आक का पौधा दक्षिण मध्य भारत के गर्म और शुष्क वातावरण में खुले और समतल मैदानों में पाया जाता हैं। आक के पत्ते मोटे और चिकने होते हैं तथा पत्तों के पृष्ठ भाग पर हल्का सफेद आवरण होता हैं जो कि हाथ से रगड़ने पर उतर जाता हैं। आक का पौधा प्राय हर मौसम मे हरा भरा रहने के कारण यह रेगिस्तान का सदाबहार पौधा कहलाता हैं। आक चार प्रकार के होते हैं (1) श्वेतार्क अर्थात सफेद आक (2) रक्तार्क व लाल आक (3) लाल आक का ही दूसरा प्रकार है जो ऊंचाई में सबसे छोटा और सबसे विषैला होता है (4) पर्वतीय आक। यह पहाड़ी आक पौधे के रूप में नहीं, बेल के रूप में होता है जो उत्तर भारत में बहुत कम किन्तु महाराष्ट्र में पर्याप्त मात्रा में होता है। लाल जाति का आक सर्वत्र सुलभता से प्राप्य है। गुणों की दृष्टि से औषध के रूप में दोनों प्रकार के आकों का प्रयोग होता है। दोनों में कुछ समान गुण भी मिलते हैं किन्तु श्वेत अर्क में अधिक उत्तम गुण होने से आयुर्वेद में यह वनस्पति दिव्य औषध मानी जाती है। लाल आक इसके समान तो नहीं किन्तु यह भी गुणों का भंडार है।

## न्यूज फ्लैश

### बदमाशों ने युवक के पेट और पीठ में घोंपा चाकू



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में नकाबपोश बदमाशों ने आगे बाइक अड़ाकर युवक का रास्ता रोक लिया। फिर पेट और पीठ में चाकू घोंपकर घायल कर दिया। पीड़ित अपने दोस्त के साथ रात में किसी काम से गांव जा रहा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना बीते रात खेड़ा गांव के टक मोड पर हुई। पुलिस को दी शिकायत में गांव खेडा निवासी साहिल ने बताया मैं मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करता हूं। बीती रात करीब 10 बजकर 50 मिनट पर मैं अपने दोस्त रोहित के साथ उसकी की बाइक पर गांव खेड़ा से इंद्री की तरफ जा रहा था। इस दौरान जब हम करीब 11 बजे रास्ते में टक मोड पर पहुंचे तो सामने से एक बाइक पर सवार दो नकाबपोश बदमाश आए। साहिल ने कहा कि बदमाशों ने हमारी बाइक के सामने अपनी बाइक लगा दी और हमारा रास्ता रोक लिया। दोनों ने मफलर से अपना मुंह बांध रखा था। उन्होंने बाइक से उतरे ही पहले मेरे पेट पर चाकू से वॉर किया। इस दौरान बाइक नीचे गिर गई और रोहित वहां से निकलने में कामयाब रहा। जब मैंने वहां से भागने की कोशिश की तो उन्होंने पीठ पर दोबारा चाकू से वॉर किया। साहिल ने बताया कि इसी दौरान सामने से एक वाहन और रहा था। उसकी लाइट को देखकर दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में रोहित मुझे इंद्री अस्पताल लेकर पहुंचा। वहां पर डॉक्टरों ने मेरी हालत को देखते हुए करनाल रेफर कर दिया। करनाल अस्पताल में अब इलाज चल रहा है। साहिल ने शिकायत में बताया कि उनके साथ यह वारदात या तो लूट के इरादे की गई है या फिर पुरानी रंजिश के चलते गांव खेड़ा की रहने वाले विक्रान्त व अकुश ने इस वारदात को अंजाम दिया। क्योंकि इन दोनों ने पहले भी उसे जान से मारने की धमकी दी थी। इंद्री थाना के जांच अधिकारी मोहित ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। वहीं पीड़ित का इलाज अभी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस इस मामले में हर पहलू पर गहनता से जांच कर रही है।

### जिला पुलिस की यूपी में दबिश

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में हरियाणा रोडवेज ड्राइवर संदीप के अपहरण मामले में एक आरोपी अभी भी फरार है, जिसे पकड? के लिए पुलिस यूपी में दबिश दे रही है, जिससे तीनों बदमाशों ने एक पिस्टल और कारतूस खरीदे थे। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। इस केस में अब तक तीन आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। मामला नरुखेड़ी गांव का है। बीती 4 जनवरी को बदमाशों ने 10 दिन की रेकी करने के बाद गांव के बस स्टैंड से अपहरण किया था। ड्राइवर संदीप 4 जनवरी को दोपहर करीब 1 बजकर 15 मिनट पर अपनी बेटी को गांव के बस अड्डे पर ट्यूशन के लिए बस में बैठाने के लिए बाइक पर आया था। जब वह बेटी को बस छोड? के बाद वापस जा रहा था तो आरोपी पुलिस कर्मचारी हिसार निवासी नरेंद्र अपने दोस्त सोनीपत निवासी सुरेंद्र और अक्षय के साथ कार में उसका अपहरण किया था। बदमाशों द्वारा संदीप का अपहरण करने बाद परिजनों से 2 करोड़ की फिरौती मांगी थी। जब परिवार ने इतने पैसे नहीं होने की बात कहीं तो 80 लाख रुपए की मांग की थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई तो पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज चेक कर आरोपियों की गाड़ी की पहचान की और उन्हें पकड? के लिए नाकाबंदी कर दी। जब पुलिस आरोपियों का पीछा कर रही थी तो इस दौरान बदमाशों ने गांव सालवन के पास पुलिस पर गोलियां भी चलाई। इसके बाद जब बदमाश असंध से होते हुए गोहाना की तरफ भाग रहे तो रास्ते में बीचपड़ी गांव के पास उनकी गाड़ी पलट गई। जिसके बाद पीछा कर रही पुलिस ने सभी बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके चंगुल से संदीप को रिहा करवाया था। फिलहाल तीनों आरोपी जिला जेल में बंद है। पुलिस जांच अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि इन बदमाशों ने जिस आरोपी से यूपी से 60 हजार रुपए में पिस्टल व 10 कारतूस लिए थे, उस आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। यूपी में उनकी टीम जगह जगह दबिश दे रही है। जल्द ही वो आरोपी भी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

# ईमानदारी व निष्ठा से किये गये कार्य के परिणाम निश्चित रूप से होते बेहतर: पुलिस अधीक्षक

## अधिकारी जन समस्याओं के समाधान में कौशल और प्रतिभा का करें प्रदर्शनः मुख्य कार्यकारी अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सिंह पूरी तरह से जनता को समर्पित है। सरकार द्वारा संचालित की जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं में इसका असर साफ तौर पर दिखाई पड़ रहा है। सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को जिस तरह से उनके मार्गदर्शन में धरातल पर लागू किया जा रहा है उससे आम जन की नजर में सरकार की छवि और बेहतर हुई है। जिला सचिवालय के सभागार में सोमवार को जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेन्द्र पाल मलिक ने कहा कि अधिकारियों को जनता समाधान शिविर में अपने प्रतिभा और कौशल का परिचय समस्याओं के समाधान में दिखाना चाहिए।



मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि समाधान शिविर में समस्याओं का जिस तरह से अधिकारी समाधान कर रहे है उससे शिविर में समस्याएं लेकर पहुंच रहा आमजन प्रशासन की कार्यशैली से पूरी तरह से प्रभावित है। अधिकारियों के प्रयास से जिस तरह से समस्याओं के समाधान में तत्परता से कार्य किया जा रहा है उससे समस्या लेकर पहुंच रहे शिकायतकर्ता संतुष्ट्द है।
पुलिस अधीक्षक लोकेन्द्र सिहं ने समाधान शिविर में विभाग से संबंधित पहुंची समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए कहा कि ईमानदारी व निष्ठा से अगर कार्य किया जाएं तो उसके परिणाम निश्चित रूप से बेहतर होते है। यह समाधान शिविर में दिखाई देना चाहिए। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उन्हीं के माध्यम से समाधान शिविर में समस्या का समाधान होना है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों को जांच पड़ताल कर समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। नगराधीश टीनू पोसवाल ने कहा कि किसी भी अधिकारी की टेबल पर समाधान शिविर से संबंधित समस्या बगैर समाधान के नहीं दिखाई दे। यह अधिकारियों को सुनिश्चित करना चाहिए। समाधान शिविर में अधिकारी और रूचि ले व उसका समाधान कम से कम समय में हो तभी जाकर समाधान शिविर यथार्थ रूप में सफल माने जाएंगे। समाधान शिविर में प्रार्थी बलबीर वासी नारा ने प्रशासन से अनुरोध किया कि उनकी उम्र 82 वर्ष हो चुकी है।

### ड्रोन पायलट के प्रशिक्षण के लिए किसान 5 फरवरी तक करें आवेदन

**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
उपायुक्त विरेन्द्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया है कि ड्रोन पायलट के प्रशिक्षण के लिए किसान 5 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया की जिला पानीपत में ड्रोन पायलट प्रशिक्षण के इच्छुक किसानो व बेरोजगार युवा के लिए सरकार ने ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। इच्छुक किसान विभागीय पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। उप निदेशक डा0 आत्मा राम गोदारा ने बताया कि आवेदन करने के लिए परिवार पहचान पत्र, शैक्षिक प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, सीएचसी/एफपीओ का सदस्य व मेरी फसल मेरा ब्योरा पर रजिस्ट्रेशन होना अनिवार्य है।

### पटवारियों ने सरकार के खिलाफ खोला मोर्चा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** प्रदेश में पटवारियों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार को करनाल में पटवारी संघ ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जिला सचिवालय में उपायुक्त कार्यालय पर पहुंचे पटवारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और 370 भ्रष्ट पटवारियों की लिस्ट को फर्जी करार दिया। पटवारियों ने कहा कि सरकार ने गैर-संवैधानिक तरीके से काम करते हुए यह लिस्ट वायरल की, जिसमें न केवल नाम गलत हैं, बल्कि जाति तक का जिक्र किया गया है। पटवारी दिनेश ने बताया कि जो सूची जारी की गई है, वह पूरी तरह निराधार है। लिस्ट में कई मृत पटवारियों के नाम शामिल हैं। क्या खुफिया एजेंसियों को यह भी पता नहीं कि जिन पटवारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया जा रहा है, वे दो साल पहले ही दुनिया छोड़ चुके हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि यह लिस्ट कहां से आई और किसने इसे वायरल किया। अगर यह गुप्त एजेंसियों से आई होती तो ऐसी बुनियादी गलतियां न होतीं। उसने कहा कि लिस्ट का उद्देश्य केवल पटवारियों को बदनाम करना है।

## शहर को स्वच्छ बनाने का किया जा रहा प्रयासः कंवलजीत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** जिला परिषद की चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि स्वच्छ हरियाणा मिशन के तहत धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र को विश्व का सबसे स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए शहर के आम नागरिक को भी स्वच्छता को लेकर अपना सहयोग और योगदान देना होगा। इस मामले में किसी प्रकार को कोई समझौता भी नहीं होगा। इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वच्छता महाअभियान के दौरान आदेश भी दे चुके है।
जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर सोमवार को स्वच्छ हरियाणा मिशन को लेकर स्थानीय पंचायत भवन के



कार्यालय में अधिकारियों की एक बैठक को सम्बोधित कर रही थी। इससे पहले जिप चेयरमैन ने सम्बन्धित विभाग अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी स्कूलों में सफाई व्यवस्था का विशेष रूप से ध्यान रखना होगा। स्कूलों में शौचालयों की सफाई व्यवस्था होनी चाहिए। इस कार्य में किसी प्रकार की कोई भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सभी स्कूलों की स्वच्छता सम्बन्धित रिपोर्ट देंगे और वे स्वयं भी 5 से 6 स्कूलों को रोजाना चैक करेंगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता अभियान में किसी प्रकार की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए, अगर कोई कमी पायी गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।
जिप चेयरमैन कंवलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश भर में स्वच्छता अभियान के तहत जुडने.का आह्वान किया। इस जिले में जब पूर्णतय स्वच्छता का वातावरण होगा तभी लोगों को बीमारियों से छुटकारा मिलेगा और जब सभी नागरिक स्वस्थ होगें तो प्रदेश तरक्की की राह पर आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र को स्वच्छ बनाने में संसाधनों की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस शहर के लिए जो भी संसाधन होंगे उन सबको सरकार द्वारा उपलब्ध करवाया जाएगा।

### ड्रग्स के विरुद्ध चला निर्णायक युद्ध: वर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक श्री ओपी सिंह, भापुसे साहब के दिशानिर्देशों एवं मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा, भापुसे और पंखुडी कुमार जी के नेतृत्व में हरियाणा में ड्रग्स के विरुद्ध एक निर्णायक युद्ध चला हुआ है। नशा तस्करों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई इस बात का साक्ष्य है कि 2023 में 3823 अभियोग अंकित कर 5870 से अधिक अपराधियों को कारागार तक पहुँचाया गया है तो वर्ष 2024 में 3331 अभियोग अंकित कर 5094 नशा तस्करों को कारागार का मार्ग दिखाया है। इसके साथ कोई नया व्यक्ति इस नशे की दलदल में न फंसे इसके लिए भी अलग से व्यवस्था की गयी है और वह है नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम। ब्यूरो द्वारा पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को जागरूकता कार्यक्रम के लिए नियुक्त किया गया है।

## हसला के जिला प्रधान ने प्रधान सतपाल को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) कुरुक्षेत्र के जिला प्रधान डॉ तरसेम कौशिक ने अपनी टीम के साथ नवनियुक्त राज्य प्रधान सतपाल सिंधु को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। हसला कुरुक्षेत्र के पूर्व जिला प्रधान डॉ दिनेश यादव, चेयरमैन सतबीर कौशिक, पूर्व राज्य कार्यकारिणी सदस्य राजेश सैनी, प्राचार्य बंसीलाल, लाडवा खंड प्रधान तिलकराज शर्मा, शाहाबाद खंड प्रधान संदीप



तंवर, बाबैन खंड प्रधान नीलम देवी, पिहोवा खंड प्रधान गुरमीत सिंह तथा अन्य प्राध्यापक साथियों ने नवनियुक्त राज्य प्रधान सतपाल सिंधु को शुभकामनाएं दी। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि शिक्षा विभाग हरियाणा के सबसे बड़े संगठन हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) के संगठन विस्तार को लेकर चली चुनावी प्रक्रिया ब्लॉक प्रधान, जिला प्रधान और राज्य प्रधान के चयन के साथ ही संपन्न हो गई है। उन्होंने बताया कि 14 दिसंबर

**शुभकामना**

**⏩ चुनावी प्रक्रिया में जहां सभी 22 जिलों से जिला प्रधान तथा 119 ब्लॉक से ब्लॉक प्रधान का चयन किया गया**

2024 से शुरू हुई इस चुनावी प्रक्रिया में जहां सभी 22 जिलों से जिला प्रधान तथा 119 ब्लॉक से ब्लॉक प्रधान का चयन किया गया जिन्होंने वोट के माध्यम से सतपाल सिंधु को पुनः अपना राज्य प्रधान चुना है। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि राज्य प्रधान के पद के लिए 06 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा था। जिसमें से 02 उम्मीदवारों ने नामांकन वापिस ले लिया था। हसला राज्य प्रधान का चुनाव 04 उम्मीदवारों सतपाल सिंधु, अजेंद्र कुंडू, जोगेंद्र लोहान और कृष्ण निर्माण के बीच लड़ा गया। रविवार को राज्य प्रधान के पद पर उम्मीदवारों के लिए वोटिंग हुई। जिसमें सतपाल सिंधु को कुल 68 मत मिले, वहीं दूसरे नंबर पर जोगेंद्र लोहान को 61 मत मिले।

## सोशल मीडिया पर कमेंट को लेकर विवाद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में पुरानी रंजिश के चलते एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। उन्होंने एक बाइक को बुरी तरह तोड़ दिया और दूसरी बाइक को आग के हवाले कर दिया। यह पूरी घटना सदर बाजार की है। दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया कि पहले उनके भाई पर चाकुओं से हमला किया गया था। उधर सदर बाजार के एक व्यक्ति ने मीडिया को बताया कि इन दोनों पक्षों के बीच कुछ सालों पहले सोशल मीडिया पर किसी कमेंट को लेकर झगड़ा हो गया था और तभी से लगातार ये दोनों पक्ष लड़ते रहते हैं। अभी तक किसी भी पक्ष ने पुलिस को शिकायत नहीं दी है, जिसके कारण पुलिस अपने स्तर पर इस मामले की जांच कर रही है।



सदर बाजार में रहने वाले रामेश्वर ने बताया कि दोनों पक्ष सदर बाजार के ही रहने वाले हैं और इन दोनों में काफी सालों से रंजिश चल रही है। कुछ सालों पहले इन दोनों पक्षों में सोशल मीडिया पर किसी कमेंट को लेकर झगड़ा हो गया था। इस विवाद के बाद से ही दोनों एक-दूसरे के कट्टर दुश्मन बन गए हैं। जब भी किसी पक्ष के लोगों को मौका मिलता है तो वह दूसरे पक्ष के लोगों के साथ मारपीट कर देते हैं। इन दोनों पक्षों की लडाई के कारण हमारा यहां पर रहना मुश्किल हो गया है। हर समय हमारे बच्चे डर के साये में रहते हैं। एक युवक ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि बीती रात करीब 9 बजे दूसरे पक्ष के लोगों ने सदर बाजार में मेरे भाई पर चाकू से हमला कर दिया। चाकुओं के साथ उन्होंने तलवार से भी कई वार किए, जिसकी वजह से मेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। जब तक हमें इस बात का पता चला तब तक वो लोग वहां से चले गए थे।
युवक ने बताया कि हमने अपने घायल भाई को उठाया और अस्पताल ले गए। वहां पर हमने उसे आइसीयू में भर्ती करवा दिया। हमने इस पूरे मामले की जानकारी पुलिस को भी दी, लेकिन पुलिस ने इस मामले में कोई भी कार्रवाई नहीं की।

### यमुनानगर में डीजे ब्वाय की हत्या

**यमुनानगर।** तहसील छछरौली के अंतर्गत यमुना नहर के दादूपुर हेड के पास एक हमले में 17 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। जिसमें एक युवक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। मृत युवक छात्र था और डीजे पर काम करता था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौप दिया। पुलिस ने परिजन के बयान के आधार पर दो आरोपियों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान आर्यन (17) निवासी दादूपुर के रूप में हुई।

## स्कूली विद्यार्थी कचरे का अलग-अलग करने के लिए करेंगे जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** जिला नगर आयुक्त पंकज सेतिया ने कहा कि अब धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थी कुरुक्षेत्र में गीले व सूखे कचरे का अलग-अलग प्रबंधन करवाने के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के लिए ब्रांड अंबेसडर की भूमिका अदा करेंगे। इन विद्यार्थियों को नगर परिषद की तरफ से बकायदा ट्रेनिंग दी जाएगी। इसके लिए 8 मास्टर ट्रेनर भी रखें गए है। डीएमसी पंकज सेतिया सोमवार को नगर परिषद की तरफ से कौशिक क्लासिस शिक्षण संस्थान में स्वच्छता अभियान को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में बोल



रहे थे। इससे पहले डीएमसी पंकज सेतिया ने कौशिक क्लासिस के विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वच्छ कुरुक्षेत्र के मिशन और उपायुक्त नेहा सिंह की कुरुक्षेत्र को स्वच्छ बनाने की योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी और शहर को स्वच्छ बनाने के प्रस्ताव के बारे में विस्तार से चर्चा भी की है। डीएमसी पंकज सेतिया ने कौशिक क्लासिस शिक्षण संस्थान से गीले सूखे कचरे का अलग-अलग प्रबंधन करने के जागरूकता अभियान का आगाज करते हुए कहा कि कुरुक्षेत्र के सभी स्कूलों और शिक्षण संस्थानों को स्वच्छता अभियान के साथ जोड़ा जाएगा। इस अभियान को सफल बनाने के लिए स्कूलों के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए 8 मास्टर ट्रेनर की डयूटी लगाई

**अभियान**

**⏩ उपायुक्त नेहा सिंह की कुरुक्षेत्र को स्वच्छ बनाने की योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी**

गई है। उन्होंने कहा कि हर स्कूल हर शिक्षण संस्थान में जाकर स्कूली विद्यार्थियों को गीले और सूखे कचरे का अलग प्रबंधन करने के प्रति ट्रेंड किया जाएगा। यह विद्यार्थी अपने-अपने घरों माहौल्लों में जाकर लोगों को गीले व सूखे कचरे का अलग-अलग प्रबधंन करने के लिए जागरूक करेंगे।

## सचदेवा ने किया गोयल पुरस्कार घोषणा विवरणिका का विमोचन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने 17 जनवरी 2025 को आयोजित कमेटी की बैठक में गोयल पुरस्कार 2023-24 की घोषणा विवरणिका का विमोचन किया। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि देश में बेसिक साइंस व अप्लाईड साइंस में उन्नति एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए भारतीय वैज्ञानिकों को गोयल पुरस्कार एवं युवा वैज्ञानिकों के लिए राजीब गोयल पुरस्कार से सम्मानित करना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए बड़े गर्व का विषय है। अब इस घोषणा के माध्यम से 2023-2024 की अवधि के लिए युवा वैज्ञानिकों के लिए गोयल पुरस्कार और राजीब गोयल पुरस्कार



के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। नामांकन गूगल फॉर्म के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक/डिजिटल रूप से प्रस्तुत करने होंगे। गोयल पुरस्कार आयोजन समिति की संयोजक प्रो. अनीता भटनागर ने बताया कि इन पुरस्कारों की स्थापना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 1991 में श्रीराम एस. गोयल, शिकागो, यूएसए से एक अनिवासी भारतीय द्वारा अपने लंबे समय के मित्र प्रो. एस. पी. सिंह के परामर्श से की गई थी। चूंकि प्रो. सिंह विश्वविद्यालय में संकाय सदस्य थे, इसलिए इस उद्यम को शुरू करने के लिए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को चुना गया। उन्होंने बताया कि इन पुरस्कारों के अलावा, विश्वविद्यालय शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को मान्यता देने के लिए शांति पुरस्कार भी प्रदान करता है। यद्यपि श्री राम एस. गोयल अब हमारे बीच नहीं हैं, फिर भी हम दान देने वाले की इच्छा अनुसार इन पुरस्कारों की भावना को मूर्त रूप देने वाले उच्च मानकों और उद्देश्यों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**गर्व का विषय**

**⏩ राजीब गोयल पुरस्कार से सम्मानित करना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए बड़े गर्व का विषय**

उन्होंने बताया कि नामांकन गूगल फोर्म के साथ अपलोड की गई सामग्री की हार्ड कॉपी का एक सेट प्रोफेसर अनीता भटनागर, संयोजक, गोयल पुरस्कार, प्राणीशास्त्र विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र-136119 को पंजीकृत डाक के माध्यम से 31 मार्च, 2025 तक भेजा जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस घोषणा का विज्ञापन करंट साइंस में, विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी किया जाएगा और देश भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों, शोध प्रयोगशालाओं और संस्थानों में व्यापक
प्रसार के लिए भेजा जाएगा। प्रो. हरि सिंह, प्रो. एनके माटा, प्रो. सुनील ढींगरा, प्रो. अनिता भटनागर, प्रो. संजीव अरोड़ा तथा डॉ. संगीता सैनी मौजूद रही। गोयल पुरस्कार के लिए 2 लाख व राजीब गोयल के लिए 1 लाख रुपये का पुरस्कार
गोयल पुरस्कार आयोजन समिति की संयोजक प्रो. अनीता भटनागर ने बताया कि
अप्लाईड साइंस, रासायनिक विज्ञान, जीवन विज्ञान और भौतिक विज्ञान के क्षेत्र में दिए जाने वाले गोयल पुरस्कारों में 2 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक पदक और एक प्रशस्ति पत्र शामिल है।

## आर्य बाल भारती स्कूल में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
आर्य बाल भारती स्कूल परिसर में छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । समारोह के मुख्य अतिथि विद्यालय के प्रधान रणदीप आर्य रहे । अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अशोक आर्य ने की । उप प्राचार्य जगदीश चहल ने कार्यक्रम के बारे विस्तृत जानकारी दी । कार्यक्रम का शुभारम्भ गायत्री मंत्र से हुआ । इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने ऋषि दयानंद, स्वामी श्रद्धानंद, स्वामी स्वतंत्रानंद, महाराजा सूरजमल, भारत रत्न चौधरी चरण



सिंह, अमर शहीद रणजीत सिंह और आचार्य बलदेव को भी बार झ बार याद किया ।
समारोह को संबोधित करते हुए रणदीप आर्य ने कहा कि वर्तमान सरकार ने अपने शासन के 11 वर्षों में देश को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बना दिया है और अगले कुछ वर्षों में तीसरी आर्थिक महा शक्ति बनाने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं जिसके फल स्वरूप एशिया में सबसे अधिक खरबपति भारत में बन गए हैं।

नई दिल्ली, 21 जनवरी 2025
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

## न्यूज फ्लैश

### घर के बाहर से दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: शहर** थाना सोनीपत क्षेत्र में घर के बाहर से दो-पहिया वाहन के चोरी होने का मामला सामने आया है। वाहन चालक ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। वेस्ट राम नगर निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया कि उसने गत 17 जनवरी को अपनी बाइक को घर के बाहर खड़ा कर दिया। रात को आठ बजे निकलकर देखा तो बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी दिनेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द वाहन चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विक्की उर्फ इमरान निवासी दिनपुर दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उसी दौरान अवैध हथियार के मिलने की सूचना मिली। टीम ने छापेमारी करते हुए संदिग्ध हालत में घुम रहे युवक को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास एक पिस्तौल देशी, एक जिंदा रौंद बरामद हुआ। इस संबंध में सेक्टर-27 में मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले में कार्रवाई करते हुए सिपाही संजय की टीम ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### कोठरे के गेट का ताला तोड़कर मोटर व सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव भदाना में किसान के खेत में बने कोठरें से मोटर वा सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। किसान ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव भदाना निवासी अनूप सिंह ने बताया कि उसने अपने खेत में कोठरा बना रखा है। जिसमें जरूरत के हिसाब से सामान रखा रहता है। किसी ने कोठरें से पांच एचपी की मोटर, दो चैन ब्लॉक तीन-तीन टन व छह एमएम कॉपर केवल की करीब 110 फीट व अन्य सामान को चोरी कर लिया। जांच अधिकारी एसआई नरेंद्र ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### घर से पार्लर पर जाने के लिए निकली युवती संदिग्ध हालत में लापता

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव भठगांव में घर से पार्लर जाने के लिए निकली युवती के संदिग्ध हालत में युवती लापता हो गई। परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर अज्ञात पर बंधक बनाकर रखने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव भठगांव निवासी बलजीत ने बताया कि उसकी 22 वर्षीय बेटी घर से पार्लर जाने के लिए निकली थी। देर शाम तक वापस घर नहीं पहुंची। अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया।

# इंडस्ट्रीज लगने से होगा ग्रामीण क्षेत्रों का विकास: अनिल विज

## इंडस्ट्री विभाग द्वारा उद्योगपतियों को सरकारी स्कीम का लाभ सुगम तरीके से पहुंचाया जा रहा है

**बढ़ावा**

**▶▶ सरकार द्वारा इंडस्ट्री को बढ़ावा देने वाली स्कीमों को मौके पर मौजूद व्यापारियों व उद्योगपतियों को समझाया गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** गांव छज्जूमाजरा में ए.डी. सिटी प्रोजेक्ट कंपनी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में एमएसएमई विभाग हरियाणा के ज्वाईंट डायरेक्टर रितुल सिंगला द्वारा हरियाणा सरकार द्वारा इंडस्ट्री को बढ़ावा देने वाली स्कीमों को मौके पर मौजूद व्यापारियों व उद्योगपतियों को समझाया गया तथा उनके द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब भी दिया गया। रितुल सिंगला ने बताया कि इंडस्ट्री विभाग द्वारा उद्योगपतियों को सरकारी स्कीम का लाभ सुगम तरीके से पहुंचाया जा रहा है, जिससे उन्हें अधिक से अधिक लोगों को भी सब्सिडी जोन में फैक्ट्री लगाने के लिए प्रेरणा दी जा रही है। इस अवसर पर कैनरा बैंक के जीएम जी.ए. अनुपम द्वारा सरकार की पॉलिसी को सशक्त करने व इंडस्ट्री लगाने में बैंक द्वारा किए जाने वाले आर्थिक योगदान को समझाया गया। उन्होंने बताया कि आज के समय में फैक्ट्री लगाने में व्यक्ति को आने वाली आर्थिक परेशानियां पूर्व की भांति नहीं रह गई हैं अपितु बैंक जमीन खरीदने से लेकर फैक्ट्री लगाने व मशीनरी खरीदने तक के लिए अधिकतम सहयोग कर रहा है जिससे उद्योगपति के सपने को साकार करने में कोई दिक्कत न आए। समाजसेवी कपिल विज ने मौके पर पहुंचकर उपस्थित लोगों को प्रदेश की तरक्की में इंडस्ट्री के लगने का महत्व समझाया तथा कहा कि समाज की उन्नति तभी संभव है जब शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी उद्योग को बढ़ावा मिले। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि वे सरकार द्वारा घोषित शहजादपुर एरिया में फैक्ट्री लगाकर अधिक से अधिक स्कीमों का फायदा उठाएं। इस अवसर पर कंपनी की डायरेक्टर यशस्विनी आनंद ने बताया कि हरियाणा सरकार की पॉलिस का पालन करते हुए कंपनी द्वारा संपूर्ण सुविधाओं से युक्त इंडस्ट्रियल पार्क का निमार्ण किया गया है तथा बुनियादी जरूरतों को पहले से तैयार करने के कारण उद्योगपतियों का काफी पैसा भी बचेगा जिससे वह तुरंत अपनी फैक्ट्री लगाकर सब्सीडीज का फायदा उठा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि उद्योगपतियों को बताया कि हरियाणा सरकार की पॉलिसी एचईईपी 2020 के तहत शहजादपुर जोन को इंडस्ट्रियल एरिया घोषित किया गया है जहां पर फैक्ट्री लगाने वाले को अनगिनत सरकारी सब्सिडीज को प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है जोकि कई वर्षों तक लगातार मिलता रहेगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास व अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के प्रयोजन को सिद्ध करने के लिए ही सरकार ने इस पॉलिसी के अतिरिक्त कई ग्रामीण स्कीमों को चलाया है जिससे लोगों ग्रामीण एरिया की ओर आकर्षित किया जाए। इस अवसर पर मनु आनंद, संजय शर्मा, रिषि आनंद, मनन कालड़ा, मयूर मंचल, नैना आनंद इत्यादि मौजूद रहे।

# महादेव की कृपा से ही कुंभ की अग्नि में नहीं हुई कोई जनहानि



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** प्रयागराज में जारी भव्य कुंभ मेले के सेक्टर 19 क्षेत्र में लगे टेंट शिविर में गैस सिलेंडर फटने से भड़के विशाल अग्निकांड में किसी भी श्रद्धालु,संत-महात्मा की जान नहीं गई जिससे शासन, प्रशासन सहित आम जन-मानस ने राहत की सांस ली है।इस अग्निकांड बारे उत्थान सामाजिक संस्था के अध्यक्ष अनिल वर्मा ने कहा कि महादेव की कृपा से ही इस विकराल अग्निकांड में किसी भी श्रद्धालु के प्राणों को कोई क्षति नहीं पहुंची ह
ै जिस कारण मेले की गरिमा अक्षुण्ण बनी रही है।इसके लिए वो महादेव को कोटि- कोटि धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि यद्यपि गैस सिलेंडर फटने से मेला क्षेत्र में काफी बड़े क्षेत्र में अग्नि ने विकराल रूप धारण कर

**राहत की सांस**

**▶▶ इस विकराल अग्निकांड में किसी भी श्रद्धालु के प्राणों को कोई क्षति नहीं पहुंची है: अनिल वर्मा**

लिया था तथापि भारी भीड़ होने के बावजूद किसी भी श्रद्धालु की जान न जाना किसी दैवीय चमत्कार से कम नहीं है।अनिल वर्मा ने कहा कि ऐसी भीषण आग का लगना जांच का विषय है और हो सकता है उत्तर प्रदेश सरकार व मेला प्रशासन इस अग्निकांड की उच्च स्तरीय जांच भी करवाएं लेकिन इस अग्निकांड में कोई भी जन-हानि ना होने से सबने राहत की सांस ली है और कुंभ मेला निर्विघ्न रूप से अपने भव्य रूप में जारी है।

# तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक सवार दो युवकों को चपेट में लिया, गंभीर हालत के चलते पीजीआई रेफर

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र के गांव रोहट-ककरोई सड़क मार्ग पर तेज रफ्तार कैंटर ने दो-पहिया वाहन को चपेट में लिया। हादसे में वाहन पर सवार दो युवक घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद उसे पीजीआई रेफर कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। गांव फतेहपुर निवासी युवक ने बताया कि वह 11वीं कक्षा को छात्र है। वह गत 15 जनवरी को अपने दोस्त अंकित के साथ गांव सरगथल के लिए चले थे। गांव रोहट-ककरोई के पास पहुंचे। उसी दौरान एक तेज रफ्तार कैंटर ने उन्हें चपेट में ले लिया। हादसे में दोनों घायल हो गए। घायलों को राहगीरों ने उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पीजीआई में घायलों ने अपना उपचार करवाया। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज किए। जांच अधिकारी एसआई सिलेंद्र की टीम ने आरोपित कैंटर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# 26 जनवरी को होगा 51 कुंडीय यज्ञ एवं समरसता सम्मेलन: अशोक

**सेवा भारती**

**▶▶ वैदिक परिवार एवं सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा**



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**26 जनवरी** को ज्ञान दीप सेवा धाम, जाटल रोड़ पर 51 कुंडीय यज्ञ एवं समरसता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सेवा भारती के नगर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में दी। उन्होंने कहा कि वैदिक परिवार एवं सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंत में समरसता भोज रहेगा।
वैदिक परिवार के सचिव डॉ. राजबीर आर्य ने बताया कि दुनिया की हर महिला एवं पुरुष चाहे वह किसी भी जाति, मत, संप्रदाय का हो वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कर्म यज्ञ को कर सकता है। इसी के निमित्त वैदिक परिवार एवं सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में सर्वसमाज के लोग परिवार सहित 51 यज्ञ कुंडों पर यज्ञ करेंगें। जिसमें स्वर्ण,
पिछड़े,अनुसूचित जाति के साथ साथ सर्व समाज के लोग भाग लेंगे। डॉ आर्य ने बताया कि यज्ञ प्रसिद्ध वैदिक विद्वान आचार्य ओमप्रकाश शास्त्री के निर्देशन में संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की मुख्यातिथि जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक सुश्री नीतू जांगड़ा होंगी, अध्यक्ष प्रसिद्ध समाजसेविका विजय लक्ष्मी पालीवाल होंगी। डॉ आर्य ने बताया कि कार्यक्रम में प्रसिद्ध समाजसेवी गोपाल तायल के कर कमलों से ध्वजारोहण होगा। डॉ आर्य ने बताया कि यज्ञ में मुख्य यज्ञमान के तौर पर अनुपम बंसल , राकेश बंसल, मीना सैनी , वीरभान सैनी, ज्योति गुप्ता , राधेश्याम गुप्ता, सुमन कुंडु , नवनीत कुंडु , पावनी बंसल ,अनिरुद्ध बंसल, रेखा सिंगला एवं निरंजन सिंगला यज्ञ में शामिल होंगे। आज कार्यक्रम स्थल पर व्यवस्था के निमित्त बैठक हुई। जिसमें सेवा भारती के नगर अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, सचिव सुरेश गांधी, हेमंत मराठा, इंद्र गुलाटी, सुनील तथा वैदिक परिवार से दलबीर आर्य, अशोक अरोड़ा, आशीष दुहन, सतनारायण गुप्ता, सतीश सैनी, डॉ राजबीर आर्य, हैरी सैनी, प्रेम गिरधर आदि उपस्थित रहे।

# कृषि विभाग विकसित नई किस्म सीओ 15023 को बढ़ावा देगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: कृषि** विभाग की तरफ से किसानों को रेड रोट और टॉप बोरर के रोगों से बचाव व फसल में मुनाफा बढ़ाने के लिए विकसित नई किस्म सीओ 15023 की किस्म को बढ़ावा देगा। विभाग की तरफ से किस्म को बढ़ावा देने वाले किसान को प्रोत्साहन राशि भी देगा। किसान को इसके लिए पोर्टल पर पंजीकरण करवाना होगा। इसके लिए पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा। विभाग की तरफ से पोर्टल को सात फरवरी तक ओपन किया है। बता दें कि जिले में काफी बड़ी संख्या में किसान गन्ने का उत्पादन करते है। वहीं जिले में दो चीनी मिल है। जिसमें समय पर किसानों के साथ मिल बॉडिंग करता है। वही जिले में गन्ने की मौजूदा कई किस्मों में अलग-अलग प्रकार के रोग गन्ना उत्पादन पर प्रतिकूल असर डालते है। ऐसे में सीओ 15023 किस्म विकसित की गई है। उक्त किस्म में रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक है। इसके अतिरिक्त

**प्रतिकूल**

**▶▶ जिले में गन्ने की मौजूदा कई किस्मों में अलग-अलग प्रकार के रोग गन्ना उत्पादन पर प्रतिकूल असर डालते है**

इस किस्म की लम्बाई अधिक है। यही नहीं यह आठ से नौ माह में ही तैयार हो जाती है। ऐसे में किसान गेहूं और गन्ना दोनों उगा सकते हैं। किसान इस गन्ने की बिजाई अक्टूबर से लेकर मार्च माह तक कर सकते हैं। उक्त किस्म से प्रति एकड़ 400 से साढ़े 400 क्विंटल गन्ने की पैदावार होती है। परिणामस्वरूप सरकार उक्त किस्म को बढ़ावा देने के लिए किसानों को अनुदान राशि जारी करेगी।
**बीज तैयार करने वाले किसान को मिलेगी पांच हजार की अनुदान राशि-** कृषि विभाग द्वारा गन्ने की उक्त किस्म को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नर्सरी बीज तैयार करने वाले किसानों को जहां पांच हजार रुपए का अनुदान दिया जाएगा, वहीं चौड़ी विधि से अपने खेत में उक्त किस्म का गन्ना उगाने वाले किसानों को तीन हजार रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से प्रोत्साहन राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। एकल आंख विधि द्वारा गन्ने की बिजाई करने पर भी 3 हजार रुपए की अनुदान राशि किसान को दी जाएगी।

# सोहनलाल डीएवी गर्ल्ज स्कूल में नए सत्र का शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सोहनलाल डी. ए. वी. गर्ल्ज सीनियर सैकेंडरी स्कूल अंबाला शहर में नए सत्र 2025 का शुभारंभ हवन यज्ञ से किया गया। इस हवन यज्ञ में स्कूल की प्रधानाचार्या नीरू अरोड़ा व स्कूल के अन्य अध्यापक गण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस हवन यज्ञ में मौजूद विद्यार्थी आर्य चिराग के द्वारा वैदिक मंत्रों का उच्चारण किया गया और वहां मौजूद सभी गणों द्वारा हवन कुंड में आहुति डाली गई ।यज्ञ संपन्न होने के बाद छात्राओं द्वारा सभी का तिलक करते हुए प्रसाद वितरित किया



गया। पूजा अर्चना के बाद स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती नीरू अरोड़ा जी ने परमात्मा से यह प्रार्थना की कि यह वर्ष हर प्रकार की विपदाओं से सुरक्षित रहे ताकि बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा नहीं आए और विद्यार्थियों को भी प्रेरित करते हुए कहा कि वह अधिक मेहनत कर स्कूल के साथ-साथ अपने माता-पिता व अपने क्षेत्र का नाम भी रोशन करें।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवती की मौत

**सोनीपत: दिल्ली-अंबाला** रेलमार्ग पर अप ट्रैक पर तेज रफ्तार से आ रही हमसफर एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवती की मौत हो गई। हादसा सोनीपत रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-2 पर शनिवार को उस समय हुआ, जब महिला रेलवे लाइन पार करने का प्रयास कर रही थी। हादसे की सूचना पर जीआरपी मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। जांच अधिकारी एएसआई अजय कुमार ने बताया कि युवती की उम्र करीब 25-30 साल आंकी जा रही है। मृतक के शरीर पर काली जर्सी, काली जींस व लाल रंग की जैकेट मिली है। शव की पहचान नहीं हो पाई है। जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल भिजवा दिया है।

# हत्या करने के आरोपित व इनामी बदमाश को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत: कुंडली** थाना पुलिस ने ट्रांसपोर्टर की गोली मारकर हत्या करने के आरोपित व पांच हजार रुपये के ईनामी बदमाश को आठ माह बाद गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित नविंद्र उर्फ गोलू निवासी वाजिदपुर सबौली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव सबौली निवासी हरीश ने 22 अप्रैल को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उसका चाचा अमरजीत उर्फ मोनू (38) ट्रांसपोर्ट का काम करते था। वह रविवार रात को अपने चाचा के साथ स्कूटी पर सवार होकर खाना

**काबू**

**▶▶ पुलिस ने आरोपित को अदालत में किया पेश, अदालत ने आरोपित को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा**

लेने दिल्ली के नरेला होटल पर जा रहे थे। जब वह सबौली-नरेला रोड पर गांव की फिरनी में पहुंचे तो इसी दौरान वहां कार खड़ी मिली। सडक किनारे खड़ी कार में गांव का गोलू व आशीष उर्फ बाली, झज्जर के गांव लडरावण का मुकेश उर्फ सीटू तथा सीटू का दोस्त बैठे थे। जब वह उनकी कार के पास से गुजरने लगे तो गोलू ने आवाज देकर उन्हें रुकवा लिया। गोलू भी उनके चाचा अमरजीत की तरह ट्रांसपोर्ट का काम करता है। गोलू ने उन्हें रोकते ही उनके चाचा को कहा कि तू मेरे काम में ज्यादा दखल अंदाजी करता है। मैंने तुझे पहले भी समझाया था, तू अकेला ट्रांसपोर्टर बनना चाहता है। जिसके बाद कार में बैठे चारों युवक उनके साथ गाली-गलौज करने लगे। साथ ही उन्हें धमकी देने लगे। हरीश का कहना है कि वह अपने चाचा को वहां से लेकर वापस मुड़कर जाने लगे। इसी दौरान गोलु ने अपने दोस्त सीटू को कहा कि गोली मार दे। इस दौरान सीटू ने कार से नीचे उतर कर पिस्तौल से गोलियां चलानी शुरू कर दी। हरीश ने आरोप लगाया कि आरोपी ने तीन फायर किए। जिसमें एक गोली उनके कान के पास से गई तो वह बाल-बाल बच गए। इसी दौरान गोली उनके चाचा की कमर के निचले हिस्से में आकर लगी। जिससे उनके चाचा घायल हो गए। जिसके बाद हमलावर भाग गए। वह गांव के ही मोहित के साथ अपने चाचा को कार में लेकर बहालगढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल में पहुंचे। जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया। वह उन्हें एक अन्य निजी अस्पताल में ले गए। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

# दो खिलाड़ियों ने कराटे चैंपियनशिप में झटके मेडल्स

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के दो खिलाड़ियों ने आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे चैंपियनशिप में तीन मैडल जीतकर कॉलेज और जिले का मान बढाया है । एमडी यूनिवर्सिटी रोहतक में आयोजित कराटे की व्यक्तिगत प्रतिस्पधाओं में 67 किलोग्राम भारवर्ग में जतिन सैनी ने रजत, 84 किलोग्राम भारवर्ग में दीपांशु रोहिला ने रजत और टीम फाइट में जतिन सैनी ने कांस्य पदक पर कब्जा किया । विजेता खिलाड़ियों का कॉलेज प्रांगण में पहुँचने पर स्वागत कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल, प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्षा डॉ सुशीला बेनीवाल, प्रो रेखा, प्रो



अंकुश मलिक, प्रो आनंद, ग्राउंड्समैन प्रताप सिंह और अन्य प्राध्यापकों ने किया । सबसे अधिक हर्ष का विषय यह रहा कि इन दोनों खिलाड़ियों का चयन यूनिवर्सिटी खेलो इंडिया चैंपियनशिप के लिए भी हो गया है जिसमें देश के टॉप 8 खिलाड़ी ही भाग ले पाते है । जतिन वैसे भी कराटे में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खुद का लोहा मनवा चुके है और कराटे में नेशनल मैडल एवं नार्थ जोन यूनिवर्सिटी में रजत पदक जीत चुके है । दीपांशु ने भी जूनियर नेशनल में रजत और स्कूल नेशनल गेम्स में कांस्य पदक पर कब्जा किया है । प्रधान दिनेश गोयल ने अपने आशीर्वचन में कहा कि जतिन और दीपांशु ने जो उपलब्धि

**मान**

**▶▶ आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कराटे चैंपियनशिप में तीन मैडल जीतकर कॉलेज और जिले का मान बढाया**

हासिल की है वह हर विद्यार्थी के लिए गौरव और हर्ष का विषय है । इस जीत के पीछे इन सबकी लगन और कड़ी मेहनत का हाथ है । खेल सभी के जीवन में, विशेष रुप से विद्यार्थियों के जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं । खेल गतिविधियों में शामिल होना हर व्यक्ति के लिए कई तरह से फायदेमंद होता है । खेल न केवल शारीरिक ताकत प्रदान करते है बल्कि इनसे हम मानसिक रूप से भी शक्तिशाली और मजबूत बनते है । अब तो खेल हमें अपने पैरो पर भी खड़ा होने में मदद करने लगे है । विश्वविधालय और राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेना और फिर स्वर्ण पदक जीतना अपने आप में गौरवपूर्ण उपलब्धि है । इन खिलाडियों ने यही संदेश और प्रेरणा हम सभी को दी है । कॉलेज अपने खिलाड़ियों को हर तरह से प्रोत्साहित करता है और भविष्य में भी उन्हें इसी प्रकार से प्रेरित करता रहेगा ।
डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि कराटे प्रशिक्षण और कराटे चैंपियनशिप के माध्यम से खिलाड़ियों के आत्मबल वृद्धि होती है।

# पुलिस लाइन सोनीपत में सूर्यनमस्कार के साथ की जा रही 76वें गणतंत्र दिवस की तैयारियां

**टीम एक्शन इंडिया**
**76वें** गणतंत्र दिवस को सफल बनाने के लिए जिला पुलिस लाइन सोनीपत में 500 से अधिक विद्यार्थियों ने योग क्रिया सूर्यनमस्कार का अभ्यास किया। सूर्यनमस्कार अभियान को सफल बनाने के लिए जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ बलविंद्र सिंह जी, जिला योग समन्वयक डॉ विनोद कुमार जी और जिला योग विशेषज्ञ श्रीमती संगीता जी के नेतृत्व में आयुष योग सहायक जीत राम, धीरज, पूजा ने शारीरिक शिक्षक राकेश दत्त के साथ पुलिस लाइन में सूर्यनमस्कार का अभ्यास कराया जा रहा है। जहां नियमित रूप विद्यार्थी मास



पी.टी. के साथ सूर्यनमस्कार की बारीकियों को अच्छे से समझ रहें हैं और अभ्यासों का शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव का लाभ उठा रहे हैं। आयुष विभाग हरियाणा एवं योग आयोग हरियाणा के अंतर्गत प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी "12 जनवरी 2025 स्वामी विवेकानंद जयंती से 12 फरवरी 2025 स्वामी दयानंद सरस्वती जयंती" तक चलाया सूर्य नमस्कार अभियान। यह अभियान स्कूलों, कालेजों और विश्वविधालय के साथ साथ विभिन्न संस्थानों में भी किया जा रहा है।

# एम डी डी ऑफ इंडिया ने नीति आयोग-एवीए की साझेदारी का किया समर्थन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण के इको सिस्टम को मजबूती देने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए भारत सरकार के नीति आयोग और एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन ने देश के सबसे पिछड़े क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा, सुरक्षा और सशक्तीकरण तथा अगले एक साल में देश के 104 प्रखंडों के 15,000 गांवों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने के लिए हाथ मिलाया है। इस आशय के मंतव्य पत्र पर नई दिल्ली में दस्तखत किए गए। नीति आयोग और एवीए की इस साझेदारी का स्वागत और समर्थन करते हुए एम डी डी ऑफ इंडिया ने कहा कि इस कदम से




उनकी कोशिशों को एक नई उर्जा और गति मिली है और वे ...(जिले का नाम) को बाल मजदूरी, बाल विवाह, बच्चों की ट्रैफिकिंग और बाल यौन शोषण जैसे बच्चों के खिलाफ सभी तरह के अपराधों से मुक्त कराने के प्रयासों में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ेंगे। एवीए और एम डी डी ऑफ इंडिया दोनों ही बाल अधिकारों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए देश के 416 जिलों में काम कर रहे 250 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठनों के नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के सहयोगी हैं। दो-वर्षीय एसओआई के तहत अगले दो सालों में देश के 73 जिलों के आकांक्षी प्रखंडों के इन गांवों के आर्थिक रूप से बेहद कमजोर उन परिवारों के बच्चे जो शोषण, उत्पीड़न, बाल मजदूरी या बाल विवाह दृष्टि से संवेदनशील हैं, के लिए "सुरक्षित बाल ग्राम" के रूप में एक सुरक्षा घेरा विकसित किया जाएगा।

**पहल**

**▶▶ जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिये सतत और अनथक प्रयास कर रहे हैं**

यह पहल 2018 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) के साथ एकरूपता और तालमेल में है, जिसका लक्ष्य देश भर के 112 सबसे अविकसित जिलों में रूपांतरकारी बदलाव लाना है।

इस पहल के साथ एकजुटता जताते हुए एम डी डी ऑफ इंडिया के कार्यकारक सुरिंदर सिंह मान ने कहा, हम भारत सरकार के बाल विवाह मुक्त भारत अभियान पर अमल करते हुए अपने जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के लिये सतत और अनथक प्रयास कर रहे हैं। एवीए और नीति आयोग की इस साझेदारी से हमारे प्रयासों को और बल मिलेगा। एवीए के साथ मिलकर हम जिले को बाल विवाह मुक्त बने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने सोमवार को रजापुर गांव के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया।

नशा मुक्त अभियान के जिला में नोडल अधिकारी नरेंद्र सिंह ने कहा कि जीवन में किसी लक्ष्य को प्राप्त करना है तो हमें नशे से दूर रहना होगा। नशे से दूर रहेंगे तो जीवन में हर वह लक्ष्य पा सकते हैं जिसकी हम कल्पना करते हैं। नशा एक ऐसी चीज है जो हमारे सपनों को तो खत्म करता ही है साथ ही साथ हमें अंदर से खोखला भी बनाता है। आज का युवा अपने मकसद और




अपने सपनों से सिर्फ इसलिए भटक रहा है क्योंकि वह नशे की गिरफ्त में जा रहा है। यह एक गंभीर समस्या है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाणा पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसी कडी में पुलिस स्कूल, कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया जा रहा है। उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह ने कहा कि नशा शरीर और मस्तिष्क पर बहुत गलत प्रभाव डालता है। नशा का आदी होना आसान है परंतु इसकी लत से छुटकारा पाना बेहद मुश्किल है। नशा व्यक्ति के शरीर के लिये तो हानिकारक है ही साथ में यह अपराध करने का मुख्य कारण भी बनता है। जो व्यक्ति नशा करने लग जाता है वह पैसे ना होने पर अपराधिक वारदातों को अंजाम देने शुरू कर देते है।

## न्यूज फ्लैश

### कुंटिया कार्यकारियणी व पूर्व प्रधानों ने किया केयू रोड़ समाज कर्मचारी एसो. के प्रधान का स्वागत




**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के गैर-शिक्षक कर्मचारी संघ कार्यालय में सोमवार को कुंटिया कार्यकारिणी तथा पूर्व प्रधान रामकुमार गुज्जर व नीलकंठ शर्मा ने केयू रोड़ समाज कर्मचारी एसोसिएशन के प्रधान तेजा सिंह जडौला का स्वागत किया। इस अवसर कुंटिया महासचिव रविन्द्र तोमर, सह सचिव मनीष बालदा, प्रैस सचिव अमित भुक्कल, कोषाध्यक्ष अर्जुन सिंह, सुभाष जडौला, शोभा सिंह, लक्ष्मण सिंह, यशपाल सैनी, पवन शर्मा, डॉ. सुभाष जडौला, साहब सिंह गुज्जर, सतपाल आहूं, संदीप जडौला सहित अन्य साथियों ने पुष्पगुच्छ देकर प्रधान तेजा सिंह जडौला का अभिनंदन किया। केयू रोड़ समाज कर्मचारी एसोसिएशन के नवनियुक्त प्रधान तेजा सिंह जडौला ने इस अभिनंदन के लिए सभी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि वे रोड़ समाज के प्रधान होने के नाते कुंटिया के मान-सम्मान को बढ़ाने का भी कार्य करेंगे।

### टेलीकॉम कर्मचारियों पर अचानक हुआ हमला



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले में टेलीकॉम कंपनी के अंडरग्राउंड केबल मेंटेनेंस की निगरानी कर रहे कर्मचारियों पर छह हमलावरों ने अचानक हमला बोल दिया। घटना शहर के बाहरी इलाके में आधी रात करीब साढ़े 12 बजे की है, जब पीड़ित कर्मचारी गौतम और सोनू ड्यूटी पर थे। हमलावर स्कॉर्पियो गाड़ी में आए थे, जिन्होंने कर्मचारियों से पहले गाली-गलौज की और फिर मारपीट शुरू कर दी। इस वारदात के दौरान हमलावरों ने मोबाइल फोन और बोलेरो गाड़ी लूट ली। पीड़ितों ने अपने सीनियर अधिकारियों को पूरा मामला बताया और सिटी थाने में शिकायत दी। गौतम ने बताया कि रात के सन्नाटे में अचानक स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर छह लोग आए। उनमें से दो युवक हमारी ओर बढ़े और आते ही बदतमीजी करने लगे। उन्होंने कहा कि यह पाइप हटाओ। हमने समझाया कि यह पाइप हमारी कंपनी का नहीं, किसी और का है। लेकिन वे सुनने को तैयार नहीं थे। गुस्से में उन्होंने अपनी स्कॉर्पियो पाइप पर चढ़ा दी। इसके बाद उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। हम घबरा गए, लेकिन कुछ समझने से पहले उन्होंने हमारे मोबाइल छीन लिए और बोलेरो की चाबी लेकर गाड़ी भगाकर ले गए। गौतम ने बताया कि आरोपियों ने करीब 10-15 मिनट बाद गाड़ी लौटाई, लेकिन गाड़ी की हालत खराब हो चुकी थी। गाड़ी को ठोका गया था और इसमें भारी नुकसान हो गया। हम डर गए थे कि वे दोबारा हमला कर सकते हैं। कर्मचारी सोनू ने बताया कि वे जियो टेलीकॉम में अंडरग्राउंड केबल्स की निगरानी का काम करते हैं। उनका कहना है कि जब कहीं पर कोई खुदाई या अन्य कंपनी द्वारा काम होता है तो हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारी केबल्स को नुकसान न पहुंचे। अगर केबल कटती है तो नेटवर्क बाधित हो सकता है। उस रात भी हम इसी काम के लिए ड्यूटी पर थे। सोनू ने आगे बताया कि हमने तुरंत अपने सीनियर अधिकारियों को घटना की जानकारी दी है। अब पुलिस में शिकायत दर्ज कराई जाएगी। पुलिस ने वारदात की शिकायत मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है। पीड़ितों ने आरोपियों की गाड़ी की डिटेल दी है। पुलिस का कहना है कि इलाके के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाएगी, ताकि हमलावरों की पहचान की जा सके।

# सलामी के बाद दंगा निरोधक कंपनी का निरीक्षण किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने सोमवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी के बाद दंगा निरोधक कंपनी का निरीक्षण किया। इस दौरान जवानों को दंगा नियंत्रण उपकरणों टीयर गैस, एंटी रायट गन, वाटर कैनन चलाने का अभ्यास कराया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार जिला में किसी भी लॉ एंड ऑडर की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस लाइन में जवानों की चार दंगा निरोधक कंपनी बनाई गई है। कंपनी में तैनात प्रत्येक जवान लाठी, डंडा, बॉडी प्रोट्क्टर , कैन सिल्ड, हेल्मेट इत्यादी सभी प्रकार के एंटी राइट एक्यूपमेंट से लैस है। एक कंपनी में तीन अलग अलग



प्लाटून बनाकर जवानों को तैनात किया गया है। उक्त कंपनियों में तैनात जवान किसी भी लॉ एंड आर्डर स्थिति से निपटने के लिए सक्षम है। चारों कंपनियों के 425 जवानों ने इस दौरान मॉक ड्रील की। यह कंपनी किसी भी समय लॉ एंड आर्डर सिचुएशन से निपटने के लिए बनाई गई है। इन कंपनी को एक ही आदेश पर कम से कम समय में किसी भी स्थान पर लॉ एंड आर्डर सिचुएशन की स्थिति से निपटने के लिए मौके पर नियुक्त किया जा सकता है । पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह ने इस दौरान जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, ताकि आमजन अपने आपको सुरक्षित महसूस करें। कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के दौरान आमजन के

**कानून व्यवस्था**

**▶▶ लॉ एंड ऑडर की स्थिति से निपटने के लिए पुलिस लाइन में जवानों की चार दंगा निरोधक कंपनी बनाई गई**

साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका सहयोग लिया जाए तथा कानून से खिलवाड़ करने वाले असमाजिक तत्वों के साथ सख्ती से निपटा जाए। उन्होंने कहा कि आपात स्थित में पूरी सावधानी व सतर्कता बरतें तथा संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखें। भीड़ उग्र हो जाए तो भीड़ से कैसे निपटना है, इस बारे में पुलिस जवानों को महत्त्वपूर्ण गुर बताए।

# अब स्कूल बसों की नियमित तौर पर होगी चेकिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**ट्रांसपोर्ट** कमिश्नर सीजी रजनीकांथन ने सोमवार को राज्य के सभी सचिव आरटीए के साथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बात कर निर्देश दिए की अब स्कूल बसों को नियमित तौर पर स्कूल प्रांगण में जाकर ही चेक करना होगा। यही नहीं मौके पर खामियां मिलने पर उसका नियम अनुसार चालान भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर कोई भी खिलवाड़ नहीं किया जाएगा और अब सभी जिलों के आरटीए सचिव मौके पर ही जाकर स्कूल बसों के प्रांगण में ही स्कूल बसों को चेक करेंगे और मौके पर ही खामियां मिलने पर उसका चालान भी करेंगे।

आरटीए सचिव डॉ नीरज जिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवहन आयुक्त की ओर से सोमवार को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से दिशा निर्देश जारी किए गए हैं और इसी की पालना में आरटीए कार्यालय के अधिकारी स्कूल बसों को स्कूल के प्रांगण में जाकर ही चेक करेंगे।

उन्होंने कहा कि प्राय देखने में आया है कि स्कूल बसों के अंदर विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर खिलवाड़ किया जाता है और जो भी दिशा निर्देश परिवहन विभाग द्वारा दिए गए हैं उनकी पालना नहीं की जाती है।

# कोच पर नाबालिग से अश्लील हरकतें करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहाबाद।** जिले के शहर टोहाना में कुश्ती कोच द्वारा एक नाबालिग लडकी के साथ अश्लील हरकतें करने का मामला सामने आया है। इस बारे में टोहाना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। सोमवार को पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में हरपाल चौक, टोहाना निवासी सोहन लाल ने कहा है कि आरोपी गुड्डू शर्मा निवासी घंटाघर चौक, टोहाना दमकौरा स्टेडियम में कुश्ती का कोच है। गत दिवस शाम को उसकी 16 साल की लडकी को गुड्डू ने स्टेडियम में बुला लिया। आरोप है कि स्टेडियम में आरोपी

**केस दर्ज**

**▶▶ इस बारे में टोहाना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। सोमवार को पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है**

कोच ने उसकी लडकी के साथ अश्लील हरकतें करने की कोशिश की।

इससे उसकी लडकी काफी डर गई। इसके बाद जब उसका लडका स्टेडियम में गया तो आरोपी गुड्डू शर्मा ने उसके साथ हाथापाई की और मारपीट शुरू कर दी।

# राजेन्द्र प्रसाद वत्स की तेहरवीं पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
**पूर्व प्रधानमंत्री** अटल बिहारी वाजपेयी के पर्सनल सचिव रहे व वर्तमान में भारत सरकार के कर्मिक लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के प्रधान नीजि सचिव छाजपुर खुर्द गांव निवासी राजेन्द्र प्रसाद वत्स की तेहरवीं पर राष्ट्रपति की मुख्यकार्यकारी अधिकारी दीप्ती उमांशकर,दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी,आईएएस रूपिन्द्र सिहं,पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा,पूर्व विधायक रविन्द्र मच्छरौली सिहं



अनेक प्रशासनिक अधिकारीयों व समाजसेवीयों ने एनडीएमसी बारात घर लक्ष्मी बाईनगर दिल्ली में पहुंचकर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। बता दे कि वो कुछ समय से बीमार चल रहे थें।

# दो पिस्तौलों सहित राजस्थान के युवक को किया गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** अवैध हथियार रखने वालों की धरपकड़ करते हुए सीआईए फतेहाबाद पुलिस ने सोमवार को राजस्थान के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने युवक के पास से दो अवैध पिस्तौल व 6 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पकड़े गए युवक की पहचान संजय उर्फ संजू पुत्र तोलाराम निवासी जिला गंगानगर के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सीआईए फतेहाबाद पुलिस की टीम एएसआई राजेश कुमार के नेतृत्व में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर गश्त पर थी। पुलिस टीम जब शहर से भूना फ्लाईओवर की तरफ जा रही थी तो मताना सर्विस स्टेशन के पास एक युवक पैदल आता दिखाई दिया।

# लीगल एड का उद्देश्य जरूरतमंदों को मुफ्त कानूनी सहायता मिले

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान में कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में साप्ताहिक मेगा लीगल एड व क्लाइंट काउंसलिंग के शुभारंभ अवसर पर हरियाणा राज्य विधि आयोग के सदस्य इंद्रजीत मेहता ने कहा कि लीगल एड का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंदों को मुफ्त में कानूनी सहायता प्रदान करना है ताकि धन के अभाव में कोई भी न्याय से वंचित न रह जाए। उन्होंने कहा कि मुफ्त कानूनी सेवा ऑनलाइन(एनएलएसए डॉट जीओवी डॉट इन) व ऑफलाइन माध्यम से भी प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने कानूनी



सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के प्रावधानों की भी जानकारी साझा की। वहीं हरियाणा राज्य विधि आयोग की सदस्य डॉ. सारिका गुप्ता ने कहा कि जिनकी सालाना आमदनी तीन लाख से कम है, महिलाएं, अनुसूचित जाति के आदमी, सामूहिक आपदा, बाढ़ सूखा, भूकंप, हिंसा, औद्योगिक आपदा के शिकार व्यक्ति मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त करने का अधिकार रखते हैं। उनको राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तर पर सरकार मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करती है। विधि संस्थान की निदेशक प्रोफेसर सुशीला देवी चौहान ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में बताते हुए कहा कि सभी भारतीय नागरिकों को मुफ्त कानूनी सेवा का अधिकार हमारा संविधान अनुच्छेद 39- ए प्रदान करता है। इस अवसर पर संस्थान की निदेशक की ओर से हरियाणा विधि आयोग के सदस्यों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। लीगल एड कमेटी के संयोजक डॉ संतलाल ने इस साप्ताहिक कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में विधि संस्थान के उपनिदेशक डॉ रमेश सिरोही ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में लीगल एड कमेटी के सदस्य डॉ. सुमित (सहसंयोजक), डॉ. मोनिका, डॉ. पूनम, डॉ. जतिन का अहम योगदान रहा।

# 34 वर्षीय व्यक्ति रहस्यमय परिस्थितियों में लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिले के कुंजपुरा में 34 वर्षीय युवक कमल रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया है। परिवार ने काफी खोजबीन के बाद पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। नात्थूराम पुत्र रामपाल ने कुंजपुरा पुलिस थाने में अपने भाई कमल की गुमशुदगी की रिपोर्ट दी और कमल के साथी चंद्रशेखर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। घटना 14 जनवरी की सुबह 10 से 11 बजे के बीच की है, जब कमल अपने साथी चंद्रशेखर के साथ कुंजपुरा जोहड़ गया था, लेकिन घर लौटकर नहीं आया।



नात्थूराम ने पुलिस को बताया कि जब उन्होंने चंद्रशेखर से कमल के बारे में पूछा तो उसने न केवल सही जानकारी देने से इनकार किया, बल्कि बदतमीजी से बात की और धमकी दी। उसने साफ कहा कि जो करना है कर लो, मुझे नहीं पता कमल कहां है। इसके बाद परिवार को अनहोनी की आशंका और गहरा गई है। लापता व्यक्ति के भाई नात्थूराम ने पुलिस से गुहार लगाई है कि उनके भाई की तलाश में तुरंत कदम उठाए जाएं। शिकायतकर्ता का कहना है कि कमल बिना किसी जानकारी के कभी घर से नहीं जाता था।

# नीरज चोपड़ा ने सोनीपत की टेनिस प्लेयर हिमानी मोर से शादी की

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
हरियाणा के पानीपत में रहने वाले गोल्डन बॉय ओलिंपियन नीरज चोपड़ा ने सोनीपत की टेनिस प्लेयर हिमानी मोर से शादी कर ली। नीरज ने रविवार रात सोशल मीडिया के जरिए शादी की जानकारी दी। शादी में शामिल हुए मेहमानों के लिए नीरज ने शर्त रखी थी कि कोई फोटो-वीडियो कहीं जारी नहीं करेगा। हिमाचल प्रदेश में सोलन के रिसॉर्ट में शादी की रस्में हुईं। शादी के बाद नीरज अपनी पत्नी हिमानी के साथ सोनीपत गए और वहां से दोनों अमेरिका रवाना हो गए।

नीरज के चाचा सुरेंद्र चोपड़ा ने कहा कि शादी में सिर्फ लड़का-



लड़की के परिवारों के सदस्य शामिल हुए। गांव और रिश्तेदारी में भी किसी को शादी के बारे में नहीं बताया था। 16 जनवरी को दोनों के फेरे हुए। नीरज की दुल्हन हिमानी मोर की मां मीना मोर ने बताया कि शादी में सिर्फ परिवार के ही लोगों को बुलाया गया था। दोनों परिवार 7-8 साल से एक-दूसरे को जानते हैं। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प का 20 जनवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति के तौर पर शपथग्रहण है। इससे पहले सभी विदेशी स्टूडेंट्स को वापस अमेरिका पहुंचना था, इसलिए हिमानी अमेरिका लौट गईं।

**बंधन में बंधे**

**▶▶ शादी में शामिल हुए मेहमानों के लिए नीरज ने शर्त रखी थी कि कोई फोटो-वीडियो कहीं जारी नहीं करेगा**

मीना मोर ने आगे कहा- शादी गुपचुप नहीं बल्कि शॉर्ट नोटिस पर की गई। मई में नीरज की चैंपियनशिप है। वहीं हिमानी भी पढ़ाई के साथ जॉब कर रही है। उसे देखते हुए टाइमिंग ऐसी रखी गई। पिछले 7-8 साल से हम एक-दूसरे को जानते हैं। परिवार का मिलना-जुलना भी था। अब नीरज- हिमानी को जैसे ही समय मिलेगा तब रिसेप्शन होगा। हिमानी अमेरिका में रहेगी। नीरज साउथ अफ्रीका में ट्रेनिंग के लिए जाएंगे। हिमानी के भाई हिमांशु मोर ने कहा-नीरज चोपड़ा का परिवार पहले से फैमिली फ्रेंड है। नीरज के चाचा सुरेंद्र चोपड़ा से मेरे पिता की दोस्ती है। एक-दूसरे के घर आना-जाना है। नीरज और हिमानी एक-दूसरे को पहले से जानते थे। दोनों खेल से जुड़े हैं। ऐसे में दोनों के बीच अच्छी बॉन्डिंग थी। उन्होंने कहा कि हिमानी नेशनल टेनिस प्लेयर रही हैं। दोनों परिवार ने उनकी अच्छी बॉन्डिंग को देखते हुए फैमिली फ्रेंडशिप को रिश्तेदारी में बदलने का फैसला किया। शादी में परिवार के 40-50 लोग थे। उन्होंने बताया कि

# कपड़ा गोदाम में लगी भीषण आग, आग पर काबू नहीं पाया जा सका

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पानीपत** शहर में कपड़ा गोदाम में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयंकर है कि 7 घंटे से फायर बिग्रेड की 8 गाड़ियां बुझाने में जुटी हुई हैं। लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। आग एक दायरे में लगी है, जिससे दूसरे क्षेत्रों में आग नहीं फैली है। आगजनी का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। जिसमें करोड़ों रुपए का नुकसान का अनुमान है। फायर मैन अमित गोस्वामी ने बताया कि आग जीटी रोड पर रोड धर्मशाला के साथ एक कपड़ा गोदाम में लगी है। आग रात करीब 3 बजे



लगी है। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंच गई थी।

तब से आग को पूर्ण रूप से बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। फायर बिग्रेड की 8 गाड़ियां लगातार चक्कर लगा रही है। अभी तक एक गाड़ी के 6 चक्कर लग चुके है। यानि करीब 45 गाड़ियां आग को बुझाने के लिए पानी की बौछार कर चुकी है।

# कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव के समर्थन में जनसभा आयोजित







**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के बादली विधानसभा क्षेत्र स्थित एमसीडी कॉलोनी समयपुर में जनसभा का आयोजन किया गया। यह जनसभा दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष व बादली सीट से कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव के समर्थन में की गई। इस मौके पर बहुताय की संख्या में लोग मौजूद रहे।
इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने कांग्रेस प्रत्याशी देवेन्द्र यादव का स्वागत किया और समर्थन देने का वादा भी किया। इस अवसर पर देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने बादली क्षेत्र की जनता को केवल गुमराह करने का कार्य किया है। जिसके चलते यहां के लोगों का जीवन नारकीय हो गया है। उन्होंने आगे बताया कि यहां पर रहने वाले लोगों को शुद्ध जल भी नहीं मिल पा रहा है, खत्ते की वजह से लोगों का जीवन नारकीय होता जा रहा है, लेकिन इस पर आम आदमी पार्टी ने ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने आगे बताया कि पूरी दिल्ली में आम आदमी पार्टी के राज में गंदा पानी आ रहा है और जनता मजबूर होकर बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीदकर पी रही है। इस मौके पर सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।



द्वारका विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक आदर्श शास्त्री के समर्थन में आप पार्टी के प्रदेश और जिला स्तर के कई पदाधिकारियों ने कॉंग्रेस का दामन थामा। इस मौके पर पूर्व विधायक हरिशंकर गुप्ता व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा, आप समुदायों के ध्रुवीकरण की राजनीति करती हैं: खुर्शीद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** पूर्व केन्द्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में हर पार्टी अपना प्रचार कर रही है परंतु यह भी मुख्य है कि दिल्ली कैसी थी, कैसी है और कैसी होनी चाहिए। बिजली, पानी, घर, सड़क, व्यवस्थाएं, जनता की, महिलाओं की, बच्चां सुरक्षा आदि विषयों पर चर्चा होती है और ध्यान जाता है। लेकिन एक और पहलू है कि चुनाव में किसी वर्ग विशेष को लक्ष्य साधकर उन्हें वोट बैंक बनाने का भी है जबकि हर राजनीति दल का वोट मांगने का और हर नागरिक को वोट देने का अधिकार जो



लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हमें मिला है, उसमें कही न कहीं एक वर्ग विशेष के प्रति दुर्व्यवहार और उनके खिलाफ लक्ष्य साधकर काम करने संबध में मेरे कुछ सवाल है केजरीवाल जी से।

**जहांगीर पुरी और पूर्वी दिल्ली में हुए सांप्रदायिक हिंसा पर आपकी चुप्पी:** दिल्ली के जहांगीर पुरी और पूर्वी दिल्ली इलाकों में सांप्रदायिक हिंसा के बाद न तो आपने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और न ही पीड़ित एवं असुरक्षित समुदायों के पक्ष में सार्वजनिक रूप से कुछ बोला। दिल्ली के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में आपने चुप्पी क्यों साधे रखी? तब से लेकर अब तक आपने प्रभावित समुदायों की समस्याओं का समाधान करने और उनका विश्वास बहाल करने के लिए क्या कदम उठाए हैं - विशेष रूप से जहांगीर पुरी और पूर्वी दिल्ली जैसे क्षेत्रों में?

**बिलकिस बानो मामले पर मनीष सिसोदिया की शर्मनाक चुप्पी:** बिलकिस बानो मामले ने जाति धर्म से परे जाकर देश की संवेदनाओं को झकझोर दिया था। लेकिन तब मनीष सिसोदिया ने उस शर्मनाक घटनाक्रम की निंदा करने या उसपर किसी तरह की टिप्पणी करने से स्पष्ट शब्दों में इंकार कर दिया था। इससे न्याय के प्रति की प्रतिबद्धता को लेकर गंभीर सवाल उठते हैं। उस मामले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराने या पीड़िता के प्रति एकजुटता दिखाने के लिए ने क्यों कुछ नहीं किया?

# दिल्ली सरकार गरीबों के साथ अन्याय करने में आगे: योगेन्द्र चंदोलिया









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने जे.जे. क्लस्टर बवाना स्थित केन्द्र सरकार द्वारा तैयार किये फ्लैटस की दुर्दशा को दिल्ली की जनता को सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एवं समाचार चैनलों के माध्यम से लाइव दिखाया और जनधन की बबार्दी के लिए अरविंद केजरीवाल सरकार की निंदा की। उनके साथ प्रदेश मीडिया रिलेशन प्रमुख श्री विक्रम मित्तल उपस्थित थे। वीरेन्द्र सचदेवा ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा की आज हमने अरविंद केजरीवाल की जिद और राजनीतिक द्वेष के करण खंडहर हुए फ्लैट्स का निरीक्षण किया और केजरीवाल के दोहरे चरित्र को उजागर किया है। भाजपा नेताओं ने दिखाया कि किस तरह से फ्लैट्स की दिवारे रखरखाव ना होने की वजह से गिर गई हैं और जर्जर हालात मे हैं। साथ ही फ्लैट्स के आस पास छोटे-बड़े जंगली पौधों का अम्बार लगा हुआ है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार जनधन की बबार्दी करती रही है और उसका सबसे बड़ा उदाहरण खंडहर पड़ीहे यह सरकारी फ्लैट्स है। अरविंद केजरीवाल ने 50,000 फ्लैट्स सिर्फ इस जिद के कारण खंडहर में तब्दिल कर दिए क्योंकि उन्हें केन्द्र सरकार द्वारा बनाए गए फ्लैट्स पर अपना चेहरा चमकाना था और इन फ्लैट्स का नाम मुख्यमंत्री के नाम पर रखने की जिद कर रहे थे।
उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी और गरीबों के लिए केन्द्र सरकार ने लगभग 12000 करोड़ रुपये दिए ताकि यह फ्लैट्स तैयार हो सके।
दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि तीन-तीन बार मुख्यमंत्री बनने के बाद भी अरविंद केजरीवाल ने इन फ्लैट्स के गरीबों को आवंटन पर ध्यान नही दिया पर आज सफाई कर्मचारियों और अन्य गरीबों को नया फ्लैट देने की झूठी घोषणा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में डबल इंजन की सरकार आते ही जैसे देश भर में 4 करोड़ लोगों को पक्के मकान देने का काम किया गया है।

# भाजपा को समर्थन करने का वादा कर रही है जनता: ज्योति सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** शालीमार बाग की समाजसेविका ज्योति सैनी ने बताया कि भाजपा के कार्यों से शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के लोग काफी ज्यादा खुश है। हम जनसंपर्क के दौरान जहां पर भी जा रहे है, जनता भाजपा को समर्थन करने की बाद कर रही है।
ज्योति सैनी ने आगे बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने जो कहा है, वह करके दिखाया है, यही कारण है कि भाजपा की नीतियों से प्रभावित हो बहुताय की संख्या में लोग भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रहे है।



उन्होंने आगे बताया कि मैं खुद अपनी टीम के साथ शालीमार बाग क्षेत्र के कई इलाको में बैठके ले रही हूं और जनंसपर्क भी रही हूं। जिससे की यहां पर भाजपा विजयी हो। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, जिससे लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है।
उन्होंने जनता से भी अपील करते हुए कहा कि आप सभी भाजपा का समर्थन करें। क्योंकि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो कहती है, वह करके दिखाती है।
उन्होंने आगे बताया कि भाजपा के कार्यों से शहर व गांव दोनों जगहों के लोग खुश है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के शहरो के साथ-साथ गांवों में भी विकास ही विकास करके दिखाया है।

# कांग्रेस ने आआपा की चुनावी घोषणाओं पर उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** कांग्रेस नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद ने चुनाव में आम आदमी पार्टी की ओर से की गई कुछ चुनावी घोषणाओं पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी (आआपा) द्वारा की गई चुनावी घोषणाओं में दिल्ली में पुजारियों और ग्रंथियों को 18000 रुपये प्रतिमाह वेतन देने का वादा किया गया लेकिन बौद्ध भिक्षु, रविदास मंदिर और वाल्मीकि मंदिर के पुजारियों को इसमें शामिल नहीं किया गया है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में सलमान खुर्शीद ने सवाल उठाया कि दिल्ली में 314 बुद्ध विहार हैं, 150 वाल्मीकि मंदिर हैं और लगभग इतने ही रविदास मंदिर हैं। ये सब बहुजन समाज से संबंधित हैं। चर्चों के पादरियों को भी मानदेय मिलना चाहिए। कांग्रेस नेता ने सवालिया लहजे में कहा कि आआपा ने 11 राज्यसभा सांसद बनाए हैं, जिनमें एक भी दलित और पिछड़े वर्ग का क्यों नहीं हैं? केजरीवाल को सिर्फ दलितों के वोट चाहिए, उनके प्रति कोई सहानुभूति नहीं है। केजरीवाल ने डा. अंबेडकर स्कॉलरशिप स्कीम की झूठी क्यों घोषणा की? उन्होंने कहा कि चुनाव को देखते हुए इसी प्रकार की घोषणा 2019 में भी की थी। पैसे के अभाव में दलित छात्र विदेश पढ़ने नहीं जा पाए थे।

# कांग्रेस पार्टी ने जो कहा, वह करके दिखाया है: सरदार मान सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** सावन पार्क में कांग्रेस प्रत्याशी रागिनी नायक ने पदयात्रा की। इस मौके पर पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह के अलावा सावन पार्क के वरिष्ठ कांग्रेस वर्कर भोला, मनोज, राहुल स्वामी, उत्तम सिंह, अजय, किशन लाल प्रधान, दामोदर, मास्टर जी, किशन लाल, राजेंद्र, संदीप कोली, वीरेंद्र कैफे, ओम प्रकाश, कामरेड राजू जोगिंदर चौहान, राजेंद्र हड्डी, नेत्रपाल पेंटर, भोला, रमन गुर्जर, जगदीश शर्मा, रानी खेमा कोली, बनवारी लाल, रामचंद्र जी, लाल सिंह, मेघनाथ, अवतार सिंह, गुड्डू भाई, गंगा देवी, मस्तराम



गुर्जर, विपिन गुर्जर, सुनील राजकुमार स्वामी, लाला गुर्जर सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व निगम पार्षद सरदार मान सिंह ने कहा कि आज की पदयात्रा के दौरान हमें जनता का अपार समर्थन मिला है। इस मौके पर जगह-जगह कांग्रेस प्रत्याशी रागिनी नायक का लोगों ने स्वागत भी किया।

# आदर्श नगर से कई प्रमुख राजनीतिक, सामाजिक कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की उपस्थिति में आज कस्तूरबा नगर विधानसभा के कोटला वार्ड से 2022 चुनाव में आम आदमी पार्टी प्रत्याशी रही रिंकू मित्तल और उनके पति सामाजिक कार्यकर्ता सुनील मित्तल ने अपने समर्थकों के साथ आज भाजपा की सदस्यता ग्रहण की और भाजपा प्रत्याशी नीरज बसोया को पूर्ण समर्थन की घोषणा की। इसके साथ ही आदर्श नगर विधानसभा से कांग्रेस के प्रमुख कार्यकर्ताओं ने भाजपा प्रत्याशी राज कुमार भाटिया के समर्थन में भाजपा में शामिल हुए।
आदर्श नगर विधानसभा से बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एस. सी. दीक्षित, अजय शर्मा सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने भाजपा का दामन थामा। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता एवं पार्टी ज्वाइनिंग कमेटी सदस्य नितिन त्यागी उपस्थित थे।
आम आदमी पार्टी और कांग्रेस से आए नेताओं का पटका पहनाकर वीरेंद्र सचदेवा ने स्वागत किया और कहा कि अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त हैं और कांग्रेस अपना वजूद बचाने की लड़ाई लड़ रही है इसलिए इन दोनों पार्टियों को दिल्ली की जनता नकारने वाली है और अब दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनने के बाद यहाँ विकास की गाड़ी तेज गति से दौड़ेगी।
वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने कोई काम नहीं किया है इसलिए ना ही वह जानता के बीच जा रहे हैं और ना ही वह अपना प्रचार कर पा रहे हैं। उनका चुनाव प्रचार सिर्फ प्रेस कांफ्रेंस पर निर्भर हो गया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों से लोग-बढ़े हुए बिल आने पर, टूटी सड़को पर, गंदे पानी को लेकर और अन्य मूलभूत समस्याओं पर सवाल पूछ रहे हैं जिसे समाधान करने के लिए अरविंद केजरीवाल ने वायदा तो किया लेकिन पूरा नहीं किया।

# प्रदेश में सबसे ज्यादा मथुरा में मिले टीबी के मरीज

## लक्ष्य के सापेक्ष मथुरा में हुआ 112 प्रतिशत रोगियों का चिन्हीकरण, मथुरा में टीबी रोगियों का चिन्हीकरण, प्रदेश में अव्वल: डा. संजीव यादव

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. संजीव यादव ने बताया कि मथुरा ने विगत वर्ष में क्षय रोग नियंत्रण में बड़ी सफलता हासिल की है। निजी चिकित्सकों के सहयोग से मथुरा ने लक्ष्य से अधिक क्षय रोगियों का चिन्हीकरण किया और पूरे प्रदेश में 112 प्रतिशत क्षय रोगियों को खोज कर अव्वल रहा। जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि यह उपलब्धि मथुरा के स्वास्थ्य विभाग और निजी क्षेत्र के चिकित्सकों के बीच मजबूत सहयोग का परिणाम है। केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा क्षय रोग उन्मूलन के लिए तत्परता



दिखाई जा रही है। अब उनके सहयोग के लिए विभिन्न संस्थाएं भी आगे आ रही है। उसी कड़ी में जनपद मथुरा की आईएमए शाखा और डॉक्टर्स फॉर यू संस्था ने निजी चिकित्सकों को क्षय रोग की जागरूकता और टीबी नोटिफिकेशन, मैनेजमेंट के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में एसएन मेडिकल कॉलेज के टीबी एंड चेस्ट विभाग के अध्यक्ष और स्टेट टीबी टास्क फोर्स के चेयरमैन डॉ. गजेंद्र विक्रम सिंह ने क्षय रोग के निदान और उपचार पर व्याख्यान दिया। डॉ. सिंह ने निजी क्षेत्र के चिकित्सकों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक चिकित्सक को यह प्रयास करना चाहिए कि हर चिन्हित नवीन क्षय रोगी का माइक्रोबायोलॉजिकल कन्फरमेशन अवश्य करें। इसके लिए सभी टीबी मरीज का नॉट परीक्षण अवश्य कराया जाना चाहिए।

आईएमए अध्यक्ष डॉ. मनोज गुप्ता ने क्षय रोग नियंत्रण के लिए महत्वपूर्ण अपील की है। उन्होंने प्राइवेट चिकित्सकों से आग्रह किया है कि वे सभी दिशा निदेर्शों का पालन करें और अधिक से अधिक क्षय रोगियों की पहचान कर उन्हें अधिसूचित करें। डॉ. गुप्ता ने आईएमए के पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया है। कार्यक्रम में डाक्टर फार यू के डॉ. अंषुल खन्ना, डॉ. शुभम ओझा, सरोज, आजम खान, लाखन, आईएमए सचिव डॉ. योगेश, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एके वर्मन, डॉ. मोहित गुप्ता, डॉ. अवधेश अग्रवाल, डॉ. मीना सूद, डॉ. एस.पी. सिंह, डॉ. बीबी गर्ग, डॉ. आशीष गोपाल, डॉ. वर्षा तिवारी, डॉ. एस.बी अग्रवाल, डॉ. संजीव जैन,जिला क्षय रोग केन्द्र, मथुरा से शिव कुमार, अखिलेश दीक्षित ने प्रतिभाग किया।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो में व्यापक मोबिलिटी समाधान प्रदर्शित किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा: टोयोटा** किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपने टोयोटा मोबिलिटी सर्विस (टीएमएस) स्टॉल पर विशेष वाहनों और अभिनव मोबिलिटी समाधानों की विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन करके भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में उत्साह को और बढ़ा दिया। टोयोटा हाइलक्स प्लेटफॉर्म पर निर्मित ये वाहन विविध क्षेत्रों में औद्योगिक मोबिलिटी गतिशीलता, परिचालन दक्षता और भिन्न क्षेत्रों में निरंतरता को आगे बढ़ाने के लिए टोयोटा की स्थायी प्रतिबद्धता को उजागर करते हैं।

हॉल नंबर 6 में समर्पित उपस्थिति के साथ, टीकेएम आपातकालीन प्रतिक्रिया, खनन, रसद और संरचना जैसे उद्योगों के लिए डिजाइन किए गए समाधानों को प्रदर्शित करके आगंतुकों को आकर्षित करता है।

प्रत्येक विशेष वाहन हाइलक्स की अद्वितीय स्थायित्व, विश्वसनीयता और अनुकूलनशीलता का लाभ उठाता है, जो विश्वसनीय रूपांतरण भागीदारों के सहयोग से उद्देश्य-निर्मित समाधान प्रदान करने में टोयोटा की विशेषज्ञता को रेखांकित करता है। प्रत्येक समाधान हाईलक्स की अद्वितीय शक्तियों को प्रदर्शित करता है - इसकी मजबूत चेसिस, उत्कृष्ट ऑफ-रोड क्षमताएं तथा विभिन्न औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए अनुकूलन क्षमता, जो इसे विशिष्ट गतिशीलता समाधानों के लिए आदर्श मंच बनाती है। टोयोटा मोबिलिटी सर्विस (टीएमएस) विशेष वाहनों से कहीं ज्यादा प्रदान करती है - यह मोबिलिटी को सरल बनाने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करती है। प्रमुख सेवाओं में लचीले वित्तपोषण और लीजिंग समाधान शामिल हैं, जो विविध व्यावसायिक आवश्यकताओं के अनुरूप हैं, और व्यापक रखरखाव और बीमा पैकेज हैं, जो निर्बाध संचालन सुनिश्चित करते हैं। कनेक्टेड फ्लीट सेवाएँ वास्तविक समय की निगरानी और प्रबंधन के माध्यम से दक्षता बढ़ाती हैं, जबकि विस्तारित वारंटी और 24/7 सड़क के किनारे सहायता पूर्ण विश्वसनीयता और मन की शांति प्रदान करती है।

## संक्षिप्त खबरें

### किसना डायमंड ज्वेलरी ने बांटी 100 से ज्यादा खुशियों की चाबी!




**नोएडा।** भारत की अग्रणी ज्वेलरी रिटेल चेन में से एक किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी ने आज देशभर के 100 भाग्यशाली ग्राहकों को मारुति सेलेरियो कारें उपहार में दीं। ये कारें 11 शहरों में विजेताओं को एक साथ सौंपी गईं, जो अबकीबारआपकेलिए कैंपेन के भव्य समापन का हिस्सा था। इस शानदार पहल में 51,219 से अधिक लोगों ने भाग लिया । यह कैंपेन 1 सितंबर, 2024 को शुरू हुआ और 18 जनवरी, 2025 को समाप्त हुआ। ग्राहकों को एक लकी ड्रा में भाग लेने का विकल्प दिया गया, जिसमें वे मारुति सुजुकी सेलेरियो जीत सकते थे। कैंपेन के ग्रैंड फिनाले के हिस्से के रूप में, किसना ने पूरे भारत से 104 विजेताओं का चयन किया। उत्तर भारत में सबसे अधिक 20,795 ग्राहकों ने भाग लिया, इसके बाद अन्य क्षेत्रों में भी भारी उत्साह देखा गया। विजेताओं को उनकी कारों की चाबियां विशेष आयोजनों में सौंपी गईं, जो दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, महाराष्ट्र और तमिलनाडु जैसे राज्यों में आयोजित किए गए। हरि कृष्णा ग्रुप के फाउंडर और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री घनश्याम ढोलकिया ने कहा, कैंपेन में ज्वेलरी खरीदारों की जबरदस्त भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि हमारे ग्राहकों का किसना पर गहरा भरोसा और स्नेह है। यह कैंपेन खुशी बांटने और हमारे निष्ठावान ग्राहकों को कुछ असाधारण जीतने का अवसर देने की भावना को समर्पित है। किसना डायमंड और गोल्ड ज्वेलरी के डायरेक्टर, श्री पराग शाह ने कहा, यह कैंपेन हर भारतीय घर से जुड़ने की हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। किसना अपने ग्राहकों के साथ एक गहरा बंधन साझा करता है, जो हर ज्वेलरी पीस में परंपरा, आधुनिकता और विश्वास का मेल प्रस्तुत करता है। विजेताओं को गाड़ियों की डिलीवरी के दिन ही टेली-कॉल्स के माध्यम से सूचित किया गया, ताकि उत्साह चरम पर हो और यह अनुभव उनके लिए यादगार बने। किसना की क्षेत्रीय उपस्थिति ने इसे दूर-दराज के क्षेत्रों में भी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करने में सक्षम बनाया, जिससे हर किसी को इस भव्य उत्सव का हिस्सा बनने का समान अवसर मिला।

### विनिर इंजीनियरिंग लिमिटेड ने डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा । विनीर** इंजीनियरिंग लिमिटेड, एक एकीकृत इंजीनियरिंग समाधान कंपनी जो उद्योगों और अनुप्रयोगों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए विशिष्ट, महत्वपूर्ण और भारी, सटीक-फोर्ज्ड और मशीनी घटकों के निर्माण में लगी हुई है, ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। आईपीओ में 2 रुपये अंकित मूल्य वाले 53,300,000 इक्विटी शेयरों की बिक्री की पेशकश शामिल है। बिक्री के लिए प्रस्ताव में नीतेश गुप्ता (प्रवर्तक विक्रयकर्ता शेयरधारक) द्वारा 2 रुपये अंकित मूल्य वाले 53,300,000 इक्विटी शेयर शामिल हैं। विनीर इंजीनियरिंग लिमिटेड एक एकीकृत इंजीनियरिंग समाधान कंपनी है जो ऊर्जा, रक्षा, एयरोस्पेस, रेलवे, ऊर्जा टर्बाइन, हाइड्रोलिक्स, अर्थमूविंग, हाई-एंड इंजीनियरिंग सहित कई उद्योगों और अनुप्रयोगों के लिए विशेष, महत्वपूर्ण और भारी, सटीक-फोर्ज्ड और मशीनी घटकों के निर्माण में लगी हुई है। ये घटक विभिन्न प्रणालियों और अनुप्रयोगों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जैसे कि बख्तरबंद वाहन, आयुध और गोला-बारूद, लड़ाकू उपकरण, सैन्य हार्डवेयर, अपस्ट्रीम और डाउनस्ट्रीम तेल और गैस प्रणाली, क्रायोजेनिक्स सिस्टम, विमान प्रणोदन प्रणाली, पावर टर्बाइन, गैस टर्बाइन, रेलवे लोकोमोटिव और ब्रेकिंग सिस्टम, परमाणु ऊर्जा अवसंरचना उपकरण, भारी शुल्क उत्खनन मशीनरी, स्पेसफ्रेम, हाइड्रोलिक घटक, पवन टर्बाइन जनरेटर और उच्च दबाव बॉयलर, अन्य। कंपनी मिश्र धातु इस्पात, टाइटेनियम, हेस्टेलॉय, कार्बन स्टील, स्टेनलेस स्टील, डुप्लेक्स स्टील, विशेष स्टील, इनकोनेल, मोनेल और एल्युमीनियम सहित कई धातुओं का उपयोग करके महत्वपूर्ण और भारी परिशुद्धता-फोर्ज्ड और मशीनीकृत घटकों के उत्पादन में माहिर है।

# किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हुआ स्वागत

**राया।भारतीय** किसान यूनियन( अजगर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन शर्मा और युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष बिन्नू अधाना का मथुरा जाते समय किसान यूनियन के कार्यकताओं के द्वारा माला और पटका पहनाकर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन शर्मा ने कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर प्रत्येक जिले में संगठन की बैठक की जाएगी। बैठक में किसानों की समस्याओं के निदान को लेकर रणनीति बनाई जाएगी और जिले के अधिकारियों से मिल कर समस्याओं को हल करने का काम किया जाएगा। यदि फिर भी समस्या नहीं हल नहीं हुई तो

# एक सप्ताह काली पट्टी बांध कर काम करेंगे बिजली कर्मचारी

**लोकेश चौधरी**

**मथुरा।** निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी लामबंद हो रहे हैं। आंदोलित कर्मचारियों का कहना है कि उनके हितों पर कुठाराघात हो रहा है।

कर्मचारियों ने आंदोलन को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है। कैंट बिजली घर पर हुई कर्मचारियों सभा में निर्णय लिया गया कि 23 जनवरी को बिजली के निजीकरण हेतु कंसलटेंट की नियुक्ति के लिए प्री वेडिंग कांफ्रेंस के दिन भोजन अवकाश के दौरान शत प्रतिशत कर्मचारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगे। संघर्ष समिति के आह्वान पर अगले सप्ताह भर बिजली कर्मी काली पट्टी बांधकर पूरे दिन



कार्य करेंगे और विरोध सभाएं करेंगे। आक्रोश को लेकर संघर्ष समिति मथुरा के पदाधिकारी इं राहुल चौरसिया, इं सचिन द्विवेदी, इं मानवेंद्र, इं शुभम अग्रवाल,इं सत्येंद्र, नरेंद्र, कृष्ण वीर, रामकुमार, बलराम, पंकज शर्मा, अशोक शर्मा, गुड्डू, राजवीर, शेखर आदि ने कहा कि नियामक आयोग के अध्यक्ष द्वारा भविष्य की लाइसेंसी के रूप में निजी कंपनियों का उल्लेख करना पूर्णतया अनावश्यक और अवांछनीय है। निजीकरण हुए बिना निजी कंपनी को भविष्य की लाइसेंसी लिखना एक भड़काने वाला कदम है और जिसका सभी पुरजोर विरोध करते है। जिस तरह की बातें सामने आ रही हैं उसे देखते हुए कई चरणों में अंदोलन किया जाएगा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष द्वारा बिजली के निजीकरण पर दिए गए बयान को अवांछनीय और भड़काने वाला बताते हुए कहा है कि विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन का अध्यक्ष रहते हुए बिजली कर्मचारियों के साथ लिखित समझौता किया है कि बिजली का निजीकरण नहीं किया जाएगा और विद्युत वितरण के मौजूदा ढांचे में ही बिजली व्यवस्था में सुधार का कार्य किया जाएगा। अब उनके द्वारा निजीकरण के संबंध में की गई टिप्पणी पूरी तरह से अनुपयुक्त है और इससे बिजली कर्मचारियों में भारी गुस्सा व्याप्त हो गया है। उनके ब्यान को लेकर पूरे प्रदेश में बिजली कर्मचारियों में रोष फैल गया है। प्रदेश के समस्त जनपदों एवं परियोजना मुख्यालयों पर विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति की आमसभा हुई।

# सिएना और नैसकॉम फाऊंडेशन ने सबसे उद्यमशील स्टार्टअप आईडियाज को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम। सिएना द्वारा** नैसकॉम फाऊंडेशन के साथ मिलकर चलाए जा रहे अपने सीएसआर अभियान टेक फॉर चेंज प्रोग्राम के तहत ट्रेनिंग के तीसरे समूह का समापन इनोवेट एक्स सम्मान समारोह के साथ हुआ, जिसमें युवा नवचारकों के अनूठे, रचनात्मक विचारों और तकनीकी उत्कृष्टता का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में सामाजिक समस्याओं का समाधान करने वाले परिवर्तनकारी और छात्रों द्वारा बनाए गए उपायों को सबके समक्ष लाया गया, और 200 में से चुने गए ऐसे 5 आइडियाज को सम्मानित कर, उन्हें अपने विचारों को अगले चरण तक ले जाने के लिए 5 लाख रुपए की सीड फंडिंग भी प्रदान की गई। नैसकॉम फाउंडेशन के चेयरपर्सन रोस्तोव रावनन ने कहा कि, भारत की सामाजिक परेशानियों का समाधान देश के युवाओं के पास ही है। युवाओं को इन विचारों को उपयोगी समाधानों में परिवर्तित करने के उपकरण और हथियारों से सशक्त करके, हम समाज में बड़ा परिवर्तन ला सकते हैं। इस कार्यक्रम में हमारे साथ में सिएना जैसे संगठन जुड़े हैं, जिनकी मदद से हम दुनिया की बड़ी चुनौतियां से लड़ सकते हैं। इस कार्यक्रम के तहत छात्रों को डिजाइन थिंकिंग, रैपिड प्रोटोटाइपिंग, और उद्यमी सोच से समस्याओं के समाधान ढूँढने जैसे कौशल सिखाए जाते हैं, जिससे वो ऐसे समाधान विकसित कर सकें जो संयुक्त राष्ट्र के सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स की दिशा में हो। सिएना इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट और सेल्स लीडर अमित मलिक ने कहा कि, तकनीक की मदद से समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाने के प्रति सिएना की प्रतिबद्धता का जीता जागता उदाहरण है टेक फॉर चेंज कार्यक्रम।

# ग्रामीण आजीविका मिशन योजना में महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**मथुरा।** जिला प्रशिक्षण ग्राम्य विकास संस्थान दामोदर पुरा पर उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन योजना के तहत सी एल एफ की संरचना एवं प्रबंधन (ओ.बी. ई. सी )विषयक तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया सत्र समापन मे श्रीमती नीरज देवी डी. आर.पी,ने सभी प्रतिभागियों से सी. एल. एफ. की संरचना प्रबंधन, कार्य प्रणाली जबाब देही, एन आर एल एम मे संगठन,ढाँचा, और उनके उद्देश्य की जानकारी दी गयी इस मोके पर संस्थान के डॉ प्रियंका शर्मा जिला प्रशिक्षण अधिकारी ने सी. एल. एफ. की समितियों का प्रशिक्षण मे सदस्यों की जिम्मेदारी, निर्वहन कर्तव्य के बारे मे प्रतिभागियों को जानकारी दी।

# केस इंडिया ने सात नए उत्पाद पेश किए




**टीम एक्शन इंडिया**

**गुरुग्राम। सीएनएच** का प्रमुख ब्रांड केस, भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एक्सपो 2025 में सुरक्षा, वहनीयता, ग्राहक-केंद्रितता और स्थानीयकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन कर रहा है। इस ब्रांड ने सात नए उत्पाद पेश किए, जिनमें दो नए वाइब्रेटरी कॉम्पैक्टर - 952 एनएक्स तथा 450 एनएक्स और साथ ही पांच नए मॉडल - 770 एनएक्स, 770 एनएक्स मैग्नम, 851एनएक्स सीपी, 1107 एनएक्स डी और एसआर150बी शामिल हैं और ये सभी बीएस सीईवी-5 उत्सर्जन मानदंड के अनुरूप हैं। यह लॉन्च केस के प्रौद्योगिकी उत्कृष्टता पर विशेष ध्यान को दशार्ता है, जो वाइब्रेटरी कॉम्पैक्टर खंड में इसके नेतृत्व को और मजबूत करता है। केस ने अत्याधुनिक एफ28 इंजन का भी अनावरण किया, जिसे बीएस सीईवी-5 मानकों को पूरा करते हुए बेहतर प्रदर्शन और वहनीयता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह लॉन्च भारत में बनाने के लिए केस की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जो ऐसे उत्पाद पेश करता है जो न केवल पर्यावरण मानकों को पूरा करते हैं बल्कि बेहतर परिचालन दक्षता भी प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, मशीनें अधिकतम ऑपरेटर सुरक्षा और कार्यस्थल सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उन्नत सुरक्षा सुविधाओं के साथ आती हैं।

सीएनएच एपैक के निर्माण खंड के उपाध्यक्ष, एमरे कैरेज्ली ने कहा, भारत हमारे सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है, इस क्षेत्र के नवोन्मेष दुनिया भर में केस की सफलता के लिए उत्प्रेरक का काम कर रहे हैं। हम इस गतिशील और तेजी से विकसित हो रहे बाजार में अपनी उपस्थिति और साझेदारी को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केस इंडिया एवं सार्क के प्रबंध निदेशक, शलभ चतुर्वेदी ने कहा, हमारी 'मेड इन इंडिया' पहल हमारी रणनीति की आधारशिला है।

# भारत में MET सेक्टर के लिये विश्व स्तरीय प्रतिभाओं को तैयार करने के लक्ष्य पर अग्रसर है NAMTECH

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** NAMTECH (न्यू एज मेकर्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) ने 18 जनवरी 2025 शनिवार को गांधीनगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन एंड एग्जिबीशन सेंटर में अपने इंटरनेशनल प्रोफेशनल मास्टर्स प्रोग्राम मेन्यूफैक्चरिंग क्लास 2024 के पहले ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन किया, जिसमें संस्थान ने 53 छात्रों को पोस्ट ग्रेजुएट सर्टिफिकेट प्रदान किये।

इस आयोजन के साथ ही संस्थान ने पहली बार MET (मेन्यूफैक्चरिंग, इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी) एक्सपो की भी मेजबानी की। इस एक्सपो में शामिल आगंतुकों को विनिर्माण एवं इंजीनियरिंग के भविष्य की झलक दिखाने के लिये नवीन और अत्याधुनिक डिजिटल प्रौद्योगिकियों को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नेमटेक के भविष्य के लीविंग एंड लर्निंग कैंपस एलिमेंट एवं सक्षम प्लेटफॉर्म का प्रदर्शन करना था। एक्सपो का उद्येश्य NAMTECH के अत्याधुनिक उपकरणों के उपयोग को प्रदर्शित करते हुए उभरते प्रौद्योगिकियों के बारे में संवाद और उत्सुकता पैदा करना था। NAMTECH, अपने 'इनोवेशन स्कूलों' के माध्यम से उद्यमी सोच वाले युवाओं को 'कॉन्शियस टेक्नोलॉजिस्ट' बनने के लिये सशक्त बनाता है। यह टएळ में उच्च गुणवत्ता, उद्योग से जुड़ी व्यवहारिक लर्निंग प्रोग्राम की पेशकश के अलावा शेयरिंग टेक्नोलॉजी एवं वृहत सामाजिक आर्थिक बेहतरी के लिये नवाचारों को बढ़ावा देता है।

NAMTECH के 'कॉन्शियस टेक्नोलॉजिस्ट' बहुत सक्षम पेशेवर हैं जो भारत को ग्लोबल मैन्यूफैक्चरिंग पावरहाउस में बदलने के 'मेक इन इंडिया' दृष्टिकोण को आगे बढ़ाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, आज के समय में बढ़ती जटिलता मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल एवं दूसरे क्षेत्रों में अलग-अलग विशेषज्ञता की जगह विभिन्न विषय संबंधी दृष्टिकोण की मांग की बात करती है। NAMTECH की प्रमुख माइक्रोलर्निंग फैक्ट्रियां छात्रों को 1 साल के मास्टर कार्यक्रम के माध्यम से दुनिया की जटिल समस्याओं पर काम करने और डिजिटल प्रौद्योगिकियों में व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने में सक्षम बनाती हैं। ग्रेजुएशन समारोह और MET एक्सपो में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष और भारत के मंगलयान मिशन के आर्किटेक्ट डॉ. के. राधाकृष्णन ने शिरकत की।

# मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना अनाथ बच्चों के लिए बनी सहारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ: उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य)** अनाथ और जरूरतमंद बच्चों के लिए एक नई आशा लेकर आई है। अगस्त 2021 में शुरू की गई इस योजना से योगी सरकार बच्चों और किशोरों को सहायता प्रदान कर रही है, जिन्होंने कोरोना से इतर कारणों से अपने माता-पिता, किसी एक अभिभावक या संरक्षक को खो दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह योजना अनाथ बच्चों को न केवल आर्थिक सहायता प्रदान नहीं कर रही है, बल्कि बच्चों और युवाओं के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। योजना के तहत 18 वर्ष से




कम उम्र के बच्चों को हर माह पच्चीस सौ रुपये की आर्थिक सहायता दी जा रही है। यह सहायता उन बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही है, जिन्हें माता-पिता के निधन के बाद आजीविका के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। योगी सरकार ने इन बच्चों की आर्थिक और शैक्षिक आवश्यकताओं को समझते हुए इस योजना को लागू किया, जो अब लाखों बच्चों की मदद कर रही है। इस योजना का लाभ केवल 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों तक सीमित नहीं है। 18 से 23 वर्ष के ऐसे किशोर और युवा, जिन्होंने कक्षा 12 की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है और जो राजकीय डिग्री कॉलेज, विश्वविद्यालय या तकनीकी संस्थानों से स्नातक की डिग्री या डिप्लोमा प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें भी इस योजना के तहत सहायता दी जाती है। यह कदम न केवल युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित कर रहा है, बल्कि उनके भविष्य निर्माण में भी सहायक है। नीट, जेईई और क्लैट जैसी राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्रों को भी इस योजना के अंतर्गत विशेष सहायता प्रदान की जा रही है। इन छात्रों को 23 वर्ष की आयु पूरी होने तक या स्नातक शिक्षा अथवा मान्यता प्राप्त तकनीकी संस्थान से डिप्लोमा प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, योजना का लाभ दिया जाएगा। योगी सरकार की इस योजना ने पहले ही हजारों बच्चों और युवाओं की जिंदगी बदल दी है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित इस योजना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 29,029 बच्चों को इस योजना के तहत चिन्हित कर लाभान्वित किया गया है। ये आंकड़े बताते हैं कि योजना जमीनी स्तर पर कितनी प्रभावी और सफल रही है। इस योजना ने अनाथ बच्चों और युवाओं को आत्मनिर्भर बनने का रास्ता दिखाया है।

# टाटा हिताची की अत्याधुनिक मशीनों की भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एक्सपो 2025 में शानदार प्रदर्शनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली कंस्ट्रक्शन उद्योग** की अग्रणी कम्पनी टाटा हिताची ने बड़े स्वाभिमान से भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एक्सपो 2025 में भाग लेने की जानकारी दी है। कम्पनी का पैवेलियन इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होगा। इसमें इनोवेटिव मशीनरी और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन की शानदार रेंज पेश की जाएगी, जो इस उद्योग की नई-नई मांगें पूरी करने में सक्षम है।

इस लॉन्च के बारे में टाटा हिताची के प्रबंध निदेशक संदीप सिंह का कहना है -

हम कंस्ट्रक्शन सेक्टर में इनोवेशन और प्रगति की अटूट प्रतिबद्धता रखते हैं। भारत कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट एक्सपो 2025 हमारे लिए इसका प्रमाण देने का अद्वितीय मंच है। सीईवी-5 मानकों पर बनी हमारी मशीनों और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी सॉल्यूशनों की इस प्रदर्शनी के माध्यम से हमारा लक्ष्य हम से जुड़े व्यवसायों को अधिक सफल बनाने के लिए कारगर, सस्टेनेबल और विश्वसनीय साधन उपलब्ध कराना है।

सिंह ने टाटा हिताची की इस भागीदारी का दूरगामी महत्व बताते हुए कहा, हम भारत सीई एक्सपो 2025 में प्रस्तुत हो कर राष्ट्र निर्माण की हमारी प्रतिबद्धता दशाएँगे, जो आओ कर्तव्य निभाएं, चलो देश बनाएं के हमारे कार्य दर्शन में हमेशा से रही है। हमारा सपना उद्योग प्रमुखों और नागरिकों को एक साझा लक्ष्य से एकजुट करना है, जो इनोवेशन, जिम्मेदारी और स्वाभिमान के संग प्रगति का नया इतिहास रचना है।

# बदलाव चाहती है वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता: पूनम शर्मा

## ● अबकी बार आम आदमी पार्टी के झूठे व लुभावने वादों में नहीं आने वाली जनता : पूनम शर्मा






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा (भारद्वाज) ने वजीरपुर क्षेत्र के कई इलाको में जनसंपर्क किया। इस मौके पर स्थानीय लोगों ने पूनम शर्मा का स्वागत किया और जनता ने कहा कि पूनम शर्मा भारी मतों से विजयी होगी क्योंकि आम आदमी पार्टी ने हमें धोखा देने का कार्य किया है।

**भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा ने वजीरपुर क्षेत्र के कई इलाको में किया जनसंपर्क:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा ने वजीरपुर क्षेत्र के अशोक विहार-फेस-1, फेस-2, केशवपुरम, भारत नगर, सत्यवती कॉलोनी, शक्ति नगर एक्सटेंशन सहित कई इलाको में जनसंपर्क व बैठक की।
आपको बतादें कि पूनम शर्मा जहां पर भी जनसंपर्क व बैठक कर रही है, वहां पर पूनम शर्मा को जनता का अपार समर्थन मिल रहा है। क्योंकि वजीरपुर क्षेत्र की जनता बदलाव चाहती है।

**पूनम शर्मा को मिल रहा है जनता का अपार समर्थन:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा जहां पर भी जा रही है, जनता का उन्हें अपार स्नेह और आशीर्वाद मिल रहा है, जनता भाजपा के साथ है। क्योंकि आम आदमी पार्टी ने जनता को धोखा देने का कार्य किया है।

**आम आदमी पार्टी ने दिया जनता को धोखा:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा (भारद्वाज) ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने वजीरपुर क्षेत्र की जनता को धोखा देने का कार्य किया है, जो वादे आम आदमी पार्टी ने किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हुए है, जिसके चलते लोग परेशान हो रहे है।

**भाजपा के कार्यों से खुश है लोग:** प्रत्याशी पूनम शर्मा ने बताया कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। पीएम मोदी ने देश में विकास ही विकास करके दिखाया है। यही कारण है कि राजधानी दिल्ली के लोग भी भाजपा का शासन चाहते है। जिससे की दिल्ली में भी विकास हो सके।

**क्षेत्र का विकास करके दिखाऊंगी:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा ने कहा कि मैं आप सभी से वादा करती हूं कि मैं क्षेत्र का विकास करके दिखाऊंगी। जिससे की आपको बेहतर सुविधाएं मिलें।

**आप राज में गंदा पानी आने से लोग परेशान:** वजीरपुर क्षेत्र में गंदा पानी आने से लोग परेशान हो रहे है। लेकिन आम आदमी पार्टी ने इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया है। उन्होंने आगे बताया कि आज भी वजीरपुर क्षेत्र की जनता को बाजार से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है।

**वजीरपुर क्षेत्र के मुख्य रोड़ो का है बुरा हाल:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा ने बताया कि वजीरपुर क्षेत्र में मुख्य रोड़ो की हालात खस्ता है क्योंकि आप पार्टी ने यहां पर सड़को व यहां की समस्याओं पर ध्यान हीं नहीं दिया है। जिसके चलते यहां के मुख्य रोड़ो की हालत खस्ता है और जनता को परेशान होना पड़ रहा है।









## हमारी सरकार उत्तरकाशी के विकास के लिए प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून। भारतीय ज**नता पार्टी (भाजपा) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हमारी सरकार उत्तरकाशी के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए यहां पर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। ट्रिपल इंजन सरकार बनने के बाद उत्तरकाशी नगर पालिका क्षेत्र की जो भी समस्याएं हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को उत्तरकाशी नगर पालिका क्षेत्र से भाजपा के पालिकाध्यक्ष उम्मीदवार किशोर भट्ट और अन्य सभासद उम्मीदवारों के पक्ष में आयोजित रोड-शो में सम्मिलित हुए। इस



अवसर पर उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जगह-जगह मिल रहे जनसमर्थन से स्पष्ट है कि पूरे प्रदेश के सभी नगर निकाय में ट्रिपल इंजन की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश में शीतकालीन यात्रा की शुरूआत की है जो आने वाले समय में आर्थिकी का बहुत बड़ा साधन बनेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय प्रदेश में भर्तियों का कालखंड चल रहा है। पिछले तीन साल में 19 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी प्रदान की जा चुकी है। हमारी सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, बिजली, इंफ्रास्ट्रक्चर का समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है। पिछले दिनों सामने आए गोकशी के मामले में हमारी सरकार कठोतरम कार्रवाई सुनिश्चित कर रही है। प्रदेश की धार्मिक भावनाओं को आहत करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रदेश में धर्मांतरण, लैंड जिहाद, थूक जिहाद, दंगा के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर विधायक सुरेश चौहान, पुरोला के विधायक दुर्गेश्वर लाल, पूर्व विधायक विजयपाल सजवाण, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, भाजपा के जिलाध्यक्ष सतेंद्र राणा, उदयवीर चौहान मौजूद रहे।

## खेल अवस्थापनाओं के संरक्षण के लिए लेगेसी प्रोग्राम के तहत बनेगी नीति: रेखा

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि प्रदेश में खेल अवस्थापनाओं के विकास और उनके संरक्षण के लिए सरकार जल्द ही एक नीति तैयार करेगी। यह नीति लेगेसी प्रोग्राम के तहत बनाई जाएगी, जिसका उद्देश्य खेल सुविधाओं का संरक्षित रखरखाव और उनका सदुपयोग सुनिश्चित करना है। रेखा आर्या ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए पिछले सालों में जो खेल

**संरक्षण**

**▸▸ प्रदेश में खेल अवस्थापनाओं के विकास और उनके संरक्षण के लिए सरकार जल्द ही एक नीति तैयार करेगी**

सुविधाएं तैयार की गई हैं, वे उत्तराखंड को खेल अवस्थापना के मामले में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करती हैं। खेल मंत्री ने कहा कि इन सुविधाओं को सुरक्षित, संरक्षित और सुचारू रखने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। राष्ट्रीय खेलों की आयोजन के लिए विभिन्न जनपदों के आयोजन स्थलों पर जो भी निर्माण या सुंदरीकरण कार्य चल रहे हैं वह सभी अगले तीन से चार दिन के भीतर संपूर्ण हो जाएंगे। इनमें देहरादून, हरिद्वार, हल्द्वानी, अल्मोड़ा, रुद्रपुर आदि शहरों में होने वाले खेल आयोजनों स्थल शामिल है।

## कांग्रेस ने जारी किया 10 सूत्रीय चुनाव संकल्प पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**हरिद्वार।** कांग्रेस पार्टी ने नगर निगम चुनाव के लिए आज अपना 10 सूत्रीय संकल्प पत्र जारी किया। संकल्प पत्र जारी करते हुए कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हरिद्वार को कॉरिडोर, नशा, अपराध मुक्त, मेडिकल कॉलेज और जिला महिला अस्पताल के निजीकरण के विरोध का संकल्प लेकर चुनावी मैदान में है। हरिद्वार में कांग्रेस का बोर्ड निर्वाचित होने पर कांग्रेस की मेयर प्रत्याशी अमरेश देवी

**प्रशंसनीय** जांबाज अधिकारियों और कर्मचारियों ने जान पर खेलकर 30 लोगों को किया रेस्क्यू

## योगी सरकार द्वारा पहले से की गई तैयारी ने टाला बड़ा हादसा

**टीम एक्शन इंडिया**
**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ जैसे बड़े आयोजन को लेकर योगी सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर पहले से ही जो तैयारी की गई थी उसकी मदद से रविवार को बड़ा हादसा टालने में प्रशासन को बड़ी मदद मिली। खास तौर पर मेला क्षेत्र में अग्निशमन को लेकर जो तैयारियां की गईं थीं उन्होंने अहम रोल निभाया। अग्निशमन विभाग की 45 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और करीब 1.5 घंटे के अथक प्रयास के बाद आग को पूरी तरह बुझा लिया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। सबसे खास बात ये रही कि सूचना मिलते ही



फायर यूनिट्स मात्र 2 मिनट में घटनास्थल पर पहुंच गईं और राहत कार्य शुरू कर दिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

**30 लोगों को सुरक्षित निकला गया**

महाकुम्भ मेला के नोडल मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रमोद शर्मा ने बताया कि खाना बनाते समय गैस सिलेंडर से लगी आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप ले लिया। आग ने तेजी से घास-फूस की बनी झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया। मेला कंट्रोल रूम ने तुरंत आरटी सेट के माध्यम से फायर स्टेशन कोतवाली झूसी और अन्य फायर यूनिट्स को सतर्क किया। आग की भयावहता को देखकर पास के सभी फायर स्टेशनों से गाड़ियां मंगाई गईं। आग बुझाने के दौरान तीन सिलेंडर ब्लास्ट हुए। इसके बावजूद अग्निशमन विभाग के जांबाज कर्मियों ने जान की परवाह किए बिना करीब 25-30 लोगों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया।इसके साथ ही 200-300 अस्थायी पंडालों को पानी की बौछारें मारकर सुरक्षित रखा गया।

www.actionindialive.com
जब चाहें, जहां चाहें
ताजा खबरों से अपडेट रहें


H.O: Action Balaji House, Majlis Park,
Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033
B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road,
Samaypur Industrial Area, Delhi -110042
9999889104, 8447314925

# Lokesh lobbies for Swiss investments in pharma in AP

- Seeks support of Indian ambassador in Switzerland in this regard
- Explains the new industrial policy recently announced by CM and many attractive incentives besides favourable atmosphere and skilled workforce
- Indian ambassador in Switzerland promises to extend necessary cooperation in inviting the Swiss firms to set up their units in AP



HRD, IT and Electronics Minister Nara Lokesh along with Chief Minister N Chandrababu Naidu at a meeting with Indian ambassador in Switzerland Mrudul Kumar in Zurich on Monday. Civil aviation minister K Ram Mohan Naidu and state industries minister T G Bharath are also seen.

HANS NEWS SERVICE
VIJAYAWADA

MINISTER for education, IT and electronics Nara Lokesh sought the cooperation of the Indian ambassador in Switzerland, Mrudul Kumar, for setting up pharma companies in Andhra Pradesh.

Lokesh, along with the Chief Minister N Chandrababu Naidu, had a meeting with the Swiss ambassador at Hilton Hotel in Zurich. Mentioning that the pharma industry in Switzerland is worth over 100 billion dollars, Lokesh sought the co-operation of the Swiss envoy in setting up units by pharma giants like Novartis, Roche, Lonza and Alcon in Andhra Pradesh.

Over 27,300 Indians are now working for various engineering, IT and pharmaceutical, para-medical companies in Switzerland, Lokesh informed Mrudul Kumar, while observing that the atmosphere in Andhra Pradesh is very favourable for investments, according to a statement from the minister's office.

According to the statement, Lokesh informed the Swiss ambassador that Chief Minister Chandrababu Naidu recently announced new industrial policy and several investor-friendly schemes and the state government is extending very attractive incentives to companies in sectors like manufacturing, textile, missionary, hardware and electricals, rail component manufacturing, pharma and manufacturing medical equipment.

Informing the ambassador that the skills and the expertise of women too can be utilised to reduce the cost efficiency and technical skill gap, Lokesh sought the support and cooperation of Swiss for this purpose.

Mrudul Kumar said that over 350 Swiss companies like Nestle, Novartis and ST-MicroElectronics have set up their units in India providing 1.3 lakh jobs. Similarly, the India-based companies like TCS, Infosys, HCL and Mahindra along with some banking and insurance companies have their units in Switzerland, he said.

The Indian ambassador in Switzerland promised to extend necessary cooperation in inviting the Swiss companies to set up their units in Andhra Pradesh.

Union Minister Kinjerapu Ram Mohan Naidu, industries minister TG Bharath, CEO of Andhra Pradesh Economic Development Board (APEDB) Saikanth Sarma and others were present.

DEPUTY CM POST

# TDP directs party cadres to keep quiet

HANS NEWS SERVICE
VIJAYAWADA

UPSET over the uncalled for demand that Nara Lokesh be made the Deputy Chief Minister from some senior leaders, the Telugu Desam Party had cautioned the rank and file not to express their personal feelings from public platforms and give a colour as if the party wants it.

The party made it clear that all these issues were discussed before the elections between the alliance partners and the government was formed accordingly. But surprisingly, within three hours of the party's decision, Minister for Industries and Food Processing T G Bharath addressing the Telugu diaspora said Nara Lokesh was a dynamic leader and highly educated person. He said none among the 175 MLAs and 25 MPs is from Stanford and hence he is the future of the party and next CM.

It may be noted that the issue which was raised by a TDP leader at Mydukuru during Chief Minister Chandrababu Naidu's recent tour gained strength and party leaders started demanding the Deputy CM post for Lokesh. Pithapuram former MLA Varma openly demanded Dy CM post to Lokesh.

This has led to some disturbance in the Jana Sena circles who while exhibiting diplomacy said while they have no objection if Lokesh is elevated as Dy CM, they said that their desire was to see Pawan Kalyan as CM.

Such comments had led to all kinds of speculations that some differences were brewing between the TDP and Jana Sena. Hence, the TDP has reiterated on Monday evening that no one should speak about it.

# NEW PANCHAYAT CLUSTER GRADE SYSTEM IN OFFING



Deputy Chief Minister Pawan Kalyan with the officials of panchayat raj and rural development during review on cluster grade division of panchayat at his camp office in Mangalagiri on Monday

- Dy CM suggests suggested division of cluster grades based on the population also in addition to revenue in view of staff shortage at present
- Believes that there is a need for formulating new guidelines by undertaking massive changes in the village panchayat cluster system

HANS NEWS SERVICE
MANGALAGIRI

STRESSING on the need for ensuring uninterrupted services to the rural populace through village panchayats, Deputy Chief Minister Pawan Kalyan instructed the officials of the department to overcome the problem of staff shortage.

Pawan Kalyan was reviewing the existing cluster grade division of village panchayats at the camp office here on Monday. Principal secretary Sasibhushan Kumar, commissioner Krishna Teja and other officials also participated in the meeting.

The present system of cluster is based upon the revenue of the village panchayats. However, the Deputy Chief Minister suggested the division of the cluster grades based on on the population also. There is need to prepare new guidelines by undertaking massive changes in the village panchayat cluster system. The officials pointed out the problems of old cluster system in the appointment of the staff based on revenue and population. The meeting discussed the appointment of the staff based on the new cluster grades by coordinating the staff of the village panchayats and village secretariats.

It was concluded that there would be sufficient staff to provide infrastructure, implementation of welfare schemes, drinking water supply, maintenance of streetlights, internal roads and sanitation.

The Deputy Chief Minister suggested the formation of a committee to prepare recommendations after studying these problems.

The committee would be formed with four higher officials from panchayat raj department which would study the revenue of panchayats in all the 26 districts and population and submit a report to the government on Panchayat cluster grades.

# Despite measures, revenue-related issues remain high in RR Dist

## OFFICIALS TOLD TO ADDRESS ISSUES WITH SPEEDY DISPOSALS

ESA BIN ABDUL REHMAN
RANGAREDDY



DESPITE several moves aimed at addressing revenue-related issues by the government, the number of grievances pertaining to revenue has appeared not to be simmering down, especially in Ranga Reddy, the second fastest-growing district next to Hyderabad.

On Monday, the 'Prajavani' programme was held, as usual, in the collectorate at Kongarakalan. It was chaired by Collector N Narayan Reddy. The programme is organised every Monday with an aim to allow people a one-stop platform to address their grievances in the presence of officials from the line departments.

People from across the district are facilitated to submit their grievances at an appropriate window so as to get them addressed through a channel without any scope of pendency or overlapping.

According to officials, 87 grievances were submitted by the public; 38 pertained to the Revenue Department, followed by 10 of Public Administration and nine related to housing. A few grievances are submitted during Prajavani, held every Monday at the collectorate.

After collecting the grievances submitted, Reddy asked officials to ensure their speedy disposal and keep track of follow-ups, leaving no room for any pendency.

Later, the collector convened a coordination committee meeting with officials and urged them to give a wide range of publicity to the proposed gram sabhas scheduled from Tuesday.

"A helpline should be set up within the jurisdiction of concerned departments to disseminate appropriate information regarding the proposed programme to the local public of the wards in municipalities as well as in the gram panchayats.

Also, arrangements should be made to ensure proper coordination between the departments to avoid issues," he said. The DC wanted officials to work in coordination to organise the upcoming Republic Day celebrations as a fête.

# *Bharat Gaurav train commences first journey to Maha Kumbh from Sec'bad*

HANS NEWS SERVICE
HYDERABAD



THE 27th trip of the Bharat Gaurav covering the first Maha Kumbh Punya Kshetra Yatra has commenced its journey from Secunderabad railway station on Monday.

Tapan Chandra, aged 77, one of the passengers, flagged off the train, and this train will cover pilgrimage places of Varanasi, Prayagraj, and Ayodhya.

According to SCR officials, the Maha Kumbh Punya Kshetra Yatra for seven nights and eight days offers a unique opportunity for rail passengers of two Telugu States to have darshan of the famous Triveni Sangam at Prayagraj, Kashi Vishwanath Temple, Kashi Vishalakshi, and Annapurna Devi at Varanasi; Shri Ram Janma Bhoomi; and Hanuman Garhi at Ayodhya, while boarding and de-boarding facilities for the passengers at Bhongir, Jangaon, Kazipet, Warangal, Mahbubabad, Dornakal, Khammam, and Madhira in Telangana and Vijayawada, Eluru, Rajahmundry, Samalkot, Tuni, Duvvada, and Vizag (Pendurthi) and Vizianagaram in Andhra Pradesh.

IRCTC will also run a second Maha Kumbh Punya Kshetra Yatra Bharat Gaurav tourist train from February 15 to 21. The bookings have been opened, and interested passengers can either visit the IRCTC website: http://www.irctctourism.com or approach counter bookings by contacting the following numbers: Secunderabad: 040-27702407, 9701360701, 9281495845, 9281495843, 8287932228, 9281030740, 9281030749, 9281030711, and 9281030712.

Arun Kumar Jain, General Manager, SCR, stated that Bharat Gaurav trains are giving major fillips to the growth of spiritual tourism in the country and also appealed to rail users to utilise the opportunity to visit culturally prominent and historical places.



# Harish condemns farmers' arrest

HYDERABAD: Former minister and BRS party MLA T. Harish Rao on Monday strongly condemned the arrest of the farmers of Mylaram village of Balmoor Mandal of Nagarkurnool district. He said it was inhumane to suppress the voices of the leaders of public associations which are now fighting on behalf of the people after talking about public governance and restoration of democracy in the state.

Harish Rao made these comments in his tweet. "CM Revanth Reddy! Is this the so-called Praja Palana you mentioned. You are reminding us of the Emergency rule with fences, restrictions and arrests that you called Indiramma's kingdom. If such terrible conditions exist in your own district, you can understand how it is in the entire State," he said. He also questioned as to why the government was not paying attention to the villagers' concerns about illegal mining in Mylaram? Harish Rao wrote in his tweet that they were demanding the immediate release of the arrested leaders of public associations, including Professor Haragopal.

# TTD chief urges devotees in North to visit model temple at Maha Kumbh Mela

DUSI VENKATESWARA RAO
TIRUMALA

ALL devotees should take advantage of this opportunity as TTD has set up a model temple of Lord Venkateswara at Maha Kumbha Mela in Prayagraj, especially for the devotees of the North, said TTD chairman B R Naidu. Earlier, on his arrival at the temple on Monday morning, Hindu Dharma Prachara Parishad (HDPP) secretary Sriram Raghunath and Deputy EO Guna Bhushan Reddy welcomed him. After darshan, thirtha prasadams were given to him. Later, under the supervision of Venugopala Deekshitulu, one of the chief priests of Srivari temple, Chaturveda Havanam and puja were performed.

Speaking on the occasion, the chairman said that he was happy to set up a model temple of Srivaru in the Maha Kumbh Mela which is held for 45 days from January 13 to February 26 from Sankranti to Sivaratri. He also said 250 staff have been deputed to Prayagraj and congratulated the officials of HDPP for making elaborate arrangements for Dharmic propagation in the North. He requested devotees of the North to take advantage of this by visiting the Srivari temple and get His divine blessings

Hans India Classifieds

CHANGE OF NAME

I, SHIVANI PRASHAD SAXENA holder of Indian Passport No: Y2208198 issued at DUBAI on 12/06/2024 and Permanent Resident of A 106 UNESCO APPTS PLOT NO 55 IP EXTN PATPARGANJ DELHI PIN 110092 DELHI INDIA and presently residing at 423 AL YASMEEN BLDG HOR AL ANZ DUBAI UAE do hereby change my name from SHIVANI PRASHAD SAXENA to SHIVANI (Given name) PRASAD (Surname) with immediate effect

(TH_TK CHARY)

KATI PATANG LIFESTYLE LIMITED
(FORMERLY KNOWN AS
VIRTUALSOFT SYSTEMS LTD.
Regd. Off. : S-101, Panchsheel Park, New Delhi-17

NOTICE

Notice is hereby given that the 2ndEGM (Extra Ordinary General Meeting) financial year 2024-25 of the Company Kati Patang Lifestyle Limited (formerly known as VirtualSoft Systems Limited) is scheduled to be held on 11th February, 2025, Tuesday at 11.00 a.m. through Video Conference or Other Audio-Visual Means (OAVM). In compliance with general circular dated January, 13 2021 read with circulars dated April 8, 2020, April, 13 2020 andMay 5, 2020 and all other applicable laws and circulars issued by the Ministry of Corporate Affairs (MCA), Government of India and Securities and Exchange Board of India (SEBI), to transact the businesses as set out in the Notice.

As per aforesaid circulars, the Notice of EGM along with the Notes has to be sent only by electronic mode to those Members whose E-mail Id are already registered with the Company/ Depositaries. The Company is also providing e-voting and remote e-voting facility to all its members similar to earlier practices.

If your email ID is already registered with the Company/ Depositary, Notice of EGM along with notes and login details for e-voting shall be sent to your registered email address. In case you have not registered your email ID with the Company/ Depositary, please follow below instructions to register your email ID

| | |
|---|---|
| Physical Holding | Send a request to Registrar and Share Transfer Agent of the Company, MAS Services Limited at info@masserv.com providing Folio number, Name of the shareholder, scanned copy of the share certificate (Front and Back), PAN (self-attested scanned copy of PAN Card), AADHAR (self-attested scanned copy of Aadhar Card) for registering email address. |
| Demat Holding | Please contact your Depositary Participant (DP) and register your email address as per the process advised by DP. |

The Notice of EGM and notes will also be available on Company's website at http://virtsoft.com/ and also on the Stock Exchanges websites at www.bseindia.com Members attending the meeting through VC/ OAVM shall be counted for the purpose of Quorum under Section 103 of the Companies Act, 2013.

Place: Delhi
Date: 20.01.2025

For Kati Patang Lifestyle Limited
Sd/-
(Mukta Ahuja)
Company Secretary& Compliance Officer